

" खुश रहने का बस एक ही मंत्र है, उम्मीद बस खुद से रखो किसी और इंसान से नहीं। "

दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी

मन पसंद व्यक्ति की संगत में रहिए, उससे भी इम्यूनिटी बढ़ती है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, वीरवार, 23 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्ष: द्वितीया/तृतीया विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 292 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज ब्रीफ

### आईपीएस पूरन कुमार की अंतिम अरदास 26 को

**चंडीगढ़।** बीती सात अटूबर को चंडीगढ़ के सेटर-11 में आत्महत्या करने वाले हरियाणा के पूर्व आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की शोक सभा व अंतिम अरदास तय हो गई है। 51 सदस्यों की समिति ने बुधवार को इस संबंध में कार्यक्रम जारी करते हुए ऐलान किया कि 26 अटूबर को नाडा साहिब गुरुद्वारा में इस शोक सभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर परिवार ने भी अपनी सहमति दे दी है। पहले शनिवार को 51 सदस्यीय कमेटी ने इस मुद्दे पर एक मीटिंग की थी, लेकिन परिवार की सहमति के कारण कोई डेट फाइनल नहीं हो पाई थी। रोहतक में सुनारिया स्थित पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में तैनात आईपीएस वाई पूरन कुमार ने 7 अटूबर को चंडीगढ़ के सेटर-11 स्थित अपने आवास पर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया था।

### वन क्षेत्र में भारत विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर।** भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और कुल वन क्षेत्र के मामले में देश विश्व स्तर पर 9वें स्थान पर पहुंच गया है। इंडोनेशिया के बाली में खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के जारी वैश्विक वन संसाधन आकलन (जीएफआरए), 2025 के अनुसार भारत ने वन क्षेत्र के मामले में यह अहम मुकाम हासिल किया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में इस प्रगति का ब्योरा साझा किया। यादव ने कहा, यह सभी भारतीयों के लिए खुशी का एक कारण है। पिछले आकलन में, भारत दसवें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि देश ने वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में भी विश्व स्तर पर अपना तीसरा स्थान बनाये रखा है, जो सतत वन प्रबंधन और पारिस्थितिकीय संतुलन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।




# 2020 के बाद सोना और चांदी में सबसे बड़ी गिरावट, पहले खरीदने वालों की धड़कनें बढ़ीं

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली, 22 दिसंबर।** पिछले कुछ महीनों में रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोने व चांदी की कीमतों में अचानक आई बड़ी गिरावट ने जहां निवेशकों को चौंका दिया है, वहीं पर जिन्होंने हाल ही में महंगे दाम पर सोना-चांदी में निवेश किया था, उनकी धड़कनें अब तेज हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार 2020 के बाद यह सबसे तेज एकदिवसीय गिरावट रही, जिसने बाजार के सेंटीमेंट को हिला दिया। बुधवार को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमतों में 3,700 रुपए से अधिक और चांदी की कीमतों में करीब 10,600 रुपए प्रति किलो की गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत घटकर 1,23,907 रुपए हो गई है। इससे पहले सोने की कीमत 1,27,633 रुपए प्रति 10 ग्राम थी, जो सोने की कीमतों में 3,726 रुपए की कमी को दर्शाता है।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत कम होकर 1,13,499 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,16,912 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम कम होकर 92,930 रुपए हो गया है, जो कि पहले 95,725 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है। चांदी की कीमत 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। दीपावली की छुट्टी के चलते मंगलवार बुलियन बाजार बंद रहा था। इसे पहले आखिरी बार कीमतें सोमवार को जारी की गई थीं।

वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 5.21 प्रतिशत कम होकर 1,21,590 रुपए हो गई है। चांदी के 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 3.09 प्रतिशत कम होकर 1,45,680 रुपए हो गई है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी में बड़ी गिरावट देखी जा रही है।

#### अमेरिका-चीन रिश्तों में सुधार से बदला माहौल

हाल ही में अमेरिका और चीन के बीच रिश्तों में नरमी के संकेत मिले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ होने वाली मुलाकात को लेकर फेयर डील की उमीद जताई है। इस खबर के बाद जियो-पोलिटिकल टेंशन घटने से निवेशकों ने सोने में हुई जबरदस्त बढ़त पर मुनाफा वसूली शुरू कर दी। नतीजा यह हुआ कि मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 5 प्रतिशत तक गिर गई।

# चंडीगढ़ जेल में भुल्लर से मिले पूर्व डीजीपी पिता, नम आंखों से बढ़ाया बेटे का हौसला

## बोले- सत्य की जीत होती है, परिवार के किसी और सदस्य ने नहीं की मुलाकात

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार पंजाब पुलिस के रूपनगर रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर से मिलने उनके पिता महल सिंह भुल्लर चंडीगढ़ की बुड़ैल जेल पहुंचे। इस दौरान उनकी आंखें नम थीं। अभी तक परिवार के किसी और सदस्य के मिलने की जानकारी नहीं मिली है। इस दौरान महल सिंह ने बेटे का हौसला बढ़ाते हुए कहा – बेटा, घबराने की जरूरत नहीं है, जीत हमेशा सच की होती है। पिता को सुनने में थोड़ी तकलीफ है, जिससे हरचरण सिंह भुल्लर को अपनी बात दोहरानी पड़ रही थी।

बता दें कि जब सीबीआई ने भुल्लर को चंडीगढ़ कोर्ट में पेश किया था, तब उन्होंने कहा था कि वे अपनी बात कोर्ट में रखेंगे। जिस केस में उन्हें पकड़ा गया है, उसकी जांच उनके पास थी ही नहीं।

#### बैरक नंबर 7 में गुजार रहे ज्यादा समय

16 अतूबर 2025 को सीबीआई ने डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को 5 लाख रुपये रिश्वत लेते गिरतार किया था। इसके बाद उन्हें चंडीगढ़ की सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां सीबीआई ने उनका पुलिस रिमांड नहीं मांगा, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में बुड़ैल जेल भेज दिया गया। वहां उन्हें बैरक नंबर 7 में रखा गया है। पता चला है कि वे अपने बैरक से बाहर नहीं निकलते, लेकिन जेल में जो खाना दिया जा रहा है, उसे वे खा रहे हैं।

#### बिक्रम मजीठिया से पूछताछ में शामिल थे भुल्लर

शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया पर दर्ज नशा तस्करी केस की जांच में भी हरचरण सिंह भुल्लर शामिल था। जब भुल्लर को पटियाला रेंज का डीआईजी लगाया गया था, तब भुल्लर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (स्ङ्ग्ज) की अगुआई की थी और मजीठिया से पूछताछ भी की थी। हालांकि, बाद में भुल्लर को स्ङ्ग्ज से हटा दिया गया।

# एनडीए को जीताने के लिए बिहार मूल के लोगों में जबरदस्त उत्साह : मोहन लाल

### बिहार में एनडीए की जीत के लिए हरियाणा भाजपा ने झोंकी ताकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 अक्टूबर।** बिहार में एनडीए गठबंधन को जीत दिलाने के लिए हरियाणा भारतीय जनता पार्टी भी पूरा जोर लगा रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली के नेतृत्व में भाजपा की पूरी टीम इस पर लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली के मुताबिक हरियाणा में रह रहे मूल रूप से बिहार निवासी एक लाख लोगों से संपर्क कर उनसे मीटिंग की जा चुकी है। बड़ौली के अनुसार बिहार के इन सभी लोगों में बिहार चुनाव में एनडीए को वोट करने के लिए उत्साह है। बुधवार को चंडीगढ़ में सभी प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, प्रभारियों, मोर्चा पदाधिकारियों और बिहार मूल के कार्यकर्ताओं की बैठक मुख्यमंत्री आवास पर बुलाया गई। मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता आदि की उपस्थिति में बिहार चुनाव और आने वाले दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

#### बिहार चुनाव में इन भाजपा नेताओं की लगी ड्यूटी

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर, ब?खल के विधायक धनेश अदलखा, गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक सतीश फगाना, पूर्व मंत्री असीम गोयल, पूर्व मंत्री जेपी दलाल और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता आदि नेता चुनाव प्रचार के लिए बिहार में हैं।

# छठ पूजा पर हरियाणा से बिहार तक चलेंगी एसी बसें : अनिल विज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 22 अक्टूबर।** छठ पूजा के पावन अवसर पर बिहार के लोगों की सुविधा के लिए हरियाणा सरकार ने बिहार के बेगूसराय, पूर्णिया, मधुबनी पटना और गया के लिए विशेष एसी बस सेवायें शुरू की हैं।

राज्य के परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि बिहार सरकार से पत्र प्राप्त हुआ था कि हरियाणा में कार्यरत बिहारवासी छठ पूजा पर बड़ी संख्या में अपने गृह राज्य जाना चाहते हैं। इस मांग को ध्यान में रखते हुए हरियाणा से बिहार के लिए विशेष बसें चलायी गयी हैं।

मंत्री विज ने कहा कि हरियाणा से बिहार का रूट लंबा होने के कारण यात्रियों की सुविधा के लिए एसी बसें चलायी गयी हैं, ताकि उन्हें यात्रा के दौरान आराम और सुरक्षा मिल सके। सरकार का उद्देश्य है कि सभी यात्रियों को सुरक्षित और समय पर अपने परिवारों के साथ छठ पर्व मना सकें।

# पंजाब में पराली को आग लगाने की घटनाओं में चार गुना कमी आई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अक्टूबर।** नागरिक प्रशासन और पंजाब पुलिस द्वारा पराली जलाने से रोकने के लिए किये गये निरंतर और कठोर प्रयासों के परिणाम स्वरूप राज्य में पिछले दो वर्षों की अवधि की तुलना में इस वर्ष पराली जलाने के मामलों में लगभग चार गुना कमी देखी गयी है।

विशेष पुलिस महानिदेशक अर्पित शुक्ला ने बुधवार को कहा कि राज्य में पराली जलाने की समस्या को रोकने के लिए पुलिस टीमें नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर अथक प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर से 21 अक्टूबर तक संकलित आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में 2025 में खेतों में आग लगने की मात्र 415 घटनायें दर्ज की गयी हैं।

गौरतलब है कि पराली जलाने के मामलों को शून्य तक लाने के लिए उच्चतम न्यायालय और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्देशों का पालन करते हुए श्री यादव और विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला व्यक्तिगत रूप से पराली जलाने के खिलाफ कार्रवाई की निगरानी कर रहे हैं।






**गौरव के पल** लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का प्रतीक : रक्षा मंत्री

# नीरज चोपड़ा बने लेफ्टिनेंट कर्नल, रक्षा मंत्री राजनाथ ने किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बुधवार को भारतीय सेना की टेरिटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में नीरज को यह सम्मान चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा दृढ़ संकल्प, देशभक्ति और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने अपने अनुशासन और समर्पण से न केवल खेल जगत में, बल्कि पूरे देश में प्रेरणा का स्रोत बनने का काम किया है। रक्षा मंत्री ने नीरज चोपड़ा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि नीरज ने मैदान में जो अनुशासन और निष्ठा दिखाई, वही भावना उन्हें सेना के आदर्शों से जोड़ती है। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सच्चे प्रेरणास्रोत हैं।

#### 2016 में राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट में शामिल हुए थे

नीरज चोपड़ा को वर्ष 2016 में भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट में शामिल किया गया था। हरियाणा के पानीपत जिले के खांदरा गांव में 24 दिसंबर 1997 को जन्मे नीरज ने अपने प्रदर्शन से न केवल भारत को, बल्कि भारतीय सेना को भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने 2020 के टोयो ओलंपिक में इतिहास रचते हुए ट्रैक एंड फील्ड में भारत का पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने 2024 के पेरिस ओलंपिक में रजत पदक और 2023 की वर्ल्ड एथलेटिस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा, नीरज ने एशियाई खेलों, कॉमनवेल्थ गेस और डायमंड लीग में भी कई स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने हाल ही में 90.23 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो (2025) कर भारतीय एथलेटिस इतिहास में नया मील का पत्थर स्थापित किया। नीरज की उत्कृष्ट उपलधियों और राष्ट्र सेवा के प्रति उनके योगदान के समान में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें 16 अप्रैल 2025 को टेरिटोरियल आर्मी में मानद कमीशन प्रदान किया था। नीरज को पहले भी कई प्रतिष्ठित समान मिल चुके हैं, जिनमें पद्म श्री, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, परम विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। कार्यक्रम में थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना व टेरिटोरियल आर्मी के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# तस्करी मॉड्यूल से जुड़े चार व्यक्ति 4 अत्याधुनिक पिस्तौलों सहित गिरफ्तार

गिरफ्तार किये आरोपी पाक-आधारित तस्कर के निर्देशों पर काम कर रहे थे: डीजीपी गौरव यादव

मुख्य आरोपी जुगराज सिंह पहले भी जून 2025 में नशों संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया था: एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर मान




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 22 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई गई मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने चार मुख्य गुर्गों को गिरफ्तार कर सीमा पार से चल रहे तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस दौरान उनके कब्जे में से चार आधुनिक .30 बोर स्टार मार्क पिस्तौलों के साथ-साथ गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने यहां दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान तरनतारन के जुगराज सिंह उर्फ चिरी निवासी गांव भगवाणपुरा, कुलबीर सिंह उर्फ नन्नू उर्फ कालू निवासी गांव दलीरी, अरशदीप सिंह निवासी गांव दलीरी और नछत्तर सिंह निवासी गांव दयालपुर के रूप में हुई है। यह कार्रवाई, एसएसओसी अमृतसर द्वारा पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार ग्लॉक पिस्तौल और 2 किलो हेरोइन बरामद कर इसी प्रकार के एक तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किए जाने के उपरांत सामने आई है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान-आधारित तस्कर के निर्देशों पर काम कर रहे थे, जो ड्रोन के माध्यम से सीमा पार से हथियारों की आपूर्ति की व्यवस्था कर रहा था। उन्होंने बताया कि इस मामले में और भी संबंधों का पता लगाने के लिए आगे जांच जारी है ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर इसे पूरी तरह खत्म किया जा सके।

एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने कार्रवाई संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि कुछ व्यक्तियों द्वारा हथियारों की खेप प्राप्त किए जाने संबंधी पुख्ता सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसएसओसी अमृतसर की पुलिस टीमों ने चारों संदिग्धों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### मुख्य आरोपी जुगराज सिंह को पहले भी जून 2025 में नशा संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया था

एआईजी ने कहा कि यह भी पता लगा है कि मुख्य आरोपी जुगराज सिंह को पहले भी जून 2025 में नशा संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया था और उसने लगभग दो महीने जेल में बिताए थे। उन्होंने आगे कहा कि गिरफ्तार व्यक्तियों को कानूनी कार्रवाई के अनुसार अदालत में पेश किया जाएगा। इस संबंध में थाना एसएसओसी अमृतसर में आर्म्स एक्ट की धारा 25 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61(2) के तहत एफआईआर नंबर 62 दिनांक 21.10.2025 को केस दर्ज किया गया है।

# पंजाब कैबिनेट मंत्रियों ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व समारोहों के लिए असम के मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़/गुवाहाटी, 22 अक्टूबर।** पंजाब सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने, जिसकी अगुवाई वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक कर रहे थे, आज गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात कर उन्हें श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित समारोहों के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया।

इस उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान राष्ट्रीय एकता की भावना पर जोर दिया गया और नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी, जिन्हें धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए उनके महान बलिदान के कारण 'हिंद दी चादर' कहा जाता है, के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया गया। कैबिनेट मंत्रियों एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा और लाल चंद कटारूचक ने मुख्यमंत्री सरमा को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण पत्र सौंपा, जिसमें पंजाब सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे भव्य स्मृति समारोहों की रूपरेखा बताई गई। ये आयोजन उन विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों पर होंगे जो गुरु जी के जीवन, उपदेशों और उनके अनुपम बलिदान से जुड़े हैं।

इस अवसर पर वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत के सार्वभौमिक महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का बलिदान धार्मिक सीमाओं से परे है। यह मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा है। उन्होंने आगे कहा कि गुरु साहिब के सार्वभौमिकता और वीरता के संदेश के प्रसार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सरमा को आमंत्रित करने का मुख्य मकसद यह सुनिश्चित करना है कि यह ऐतिहासिक अवसर राष्ट्रीय एकता और भाईचारे के साथ मनाया जाए। इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक ने विभिन्न राज्यों के बीच साझा आध्यात्मिक संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि असम के लोग भी सिख गुरुओं के प्रति गहरा सम्मान रखते हैं, और हमारा मानना है कि मुख्यमंत्री सरमा की उपस्थिति पंजाब और असम के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करेगी।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पंजाब के प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत किया और श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने मंत्रियों को आश्वस्त किया कि असम सरकार भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत में गुरु साहिब के स्मरणीय योगदान का सम्मान करती है। निमंत्रण स्वीकार करते हुए, मुख्यमंत्री सरमा ने इन स्मृति समारोहों की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं और कहा कि उनकी सरकार इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए सभी संभावनाओं का पता लगाएगी, क्योंकि गुरु साहिब राष्ट्रीय चेतना में एक विशेष स्थान रखते हैं।

### श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस

# 25 अक्टूबर को पंजाब के मुख्यमंत्री, सभी कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में होंगे नतमस्तक: सौंद

गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास के साथ शुरू होंगे श्रृंखलाबद्ध समागम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** पंजाब के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को बड़े स्तर पर मनाने के लिए राज्यभर में श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इन कार्यक्रमों की शुरुआत 25 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास के साथ की जाएगी। उन्होंने बताया कि नौवें पातशाह के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित आयोजनों की शुरुआत के अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, कैबिनेट के सभी मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में मत्था टेकेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के शहीदी स्थलों पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

सौंद ने आगे बताया कि 25 अक्टूबर की शाम गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा और गुरु साहिब के जीवन, उपदेशों एवं दर्शन को लोगों तक पहुँचाने के लिए पूरे महीने भर बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर पंजाब सरकार द्वारा खालसा की पवित्र भूमि श्री आनंदपुर साहिब के कायाकल्प के लिए बड़े कार्य शुरू किए गए हैं और हाल ही में भाई जैता जी की स्मृति में इतिहास को मूर्त रूप देने वाली पाँच गैलरियाँ मानवता को समर्पित की गई हैं। इस स्मारक का कुल क्षेत्र 5 एकड़ है, जिसमें से लगभग 2 एकड़ क्षेत्र आच्छादित(कवर्ड) है और निर्माण(कंस्ट्रक्शन) क्षेत्र लगभग 3200 वर्ग फुट है।

उन्होंने आगे कहा कि शहीदी दिवस से जुड़े कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में 19 नवंबर से 22 नवंबर तक 4 नगर कीर्तन सजाए जाएँगे, जिनकी शुरुआत श्रीनगर से होगी।

### कैबिनेट मंत्री सौंद ने लोगों से भगवान विश्वकर्मा जी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की

# 'धरती पर शिल्पकला और इंजीनियरिंग के संस्थापक हैं भगवान विश्वकर्मा जी': सौंद

लुधियाना में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान विश्वकर्मा दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

मंत्री सौंद ने मंदिर के लिए 10 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना



**लुधियाना, 22 अक्तूबर।** कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बुधवार को कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी को धरती पर शिल्पकला, वास्तुकला और इंजीनियरिंग के सृजन का जनक माना जाता है। विश्वकर्मा दिवस मनाने के लिए लुधियाना स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए सौंद ने कहा कि वैश्विक औद्योगिक और बुनियादी ढांचे का विकास भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद का परिणाम है।

मंत्री ने आगे बताया कि पंजाब सरकार राज्यभर के युवाओं के लिए कौशल विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है, ताकि उन्हें भगवान विश्वकर्मा के सिद्धांतों और शिक्षाओं के अनुरूप सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जीने योग्य बनाया जा सके। भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड के सर्वोच्च शिल्पकार के रूप में सम्मानित किया जाता है, जिन्हें औद्योगिक प्रक्रियाओं में प्रयुक्त की जाने वाली सभी मशीनरी और उपकरणों के स्वामी के रूप में जाना जाता है।

लोगों को भगवान विश्वकर्मा की शिक्षाओं का पालन करने के लिए प्रेरित करते हुए सौंद ने कहा कि राज्यभर में कौशल विकास को बढ़ावा देना भगवान विश्वकर्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंत्री ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सरकार की परिवर्तनकारी पहलों का भी उल्लेख किया, जो सभी के लिए सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं को 55,000 सरकारी नौकरियां पारदर्शी तरीके से दी गई हैं, 90 प्रतिशत निवासियों के बिजली बिल शून्य हैं और राज्य के सभी 13,246 गांवों को अगले छह महीनों में 3,100 उच्च स्तरीय खेल मैदानों तक पहुंच मिल जाएगी।

सौंद ने राष्ट्रीय सुरक्षा में पंजाब के महत्वपूर्ण योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की आबादी का केवल 1.5 प्रतिशत होने के बावजूद, देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने में पंजाब अग्रणी रहा है। इसके साथ ही उन्होंने नशा विरोधी अभियान ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ की सफलता पर भी प्रकाश डाला।

विधायक अशोक पराशर पप्पी, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, विधायक मदन लाल बग्गा और मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने भी विश्वकर्मा दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। मंदिर समिति के प्रधान रंजीत कुमार सल्ह ने राज्य सरकार से अपील की कि मंदिर की इमारत के लंबित सिविल कार्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक धनराशि जारी की जाए। इस पर मंत्री सौंद ने मंदिर के लिए 10 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की और लंबित सिविल कार्यों को पूरा करने में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भी वितरित कीं।

### इन्हें किया गया सम्मानित

इस अवसर पर मंत्री ने चरणजीत सिंह विश्वकर्मा, इंदरजीत सिंह सोहल, अमरजीत सिंह, राजिंदर सिंह सरहाली, रंजीत सिंह मथारू, अशोक कांडा, सुरजीत कांडा, सुरजीत सिंह, करण अरोड़ा, एडवोकेट मनरीत सिंह नागरा और अन्य कई प्रमुख उद्योगपतियों को सम्मानित भी किया।

# अब तक 4.32 लाख से अधिक किसानों को एमएसपी का लाभ मिला

पटियाला रहा अव्वल और बाढ़ की मार झेल रहा तरनतारन दूसरे स्थान पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अक्टूबर।** धान के खरीद सीज़न को सुचारू बनाने के लिए कोई कसर बाकी न छोड़ते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा अपनाई गई सक्रिय पहल के चलते 21 अक्टूबर तक 4,32,458 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) का लाभ मिला है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री लाल चंद कटारूचक्क के नेतृत्व में खरीद, लिफ्टिंग और भुगतान पूरी तेजी से जारी हैं। अब तक 57,546 किसानों को एम.एस.पी. का लाभ मिलने के साथ पटियाला ज़िला सबसे आगे है। वहीं, बाढ़ से प्रभावित तरनतारन में 38,578 किसानों को लाभ मिलने के साथ यह दूसरे स्थान पर है और फिरोजपुर 35,501 किसानों के साथ तीसरे स्थान पर है।

उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर शाम तक राज्यभर की मंडियों में कुल 58,40,618.72 मीट्रिक टन धान की आमद हुई है। इनमें से 56,04,976.76 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है और इस तरह यह आंकड़ा 95 प्रतिशत बनता है। गौरतलब है कि अब तक 39,85,173.28 मीट्रिक टन धान की लिफ्टिंग हो चुकी है, जो कुल खरीदी गई फसल का लगभग 71 प्रतिशत है।

# पिछले दो वर्षों की तुलना में पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में आई 4 गुना कमी

पंजाब में वर्ष 2024 में 1,510 और वर्ष 2023 में 1,764 मामलों के मुकाबले वर्ष 2025 में पराली जलाने के 415 मामले दर्ज किए गए

डीजीपी पंजाब गौरव यादव राज्य में पराली जलाने की स्थिति की समीक्षा हेतु रेंज अधिकारियों, सीपी/एसएसपीज़ और एसएचओज़ के साथ कर रहे हैं बैठकें

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अक्टूबर।** राज्य में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सिविल प्रशासन और पंजाब पुलिस द्वारा किए जा रहे लगातार और सक्रिय प्रयासों के सकारात्मक परिणामस्वरूप, इस वर्ष पंजाब में पिछले दो वर्षों की तुलना में खेतों में पराली जलाने की घटनाओं में लगभग चार गुना कमी दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 15 सितंबर से 21 अक्टूबर 2025 तक, पंजाब में केवल 415 पराली जलाने के मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि वर्ष 2024 और 2023 में क्रमशः 1,510 और 1,764 मामले दर्ज हुए थे, जो इस वर्ष पराली जलाने की घटनाओं में चौंकाने वाली गिरावट को दर्शाते हैं।

उल्लेखनीय है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सी.ए.क्यू.एम.) के पराली जलाने के मामलों को शून्य तक लाने के निर्देशों की पालना करते हुए, पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव और विशेष डीजीपी (कानून-व्यवस्था) अर्पित शुक्ला स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। डीजीपी पंजाब राज्य में पराली जलाने की घटनाओं की दैनिक समीक्षा के लिए सभी वरिष्ठ अधिकारियों, रेंज अधिकारियों, सीपीज़/एसएसपीज़ और थाना प्रभारी (एसएचओज) के साथ बैठकें कर रहे हैं।

विशेष डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा कि सिविल प्रशासन के साथ मिलकर पुलिस टीमें राज्यभर में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर निरंतर प्रयास कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि डीसी/एसएसपीज़ और एसडीएम/डीएसपी उन गांवों में संयुक्त दौरे कर रहे हैं जिन्हें पराली जलाने के हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। इसके अलावा, जिला और उपमंडल स्तर पर किसानों और किसान यूनियनों के साथ जागरूकता बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं।

पिछले कुछ दिनों में डिप्टी कमिश्नरों/एसएसपी द्वारा 251 संयुक्त दौरे और एसडीएम/डीएसपी द्वारा 790 संयुक्त दौरे किए गए। इन दौरों के दौरान 2,381 जन-जागरूकता बैठकों और 1,769 किसान बैठकों का आयोजन किया गया। साथ ही, पुलिस स्टेशन स्तर पर 'पराली प्रोटेक्शन फोर्स' का गठन भी किया गया है, जो किसानों को फसल अवशेष जलाने के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ सतर्कता भी बनाए हुए है।

विशेष डीजीपी ने बताया कि पराली जलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है। अब तक, पंजाब रिमोट सेंसिंग सेंटर (पीएसआरसी) द्वारा 415 खेतों में आग लगने की पुष्टि की गई है और संयुक्त टीमों को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने 172 मामलों में एफआईआर दर्ज, 189 मामलों में जुर्माना किया गया है और 165 किसानों के राजस्व रिकॉर्ड में लाल प्रविष्टियां (रैड एंट्रियां) की गई हैं।

# पंजाब में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, तीन डिप्टी कमिश्नरों सहित छह आईएएस अफसरों का ट्रांसफर

अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट के डीसी बदले

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** दीवाली के दो रोज बाद ही पंजाब सरकार ने तीन डिप्टी कमिश्नरों सहित छह आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया है। बदले गए डीसी में अमृतसर, गुरदासपुर और पठानकोट के डीसी शामिल हैं। ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथारिटी के मुख्य प्रशासक विशेष सारंगल को भी बदल दिया गया है ।उन्हें विशेष सचिव व डायरेक्टर सुशासन, सूचना व तकनीक विभाग लगाया गया है। वह पंजाब राज्य ई-शासन सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी होंगे। अमृतसर की डीसी साक्षी साहनी जिन्होंने बाढ़ के दिनों में अमृतसर इलाके में काफी काम किया था अब गमाडा की नई मुख्य प्रशासक होंगी।


आदित्य उप्पल गुरदासपुर के नए डीसी होंगे। पलवी पठानकोट की नई डीसी होंगी औरसाथ ही पठानकोट नगर निगम की कमिश्नर का चार्ज भी उनके पास रहेगा। दलविंदर जीत सिंह अमृतसर के नए डीसी होंगे। हरप्रीत सिंह को अतिरिक्त सचिव वाटर सप्लाई व सेनिटेशन विभाग और जलापूर्ति व सेनिटेशन विभाग च बिजली विभाग के अतिरिक्त सचिव का चार्ज दिया गया है।

# त्योहारों की आड़ में डेराबस्सी में धड़ल्ले से हो रही है अवैध माइनिंग

दीवाली पर दिन-रात चली रेत और बजरी की चोरी

माइनिंग विभाग गहरी नींद में सोया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेराबस्सी, 22 अक्टूबर।** यहाँ से गुजरने वाली घग्गर नदी के आसपास के इलाकों में अवैध माइनिंग जोरों पर चल रही है। बीते दिनों दीवाली और अन्य त्योहारों की आड़ में माइनिंग माफिया ने जमकर रेत, ग्रेवल और मिट्टी की चोरी कर मोटी कमाई की, जबकि प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। रोजाना सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है, परंतु माइनिंग विभाग के अधिकारी 'कुंभकर्णी नींद' में सोए हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस साल मानसून के दौरान पंजाब और पास के हिमाचल प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश हुई, जिससे राज्य में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। किसानों और आम जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन दूसरी ओर, पहाड़ों से बहकर आई अतिरिक्त रेत और ग्रेवल ने नदियों में भंडार बढ़ा दिया। इसका फायदा उठाने के लिए अब माइनिंग माफिया सक्रिय हो चुका है।

डेराबस्सी क्षेत्र की घग्गर नदी और इसके आसपास की जमीनों पर रात के समय माफिया के लोग पोकलेन मशीनें और जेसीबी लेकर पहुँचते हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा टिपर वाहनों के ज़रिए रेत व बजरी की चोरी करते हैं। पिंड ककराली और मुबारकपुर इलाकों में यह धंधा लगातार चल रहा है। माफिया के लोग रात के अंधेरे में रास्तों पर पहरा देते हैं ताकि कोई भी व्यक्ति इस ओर न जा सके। त्योहारों के मौसम में तो अब यह माइनिंग दिन में भी खुलेआम की जा रही है।

इस मामले में बात करने पर एस.डी.एम. अमित गुप्ता ने बताया कि माइनिंग विभाग को पत्र लिखकर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। वहीं, माइनिंग विभाग के एस.डी.ओ. रविंदर सिंह ने कहा कि सूचना मिलने पर जब भी वे मौके पर पहुँचते हैं, माफिया पहले ही भाग जाते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही अवैध माइनिंग करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की।

# तरन तारन उप चुनाव: नामांकन पत्रों की जांच के बाद 6 उम्मीदवारों के कागज़ रद्द

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 22 अक्टूबर।** पंजाब विधानसभा की 21-तरन तारन सीट के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद 6 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए हैं।

पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि 21-तरन तारन सीट के उप चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद छह उम्मीदवारों के कागज़ रद्द कर दिए गए।

उन्होंने बताया कि 4 कवरिंग उम्मीदवारों और 2 आज़ाद उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द किए गए हैं। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों और नियमों के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से कवरिंग उम्मीदवार लीना संधू, शिरोमणि अकाली दल से कवरिंग उम्मीदवार कंचनप्रीत कौर, भारतीय जनता पार्टी से कवरिंग उम्मीदवार सुच्चा सिंह, तथा आप (आम आदमी पार्टी) से कवरिंग उम्मीदवार राजेश वालिया के नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए हैं। इसके अलावा, दो आज़ाद उम्मीदवार, लक्खा सिंह और संजीव सिंह के नामांकन पत्र भी चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सही नहीं पाए गए।

उन्होंने आगे बताया कि 24 अक्टूबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। इसके बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि 21-तरन तारन सीट के उप चुनाव के लिए कुल कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

# वेब चैनल के पत्रकार को जान से मारने की धमकियों के खिलाफ संगठनों का एक ग्रुप जिला पुलिस चीफ से मिला

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 22 अक्टूबर।** गांव रसूलपुर (मल्ला) में कल सफेद शराब की लत के कारण एक युवक केवल सिंह की जान चली गई। उसका भाई भी सफेद शराब की लत से बुरी तरह परेशान है। इस बहुत बुरी घटना के खिलाफ परिवार और गांववालों ने युवक के अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस और ड्रग तस्करों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और युवक को मौत के मुंह में धकेलने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। यह विरोध वेब चैनल 'दुनियां' ने फिल्माया था। जब इस मामले का वीडियो वायरल हुआ तो गांव के ड्रग तस्कर ने चैनल के पत्रकार मंदीप रसूलपुर को रात में फोन पर वीडियो डिलीट करने को कहा और ऐसा न करने पर गोली मारने की धमकी दी। जन संगठनों ने अगले ही दिन एक ग्रुप के जरिए हठूर थाने और DSP रायकोट में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस मामले को लेकर आज लुधियाना और मोगा जिलों के अलग-अलग जन संगठनों का एक बड़ा ग्रुप जिला पुलिस चीफ डॉ. अंकुर गुप्ता से मिला। डेमोक्रेटिक राइट्स सभा के स्टेट प्रेसिडेंट प्रो. जगमोहन सिंह की लीडरशिप में आए डेलीगेशन ने धमकी देने वाले ड्रग स्मगलर के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की मांग की और बताया गया कि आरोपी के खिलाफ हठूर पुलिस स्टेशन में सेक्शन 506, 173/7/51 के तहत केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। डेलीगेशन ने डिस्ट्रिक्ट पुलिस चीफ के ध्यान में यह भी लाया कि DSP रायकोट, L SHU हठूर भी जर्नलिस्ट पर वीडियो डिलीट करने का प्रेशर डाल रहे हैं। रूरल वर्कर्स यूनियन के स्टेट लीडर अवतार सिंह तारी के घर आए थे और उन पर ड्रग स्मगलर्स के खिलाफ प्रेस स्टेटमेंट जारी न करने का प्रेशर डाल रहे थे। उन्होंने उसके खिलाफ भी एक्शन लेने की मांग की। डेलीगेशन ने जर्नलिस्ट के लिए सिक्योरिटी की भी मांग की। डिस्ट्रिक्ट पुलिस चीफ ने सही एक्शन लेने का भरोसा दिया। इस मुद्दे पर आगे की प्लानिंग के लिए जर्नलिस्ट्स ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रोटेस्ट ऑर्गनाइजेशन्स को कल, 23 अक्टूबर को जगराओं के नछत्र भवन में मीटिंग के लिए इनवाइट किया है। मीटिंग में आगे का एक्शन लिया जाएगा। डेलीगेशन में कंवलजीत खन्ना, करमजीत मनुके, जसदेव सिंह लालटन, सुखदेव सिंह भूंदरी, सुरजीत दौधर, जसवंत जिरख, सुरिंदर सिंह, हरप्रीत जिरख, सुखदेव मनुके, मदन सिंह, बलराज सिंह कोटोमरा, जसबीर शेत्रा, हरजीत कलसियां, कुंदा सिंह, गुरदयाल सिंह, बलदेव सिंह फौजी, पत्रकार मंदीप सिंह खुद, कल्पना और मृतक के पिता गुरमेल सिंह शामिल थे।

# भगवान विश्वकर्मा ने शिल्प, निर्माण और निपुणता के माध्यम से समाज को प्रगति का मार्ग दिखाया : हरविन्द्र कल्याण

## विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण विश्वकर्मा दिवस पर भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन किए अर्पित

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 22 अक्तूबर।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विश्वकर्मा दिवस पर हर वर्ष आना मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है और मुझे यहां आकर बहुत ही अपना-पन महसूस होता है। क्योकि जो प्यार, स्नेह और आर्शीवाद आप सबसे मुझे मिला है वो मैं शब्दों से ब्यान नही कर सकता। उन्होंने सर्वप्रथम सभी लोगों को विश्वकर्मा दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई दी। कार्तिक मास त्योहारों का महिना है। हम सबने मिल-जुल कर दिपावली का त्योहार बनाया है, आज विश्वकर्मा दिवस, गोवर्धन पूजा पर्व है। भैया दूज, और उसके बाद छठ पूजा भी त्योहारों की इस श्रृंखला के दिनों में ही आते है। इन सभी त्योहारों को पूरे भाईचारें, आपसी प्रेम-प्यार के साथ मनाते है। यही हमारे समाज की खूबसूरती है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण आज यहां श्री विश्वकर्मा महासभा की ओर से विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और नमन करके आर्शीवाद लिया। उन्होंने कहा कि घरौंडा विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। और जितना जन-प्रतिनिधि के नाते मै कर सकता हूं, उससे भी बढकर प्रयास कर रहा हूं। आप सब के आर्शीवाद से मुझे तीसरी बार सेवा करने का मौका मिला है। आप सबका जिस प्रकार मेरे प्रति प्यार और अपनेपन का भाव मिलता है। मैं इससे बड़ी दौलत जीवन में किसी चीज को नहीं मानता हूं। मुझे खुशी है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र का एक छोटा बच्चा भी मेरा हाथ पकड़ लेता है वो अपनापन और अधिकार जताता है। मैं विधायक हूं ,विधायक बनने से पहले भी हम इसी तरीके से रहते थे। विधायक बनने के बाद भी हमारा वो ही अपनापन है। कार्यक्रम के आयोजकों की तरफ से कुछ डिमांडे भी रखी गई, इन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इनकी चिंता करने की जरूरत नही है। ग्रांट आप ही के हाथ में है। आपको मांगने की जरूरत नही है, आप तो केवल यहां क्या जरूरत है और उसमें कितना पैसा लगेगा, उसका अनुमानित लागत बना कर दे दो और अच्छे से अच्छा भवन बनवाओं, पैसे की चिंता मत करना। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वकर्मा चौंक का नवीनीकरण या सौंदर्यीकरण के लिए वहां का नक्शा बनवा लो, जितने भी पैसे लगेंगे, वो भिजवाना मेरी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, परिश्रम और कौशल के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज को शिल्प, निर्माण और निपुणता के माध्यम से प्रगति का मार्ग दिखाया। भगवान विश्वकर्मा जी ने एक शिल्पकार के नाते, हर छोटी-बड़ी चीज को आगे बढ़ाने का काम किया है। आज हमारा देश आगे बढ़ रहा है, दुनिया आगे बढ़ रही है। छोटी से छोटी चीज और बड़ी से बड़ी चीज भी अपने हाथों से बनाते है। ये सब भगवान विश्वकर्मा जी का आर्शीवाद है। उन्होंने कहा कि घरौंडा विधानसभा भी पिछले दस वर्ष में बहुत आगे बढ़ा है हालांकि हमने कोरोना काल के दौरान ऐसे हालात भी देखे, मगर उसके बाद भी हमारे देश की तरक्की लगातार आगे बढ़ रही है। यह आर्शीवाद है विश्वकर्मा जी का हैं। हम सब को मिलकर इसी तरह से आगे बढ़ाना है। बल्कि आज मैं यह कहूंगा आज हम सब कोई भी काम कर रहे है, हम भगवान का आर्शीवाद मागे गे तो हमें मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैंने बहुत से लोगों को छोटे छोटे काम से शुरुआत करते देखा है लेकिन समय के साथ अब उनका कारोबार बहुत बड़ा हो गया है। आज उनका नाम बहुत बड़े लोगों में आता है। ये सब प्रभु का ही आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि आज संकल्प लेकर जाए कि हमारे बच्चों के अंदर मेहनत का संस्कार हो और जीवन में आगे बढ़े। हमारा बच्चा जो भी काम हाथ में ले उसकी भावना ऐसी हो, उस काम में निपुण हो ये आर्शीवाद आज हम विश्वकर्मा जी से मांग रहे है। वह न केवल अपने परिवार की तरक्की करे बल्कि समाज, क्षेत्र और पूरे देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम योग्यदान दे, और हम यह भी संकल्प ले कि जैसे हम सडक़ का निर्माण, भवन का निर्माण या बड़ी-बड़ी चीजों का निर्माण, बड़ी-बड़ी मशीनरी का निर्माण के लिए काम करते है। ऐसे ही हम सभ्य समाज के निर्माण के लिए भाव बनाए। इस समाज को सुंदर समाज बनाना हम सब की जिम्मेवारी है। जब हम अपने इलाके की तरक्की की बात करते है। तो भाईचारे और प्रेम के बिना यह संभव नहीं है, हमारे इलाके के अंदर किसी प्रकार का कोई भेदभाव नही होना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमेन हैप्पी लक गुप्ता, मार्किट कमेटी चेयरमेन राजकुमार पालीवाल, प्रधान गुलाब, उप-प्रधान ओम दत्त पांचाल, कोषाध्यक्ष बंटी, सचिव श्रवण कुमार पांचाल, पूर्व प्रधान धर्मपाल पांचाल,संरक्षक राम किशन, सदस्य रमेश पांचाल, सदस्य सुभाष, सदस्य जनार्दन पांचाल सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आरकेएसडी कॉलेज एनसीसी ने वृद्धाश्रम के लिए किया दान अभियान



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास गतिविधि के तहत आरकेएसडी कॉलेज की राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाइयों ने प्राचार्य राजबीर पराशर के नेतृत्व में एक दान अभियान का आयोजन किया। कॉलेज स्टाफ और एनसीसी कैडेटों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 24,000 का फंड इकट्ठा किया। एकत्रित राशि को जरूरतमंद बुजुर्ग निवासियों को आवश्यक वस्तुएं प्रदान करने के लिए ओल्ड ऐज होम कैथल को दान कर दिया गया। मौद्रिक योगदान के अलावा, एनसीसी कैडेटों ने बुजुर्गों के बीच फल और कंबल भी वितरित किए और उनके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया, उनकी दैनिक गतिविधियों में सहायता की। कॉलेज के अध्यक्ष अश्वनी शोरेवाला और प्राचार्य प्राजबीर पराशर ने एनसीसी इकाइयों द्वारा की गई नेक पहल की सराहना की और कैडेटों को भविष्य में भी इस तरह के अभियान आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### सनातन धर्म सभा ने लगाया अन्नकुट भंडारा



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** श्री सनातन धर्म सभा द्वारा एक भव्य अन्नकुट भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। सभा के प्रधान रविभूषण गर्ग ने बताया कि यह आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण की कृपा और आशीर्वाद के प्रतीक के रूप में किया गया। भंडारे के आरंभ से पहले भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना की गई। इसमें सभा के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोवर्धन पूजा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गर्ग ने बताया कि श्री सनातन धर्म सभा का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना और सेवा भावना को बढ़ावा देना है। इस भंडारे के माध्यम से हम समाज के वंचित वर्गों को भोजन प्रदान करने का प्रयास करते हैं और सामूहिकता की भावना को मजबूत बनाते हैं। सभा के सदस्यों और सहयोगियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रेम सिंगला, रमेश बंसल, चन्द्र प्रकाश गोयल, बृजभूषण सिंगला, राम कुमार शोरेवाला, विनय बंसल, श्याम सुंदर बंसल, अशोक गुप्ता, सतपाल मंगला, प्रवेश बंसल, सतीश बंसल, हरि मिश्रा, अशोक बंसल, दीपक बिन्दलिश, संदीप गोयल, ईश्वर गर्ग, सुभाष गोयल, सुरेश गोयल, राकेश मित्तल सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### दिवाली पर तीन शहीदों को श्रद्धांजलि देकर मनाया बलिदानी दिवस



**कैथल (अप्रस)।** पूर्व सैनिकों ने भारत चीन युद्ध 1962 में सर्वोच्च बलिदान देने वाले कैथल के तीन जांबाजों का दीपकों के साथ श्रद्धांजलि देकर शहादत दिवस मनाया। इस बारे पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत फौजी ने कहा कि अमर शहीद सिपाही जिले सिंह द्वितीय राजपूत रेजीमेंट क्योडक़, अमर शहीद सिपाही बलदेव सिंह द्वितीय राजपूत रेजीमेंट मलिकपुर और अमर शहीद सिपाही मनसा राम चार राजपूत रेजीमेंट मोहना 10 अक्टूबर 1962 को सातवीं इन्फेंट्री ब्रिगेड के हिस्से के रूप में नमकचू नदी के तट पर स्थानांतरित किए गए। इन राजपूत रेजीमेंट के शूरवीरों ने लेफ्टिनेंट कर्नल एमएस रिख की कमान में 21 अक्टूबर 1962 को उत्तर पूर्व सीमांत नेफा में भीषण लड़ाई में मातृभूमि के लिए अपने प्राण निछावर कर दिये। इसलिए दीपावली की शाम इनके पैतृक गांव के लोगों ने शहीद परिवारों एवं पूर्व सैनिकों, शहीद भगत सिंह ग्रुप क्योडक़ के जवानों ने उन शहीदों के नाम करते हुए एक दीपक शहीदों के नाम लगाकर और पुष्प अर्पित करके शहीद परिवारों ने अमर शहीद सिपाही जिले सिंह के स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। मौके पर एसोसिएशन की तरफ से कैप्टन नरेंद्र सिंह तंवर, हवलदार हुकम सिंह, हवलदार रतन सिंह, हवलदार राम सिंह, हवलदार रविंद्र सिंह, हवलदार वकील सिंह, हवलदार गोपाल सिंह, हवलदार इलम सिंह, कैप्टन राजेंद्र सिंह, हवलदार प्रेम सिंह, हवलदार चंद्रपाल आदि पूर्व सैनिकों के साथ गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धांजलि दी।

# मुख्यमंत्री ने भगवान श्री विश्वकर्मा दिवस पर की पूजा-अर्चना

## प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की करी कामना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज भगवान विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर अपने निवास स्थान ' संत कबीर कुटीर' पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित उनको नमन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहनलाल बडोली भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री सैनी ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, परिश्रम और कौशल के प्रतीक हैं। उन्होंने समाज को शिल्प, निर्माण और निपुणता के माध्यम से प्रगति का मार्ग दिखाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिल्पकार बंधुओं के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ की गई 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' पारंपरिक शिल्पकारों और हस्तशिल्पियों के कौशल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार ने भी राज्य में कई ऐसी योजनाएं लागू की हैं, जिनसे कारीगरों, तकनीशियनों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और आधुनिक उपकरणों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी नागरिकों को गोवर्धन पूजा और भाई दूज के पावन पर्वों की भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# मुख्यमंत्री आवास पर सादगी व स्नेह के साथ मनाया गया भैया दूज का पर्व

डॉ. अर्चना गुप्ता ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी को तिलक कर दी दीर्घायु की शुभकामनाएँ

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**चंडीगढ़/पानीपत 22 अक्तूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटिया में आज भैया दूज का पर्व पारंपरिक और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नायब सिंह सैनी जी को तिलक कर उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सफल नेतृत्व की कामना की।

डॉ. अर्चना गुप्ता पानीपत ने मुख्यमंत्री श्री सैनी जी को मिठाई खिलाकर भाई-बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक पर्व बड़े उत्साह से मनाया। पूरे वातावरण में अपनत्व और शुभकामनाओं की मिठास घुली रही।

इस अवसर पर डॉ. अर्चना गुप्ता पानीपत ने कहा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भैया दूज जैसे पर्व भारतीय संस्कृति, संस्कार और पारिवारिक प्रेम के अद्भुत उदाहरण हैं। यह पर्व समाज में एकता, अपनत्व और परस्पर सम्मान की भावना को सशक्त करता है। भैया दूज समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों ने भी मुख्यमंत्री जी को शुभकामनाएँ दीं। सभी ने राज्य में शांति, समृद्धि, विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की निरंतर सफलता की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने भी इस अवसर पर सभी को भैया दूज की शुभकामनाएँ दीं और कहा भाई-बहन का यह पवित्र बंधन हमारे भारतीय समाज की आत्मा है। हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर चलकर हर वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित है।

# भगवान ने लोगों को उनकी अंदर की शक्ति का अहसास कराया : राजेश नागर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 22 अक्तूबर।** मंत्री राजेश नागर ने आज अनेक स्थानों पर आयोजित श्री गोवर्धन पूजा समारोह में शामिल होकर मौजूद लोगों को शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व उन्होंने अपने निवास पर अपने परिजनों के साथ गोवर्धन पूजा संपन्न की और मौके पर मौजूद लोगों को शुभकामनाएं दीं।

मंत्री राजेश नागर ने बताया कि उत्सव हमारे अंदर मानवीय संवेदनाएं प्रदान करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारण कर गोप ग्वालों के जन धन की रक्षा की। लेकिन साथ ही उन्होंने इंद्र के अहंकार को भी तोड़ा उन्होंने देवताओं के राजा को यह बता दिया कि अहंकार बड़ा अवगुण होता है इसलिए अहंकार किसी को भी नहीं करना चाहिए मंत्री नागर ने कहा कि बड़े विद्वान और प्रतापी लोगों का भी अहंकार नहीं बचा हम और आप तो बहुत आम लोग हैं उन्होंने सभी को गोवर्धन पर्व की बधाई दी और इस पर पर आपसी भाईचारे से रहने की सलाह दी उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि भारतीय संस्कृति और संस्कार को मजबूत आधार प्रदान किया जाए इसमें आम जनमानस का सक्रिय सहयोग बहुत बड़ी भूमिका रखता है उन्होंने आयोजन को सुंदर समारोह को आयोजित करने के लिए भी बधाई दी। वहीं पुरी कोहिनूर सेक्टर 89, परशुराम कॉलोनी पलवली, हनुमान मंदिर सेक्टर 84, बुढेना गांव आदि स्थानों पर आयोजित गोवर्धन पूजा एवं प्रभात फेरी आदि अनेक कार्यक्रमों में भागीदारी की और उपस्थित लोगों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## छठ पूजा के लिए अम्बाला रेल प्रशासन तैयार

**अम्बाला छावनी (अप्रस)।** छठ पूजा को लेकर अंबाला रेल प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। अम्बाला रेल मंडल ने खासकर अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए खास बंदोबस्त किए हैं। रेल मंडल के प्रबंधक विनोद भाटिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन को 3 मिनट तक फालतू ठहराव दिया जा सकता है। उन्होंने साथी लोगों से अपील की कि वह भीड़ को देखकर किसी परेशानी में ना रहें , रेल प्रशासन उनकी हर सुविधा के लिए जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की इंतजार करने वाले यात्रियों के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है ताकि इंतजार में लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो और जनता टेंट में आराम कर सके इसके अलावा भी यात्रियों के लिए 150 अतिरिक्त बेंच लगाए गए हैं ताकि रेलवे प्लेटफार्म पर बैठने में यात्रियों को कोई परेशानी ना हो।

# पलवल में 6 व 7 नवंबर को होगा जिला युवा महोत्सव का आयोजन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल, 22 अक्तूबर।** उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि जिला युवा एवं खेल विभाग व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से जिला में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए आगामी 06 व 07 नवंबर 2025 को आईटीआई पलवल के प्रांगण में जिला युवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में जिला के पॉलिटेक्निक, विद्यालयों व महाविद्यालयों के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे। दो दिवसीय युवा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक, कलात्मक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें चित्रकला, लोक नृत्य, गायन, लोक गायन समूह, विज्ञान प्रदर्शनी, कविता लेखन, भाषण, आदि विधाएं शामिल हैं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टियां माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराकर आईटीआई पलवल में जमा करवानी होंगी। पंजीकरण पूर्ण होने के पश्चात प्रतिभागी को पोर्टल से प्राप्त फॉर्म आईटीआई पलवल में अनिवार्य रूप से जमा करवाना आवश्यक होगा। इसके लिए संस्थान में एक हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य जिले सिंह ने बताया कि विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 3100, द्वितीय पुरस्कार में 2100 और तृतीय पुरस्कार स्वरूप 1100 रुपए नकद दिए जाएंगे।

# पराली जलाने पर रोनीजा के किसान के खिलाफ दर्ज करवाई एफआईआर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल, 22 अक्तूबर।** कृषि उप निदेशक डा. बाबूलाल ने बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशों की अवहेलना करने वाले हरवीर पुत्र सुखवीर निवासी रोनीजा के किसान पर कार्यवाही की गयी है। गत 20 अक्टूबर 2025 को किसान द्वारा किठवाड़ी गांव के खेतों में फसल अवशेष जलाए गए थे। पटवारी व गांव के लोगों के बताने पर संबंधित किसान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।

कृषि उप निदेशक डा. बाबूलाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पलवल की टीमों द्वारा जिला में लगातार किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ-साथ टीम किसानों को पर्यावरण संरक्षण में अतुलनीय योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। किसान पराली का प्रबंधन करके अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त कर सकते हैं। सरकार की ओर से पराली प्रबंधन पर 1200 रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इससे अतिरिक्त आमदनी के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग मिलेगा। मंगलवार को विभाग की विभिन्न टीमों ने जिला के गांवों में जाकर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन में योगदान के लिए प्रेरित किया। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए 1200 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। बहुत से जागरूक किसानों द्वारा पराली प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग द्वारा भी किसानों की पूरी सहायता की जा रही है। सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने चांदहट, खंड कृषि अधिकारी पलवल सेवा सिंह ने मांदकोल, भिडूकी, घसेड़ा और लिखी में विभाग द्वारा सुपर सीडर व बेलर आदि पर दी जा रही सब्सिडी के बारे में किसानो को जानकारी देकर जागरूक किया।

# भगवान विश्वकर्मा की शिक्षाएं नवाचार की प्रेरणा : कमलेश ढांडा

## कलायत में उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 22 अक्तूबर।** कलायत में भगवान विश्वकर्मा पूजन उत्सव का भव्य आयोजन उमंग एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ हुई। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का संचार हो गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा रही। उनका भगवान विश्वकर्मा समाज सभा और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ढांडा ने भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, सृजन और नवाचार का प्रतीक बताते हुए कहा कि वे दुनिया के पहले इंजीनियर थे। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की शिक्षाएं आज भी आधुनिक तकनीक, डिज़ाइन और रचनात्मकता के क्षेत्र में लोगों को प्रेरित करती हैं। कमलेश ढांडा ने इस मौके पर कलायत क्षेत्र के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा धर्मशाला और ऐतिहासिक प्राचीन खरक दरवाजा के विकास के लिए लगभग 40 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज के युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है और भविष्य में इस दिशा में और योजनाएं लाई जाएंगी।इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा समाज सभा प्रधान एनआरआई कमल धीमान, भाजपा कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा, वाइस चेयरमैन ऋषिपाल सहारण, पार्षद रेणु धानियां, संजय सिंगला, कुलदीप दहिया, सचिन राणा, प्रदीप राणा, राजेश राणा, रवींद्र निर्मल बंटी, महिपाल पंवार, जगदीश रायका, विनोद जेष्ठ, अमित बेद, संजय धीमान, राजेश बेदी, प्रवीण कांसल, अनिल कंसल, राजीव यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कला मंच पर विशेष प्रस्तुति में प्रसिद्ध भजन गायक कमल धीमान ने अपनी मधुर और भक्ति से भरपूर प्रस्तुतियों से माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। उनके गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा को विभिन्न संगठनों की ओर से स्मृति चिन्ह और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।श्री विश्वकर्मा सभा प्रधान कमल धीमान एनआरआई, धर्मपाल धीमान, प्रीत धीमान, श्रवण धीमान, बलबीर धीमान, दीपक धीमान, महेंद्र धीमान, विनोद धीमान, रामलाल धीमान, ईश्वर धीमान, कुलभूषण धीमान, विकास धीमान, दिनेश धीमान, हेमू धीमान, और अन्य समाजसेवियों ने आयोजन की सफलता पर सभी को बधाई दी और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत जगदेव धर्मशाला स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में हुई। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर समाज की उन्नति एवं समृद्धि की कामना की।

# सृष्टि के प्रथम इंजीनियर, शिल्पकार और कुशल वास्तुकार को समर्पित है भगवान विश्वकर्मा दिवस: मंत्री रणबीर गंगवा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने विश्वकर्मा दिवस पर भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम इंजीनियर और शिल्पकार थे। उनका जीवन हमें सृजन, परिश्रम और नवाचार की प्रेरणा देता है। यह पर्व न केवल कारीगरों और श्रमिकों का सम्मान करने का अवसर है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि हर कार्य को यदि समर्पण और निष्ठा से किया जाए तो वही सच्ची पूजा बन जाता है। आज का दिन मजदूरों, कारीगरों, इंजीनियरों और उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है।

श्री रणबीर गंगवा ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बुधवार को श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हिसार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा हमें सिखाते हैं कि ज्ञान और तकनीक का उपयोग समाज की भलाई और मानवता की प्रगति के लिए होना चाहिए। आज के युग में कौशल विकास और उद्यमिता, यह दोनों बेहद महत्वपूर्ण विषय है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इन दोनों विषयों को प्राथमिकता पर लिया है।

उन्होंने कहा कि आज की कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली दुनिया में, छात्रों के लिए कौशल विकास का सबसे अधिक महत्व है। केवल पारंपरिक शैक्षणिक ज्ञान पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। सफलता और एक संतुष्ट जीवन जीने के लिए छात्रों को विविध कौशल हासिल करने होंगे। सरकार कौशल विकास की योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का मानना है कि कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में निवेश करना देश के उज्जवल भविष्य का निर्माण करने की दिशा में किया गया निवेश है।

विकसित भारत के निर्माण की सोच के साथ आगे बढ़ते हुए पिछले दशक में उद्योग अनुकूल और श्रमिक कल्याण नीतियों के कारण हरियाणा ने भारत के सबसे प्रगतिशील औद्योगिक शक्ति केंद्रों में से एक के रूप में स्थापित किया है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की सोच हरियाणा को ऐसा राज्य बनाने की है जहां युवाओं को शिक्षा के साथ सार्थक दिशा, उद्देश्य और अवसर भी उपलब्ध करवाए जाएं। इसी सोच के साथ प्रत्येक विश्वविद्यालय को उद्योग भागीदारों के सहयोग कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिक्षा और रोजगार के बीच का अंतर कम हो सके।

उन्होंने कहा कि अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष बनाया है। प्रदेश सरकार प्रत्येक जिले में एक मॉडल कौशल महाविद्यालय और एक मॉडल कौशल विद्यालय स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। नॉन-स्टॉप सरकार का संकल्प है- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सार्थक रोजगार और नवाचार को बढ़ावा देना।

उन्होंने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार ने समाज के लोगों के लिए ऐसी व्यवस्था कायम की है जिसमें शिक्षित युवाओं को उनकी काबिलियत के आधार पर नौकरी मिल सके। हरियाणा सिविल सर्विस की भर्ती का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल वर्तमान सरकार में ही संभव हो पाया है, जहां पर पढ़ने लिखने वाले युवाओं को उनकी काबिलियत के आधार पर नौकरी मिल रही है। इसके अतिरिक्त पंचायत तथा शहरी स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है।

# भैया दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते का उत्सव: मोहन लाल बडौली

भाजपा नेता रंजीता मेहता ने बडौली, फणींद्र नाथ शर्मा एवं ज्ञानचंद गुप्ता को लगाया तिलक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 22 अक्तूबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि भैया दूज का पर्व सौहार्द, स्नेह और संस्कार का प्रतीक है। यह त्योहार परिवार को जोड़ने वाला और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को मजबूत करने वाला है। मोहन लाल बडौली बुधवार को भाजपा की पूर्व प्रवक्ता एवं पूर्व मानद महासचिव, हरियाणा बाल कल्याण परिषद रंजीता मेहता के निवास पर पहुंचे थे। उनके साथ हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, भाजपा संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश भाजपा महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मोहन लाल बडौली ने कहा कि यह पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और गहराई देता है तथा सामाजिक मूल्यों को सशक्त बनाता है। रंजीता मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार द्वारा शुरू की गई 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' महिलाओं के लिए एक नायाब तोहफा है। इस योजना के तहत अब महिलाओं को रुपये 2100 की राशि प्रदान की जाएगी, जिससे वे आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त होंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिला कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं–मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन, स्वरोजगार के अवसर, और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने जैसे कदमों ने महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है। आज महिलाएं एविएशन, विज्ञान, रक्षा, खेल और उद्यमिता जैसे हर क्षेत्र में अपनी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।


## रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत उप एसीएमई/एफयूआर द्वारा निविदा सं.: ओएलएनएसी-विंडो-25 के अंतर्गत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है, अंतिम तिथि/समय **10.11.2025, 15:00 बजे** और **ओएलएचबी-ईबीसीबी-25**, अंतिम तिथि/समय **06.11.2025, 15:00 बजे**। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ केवल अंतिम तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा।

**(ए) निविदा सं.:** (1) ओएलएनएसी-विंडो-25 (2) ओएलएचबी-ईबीसीबी-25 **(बी) कार्य का नाम:** (1) एलएचबी नॉन-एसी कोचों में खिड़कियों की फिक्सिंग (2) एलएचबी कोचों के इमरजेंसी ब्रेक केबल बॉक्स (पुल बॉक्स) की स्थापना और कमीशनिंग **(सी) निविदा की अंतिम तिथि समय:** (1) 10.11.2025 15:00 बजे, (2) 06.11.2025 15:00 बजे। **(डी) विज्ञापित मूल्य:** (1) रुपये 36,21,695.00 (2) रुपये 1,53,63,942.00 (ई) बोली प्रतिभूति/धरोहर राशि: (1) रुपये 72,400/- (2) रुपये 2,26,800/- **(एफ) प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन **(जी) समापन अवधि:** 12 माह **(एच) वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in

**निविदा सं. 1 के लिए पात्रता मानदंड:** विज्ञापित मूल्य रुपये 50 लाख से कम होने के कारण लागू नहीं, लेकिन निविदा दस्तावेज़ में दी गई विशेष शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है।

**निविदा सं. 2 के लिए पात्रता मानदंड: (ए) तकनीकी पात्रता मानदंड:**

निविदादाता ने निविदा आमंत्रित करने वाले माह से पहले के माह के अंतिम दिन तक, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों के कार्यों में से किसी एक को सफलतापूर्वक या लगभग पूरा किया होगा: (1) तीन समान कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% के बराबर राशि से कम न हो, या (ii) दो समान कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% के बराबर राशि से कम न हो, या (iii) एक समान कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% के बराबर राशि से कम न हो। **(बी) वित्तीयपात्रता मानदंड:** निविदादाता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एनया 'वी', जो भी कम हो, होना चाहिए; जहाँ

वी= निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में

एन= उस कार्य को पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की सं. जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं।

औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना पिछले तीन वित्तीय वर्षों के 'कुल संविदात्मक भुगतानों' के औसत के रूप में, लेखा परीक्षित बैलेंस शीट के अनुसार की जाएगी। हालाँकि, यदि पिछले वर्ष का बैलेंस शीट अभी तैयार/लेखा परीक्षित नहीं हुआ है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित बैलेंस शीट पर विचार किया जाएगा।

**उप सीएमई/एफयूआर**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत उप सीई/आरसीएफ द्वारा वेबसाइट www.ireps.gov.in परई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं, अंतिम तिथि **19/11/2025** को प्रातः **11:00** बजे तक। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ केवल अंतिम तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। ठेकेदार इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज़ की लागत और धरोहर राशि का भुगतान केवल आईआरईपीएसपोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान विधियों के माध्यम से कर सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीदें, एफडीआरआदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है।

**(ए) निविदा संख्या:** (1) आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-30-25-26 (2) आरसीएफ-सीई-डब्ल्यूए-ईओटी-31-25-26 **(बी) कार्यों का नाम:** (1) वर्ष 2026 के लिए कार्यशाला क्षेत्र में बागवानी कार्यों की देखभाल एवं रखरखाव। (2) आरसीएफ, कपूरथला में गेट संख्या 3 से कार्यशाला क्षेत्र तक नई कंक्रीट सड़क का निर्माण एवं उससे संबंधित कार्य। **(सी) प्रारंभिक तिथि:** 19/11/2025 प्रातः 11:05 बजे। **(डी) निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** 19/11/2025 प्रातः 11:00 बजे। **(ई) बोली प्रारंभ तिथि:** 05/11/2025 **(एफ) विज्ञापित मूल्य:** (1) रुपये 28,36,315.39 (2) रुपये 8,99,30,040.35 **(जी) प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन **(एच) बोली लगाने की शैली:** प्रत्येक अनुसूची के लिए एकल दर **(1) समापन अवधि:** (1) 12 माह (2) 08 माह **(जे) धरोहर राशि:** (1) रुपये 56,800.00 (2) रुपये 5,99,700.00 **(के) निविदा दस्तावेज़ की लागत:** (1) रुपये 3540.00 (2) रुपये 0.00

**पीसीई**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य प्लांट अभियंता, रेल कोच फ़ैक्ट्री, कपूरथला द्वारा निविदा संख्या: आरसीएफ-ईएल-एमटीसी-77ए-ईटी-25-26 के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। अंतिम तिथि/समय: 12.11.2025, 15.00 बजे, निविदा संख्या: आरसीएफ-ईएल-एमटीसी-79-ईटी-25-26, अंतिम तिथि/समय: 10.11.2025, 15.00 बजे और निविदा संख्या: आरसीएफ-ईएल-एमटीसी-80-ET-25-26, अंतिम तिथि/समय: 10.11.2025, 15.00 बजे। निविदादा अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ केवल अंतिम तिथि और समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। निविदाकर्ताओं को इस निविदा के अंतर्गत निविदा दस्तावेज की लागत और धरोहर राशि का भुगतान केवल आईआरईपीएसपोर्टल पर उपलब्ध भुगतान विधियों जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है।

(ए) खुली ई-निविदा संख्या: **(1) आरसीएफ-ईएल-एमटीसी-77ए-ईटी-25-26 (2) आरसीएफ-ईएल-एमटीसी-79-ईटी-25-26 (3) आरसीएफ-ईएल-एमटीसी-80-ईटी-25-26 (ख) कार्य का नाम:** (1) आरसीएफ वर्कशॉप कपूरथला में बोगी शॉप के लिए 04 पोल (03 फेज 4 वायर सिस्टम) क्षमता 250 एम्पियर की एयर इंसुलेटेड डिस्ट्रीब्यूशन टाइप बस ट्रंकिंग। (2) आरसीएफ कपूरथला के वर्कशॉप क्षेत्र में वार्ड नंबर 09 के सामने एफआरपी शॉप के पीछे कवर शेड (31×30) मीटर और कवर शेड (38×22) मीटर के लिए विद्युतीकरण कार्य। (3) आरसीएफ कपूरथला में छत, साइड दीवार, सीटों और बर्थ के शौचालय मॉड्यूल जैसे एफआरपी आइटमों के भंडारण के लिए 40 मीटर × 75 मीटर आकार के अतिरिक्त 02 गोदामों के लिए विद्युतीकरण कार्य। **(सी) राशि:** (1) रुपये 63,79,489.46 (2) रुपये 4,53,854.00 (3) रुपये 26,11,023.00 **(डी) धरोहर राशि:** (1) 1,27,600.00 (2) रुपये 9100.00 (3) रुपये 52,300.00 **(ई) निविदा लागत:** शून्य **(एफ) कार्य पूर्ण होने की अवधि:** (1) 180 दिन (2) 60 दिन (3) 90 दिन

(जी) निविदा की अंतिम तिथि एवं समय (1) 12.11.2025 को 15.00 बजे (2) 10.11.2025 को 15.00 बजे (3) 10.11.2025 को 15.00 बजे **(एच) प्रस्ताव की वैधता:** (1) 90 दिन (2) 60 दिन (3) 60 दिन **(आई) वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in

**समान प्रकृति के कार्य की परिभाषा:-** (1) '3-फेज 415वी50एचजेडया उससे अधिक वोल्टेज पर, न्यूनतम 100ए धारा क्षमता के साथ, एयर इंसुलेटेड बस ट्रंकिंग/डाउन शॉप लीड (डीएसएल) प्रणाली की स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण'।

**पात्रता मानदंड:** (1) कार्यों के लिए जीसीसी-2022, भाग-1, पैरा 10 के अनुसार पात्रता मानदंड (2) ठेकेदार को संबंधित वोल्टेज वर्ग के स्थापना कार्य हेतु किसी भी राज्य/केंद्र सरकार द्वारा जारी वैध विद्युत लाइसेंस की एक प्रति, पर्यवेक्षक योग्यता प्रमाण पत्र और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम 2010 के विनियम 29 के अनुसार परमिट धारक व्यक्ति (वायरमैन आदि) या भारतीय विद्युत नियम 1956 के नियम 45 के अनुसार नवीनतम/नवीनतम निविदा दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करनी होगी, अन्यथा प्रस्ताव अस्वीकार किया जा सकता है।

**उप मुख्य प्लांट अभियंता-II**

आर.ओ. संख्या: 92-एम/2025-26 दिनांक: 22.10.2025


# कागजों तक सीमित है भावांतर योजना, किसानों को ठग रही भाजपा: भूपेंद्र हुड्डा

सरकारी खरीद नदारद, मंडियों में औने-पौने दामों पर बिक रही फसलें- हुड्डा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 अक्टूबर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा सरकार पर किसानों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा सरकार की भावांतर योजना और सरकारी खरीद एजेंसी कहां हैं? सरकार द्वारा धान, बाजरा, मूंग और कपास जैसी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ना देकर, किसानों को लगातार ठगा जा रहा है। किसान की फसलें औने-पौने दामों पर बिक रही हैं, लेकिन सरकार व एजेंसियां गायब हैं। यह किसानों के साथ विश्वासघात है। दूसरी तरफ खाद के लिए लंबी कतारें लगी है। किसान फसल बोने से लेकर बेचने तक मारा मारा फिर रहा है ,किसान की सुध लेने का समय सरकार के पास नही है।

हुड्डा ने कहा कि नारनौल की मंडियों में बाजरा रुपये 1800 से रुपये 1850 रुपये प्रति क्विंटल में पिट रहा है, लेकिन सरकारी खरीद एक भी दाने की नहीं हुई। नूंह जिले की मंडियों में भी बाजरे का एक दाना नहीं खरीदा गया। किसानों को रुपये 1700- रुपये 1800 रुपये प्रति क्विंटल से ऊपर एक पैसा नहीं मिला। हिसार की मंडियों का हाल तो और भी बेहाल है। एमएसपी रुपये 2775 प्रति क्विंटल होने के बावजूद किसान नुकसान झेल रहे हैं।


उन्होंने कहा कि हिसार की मंडियों में 40,000 टन मूंग पहुंची है, जिसमें से सरकारी एजेंसियों ने एक भी दाना नहीं खरीदा। भिवानी मंडी में भी कपास और बाजरा औने-पौने दामों पर बिक रहे हैं। भिवानी मंडी में कपास रुपये 6500-रुपये 7200 प्रति क्विंटल बिक रही है, जबकि एमएसपी ?8100 प्रति क्विंटल है। सरकारी खरीद न होने से सिर्फ मिलर ही खरीद कर रहे हैं, जिसका पूरा नुकसान किसानों को हो रहा है।

हुड्डा ने सवाल उठाया कि सरकारी एजेंसियां कह रही हैं कि मानकों के अनुसार फसल नहीं, इसलिए खरीद नहीं हो रही। कौन से मानक? कैसे मानक? बीज बेचते समय तो मानक सही थे, तो फिर फसल के समय मानक कैसे गड़बड़ा गए? क्या किसान ने अपने घर पर बाजरे की फसल तैयार की? अगर बीज गलत थे, तो किसान घाटा क्यों भुगते? गलत बीज बेचने वालों पर कोई कार्रवाई हुई? क्या पूरे हरियाणा में ही गलत बीज बिकवाए गए? जब बीज की बिक्री हो रही थी, तो भाजपा सरकार और उसके नुमाइंदे कहां थे? ये सब फसल की सरकारी खरीद न करने के बहाने मात्र हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को एमएसपी का लाभ देने के वादों पर खरी नहीं उतर रही। भावांतर योजना का नाम लेकर किसानों को गुमराह किया जा रहा है। किसानों को तत्काल राहत दी जाए, एमएसपी पर पूर्ण खरीद सुनिश्चित की जाए और गलत बीज बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। अन्यथा कांग्रेस व किसान आंदोलन को मजबूर होंगे।

# चाप की दुकान पर तोड़फोड़ व मारपीट करने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा दबंगो व शरारती तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके निरंतर में कार्रवाई करते हुए थाना ओल्ड की टीम ने 21 अक्टूबर को ओल्ड मार्केट में चाप की दुकान पर तोडफोड व मारपीट करने के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार व एक नाबालिक अभिरक्षा में लिया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हुक्म चन्द वासी ओल्ड फरीदाबाद ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी श्री सोया चाप नाम से ओल्ड फरीदाबाद में दुकान है। 21 अक्टूबर की रात को उसकी दुकान पर दो लडके आये जिन्होंने एक प्लेट चाप पैक करवाई और जब उनसे पैसे मांगे गये तो उन्होंने दुकान पर काम करने वाले नौकरो के साथ हाथापाई शुरु कर दी। जिसके बाद उनके 10-12 अन्य साथी भी वहां पर आ गये तथा मारपीट कर दुकान के गल्ले से 18-20 हजार रुपये लेकर फरार हो गये। जिस शिकायत पर थाना ओल्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि थाना ओल्ड की टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तरुण, नमन वासी ठाकुरवाडा ओल्ड फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है वहीं एक नाबालिक को अभिरक्षा में लिया है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि 21 अक्टूबर को आरोपियों के दोस्त चाप लेने दुकान पर गये थे। परंतू उनके पास पैसे नही थे जिस पर उन दोनों की दुकान पर काम करने वाले नौकरो से हाथापाई हो गई। जिसके बाद दोनों ने अपने अन्य साथी तरुण, नमन, नाबालिक व अन्य को वहां बुला लिया जिसके बाद उन्होंने दुकान में तोडफोड की व नौकरो के साथ मापरीट कर दी। जिनको माननीय न्यायलय में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# कैथल में 5 लाख की चरस समेत दो तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 22 अक्तूबर।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने जिले में नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 2 किलो 642 ग्राम चरस बरामद की गई है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी जा रही है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव क्योड? निवासी जनेश्वर उर्फ बिल्लू और गांव उझाना निवासी गुरमेल सिंह के रूप में हुई है। दोनों से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है।

डीएसपी क्राइम सुशील प्रकाश ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम शाम के समय अंबाला बाईपास नाके के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि क्योड? निवासी जनेश्वर उर्फ बिल्लू लंबे समय से चरस बेचने का काम कर रहा है और फिलहाल ड्रेन पुल अंबाला रोड से कुरुक्षेत्र रोड की तरफ जाने वाले रास्ते पर एक पिट्ठू बैग लिए खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर संदिग्ध को काबू किया। तलाशी में उसके बैग के अंदर रखी पॉलिथीन से एक किलो 534 ग्राम चरस बरामद हुई।

# फाइन आर्ट है पब्लिक डीलिंग, इसको समझें पुलिस अधिकारी: ओपी सिंह

- दफ्तर में अपनी और विजिटर की कुर्सी हो सेम
- थाने के कॉन्फ्रेंस हॉल में लोगों से मिलें
- पुलिस कर्मियों की तय हो जवाबदेही

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों को पब्लिक डीलिंग का पाठ पढ़ाया है। जिससे उनकी कार्यप्रणाली में सुधार हो सकता है। पुलिस महानिदेशक ने राज्य के सभी थाना प्रभारियों, डीएसपी, एसपी, आईजी तथा पुलिस आयुक्तों को पत्र जारी करके कहा है कि आप ये समझें कि सरकारी दफ्तर लोगों के पैसे से बना है। ये उनकी सहायता और उनके समस्या के समाधान के लिए है।

उन्होंने कहा कि पब्लिक डीलिंग एक फाइन आर्ट है। इसका संबंध आपके ऑफिस डिज़ाइन, सॉफ्ट-स्किल और प्रबंधन क्षमता से है। सबसे पहले अपने ऑफिस के टेबल का साइज छोटा करें। अपनी और विजिटर्स की कुर्सी एक जैसी करें। अपनी कुर्सी पर तौलिए के इस्तेमाल कतई ना करें। इसका कोई तुक नहीं है।

डीजीपी ने अपनी चिट्ठी में लिखा है, अगर आपके ऑफिस में कोई कांफ्रेंस हॉल है तो विजिटर्स को वहीं बैठायें। अगर नहीं है तो अपने ऑफिस के एक बड़े साइज के कमरे को विजिटर रूम बनायें। वहाँ प्रेमचंद, दिनकर, रेणु जैसे साहित्यकारों की किताबें रखें। एक आदमी लगाएं जो उन्हें चाय-पानी पूछे, सर्व करे।

### डीएसपी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्रों का लें सहयोग

लोगों को गेट से विजिटर रूम तक पहुंचने के लिए मेट्रो रेल स्टेशन के प्रोटोकॉल को अपनायें फुट स्टेप्स, साइनेज जो लोगों को सीधा विजिटर रूम ले जाएं। डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल के इच्छुक छात्रों को स्टीवर्ड की ट्रेनिंग दें। उन्हें विजिटर्स को गेट पर रिसीव करने और उन्हें विजिटर्स रूम तक पहुंचने में सहायता करने के स्वयंसेवक के काम में लगायें। परेशान लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा, बच्चों को सॉफ्ट स्किल और संवेदनशीलता की ट्रेनिंग मिलेगी। अगर कांफ्रेंस हॉल है तो लोगों से वहीं मिलें। जिनकी बारी हो उन्हें पास की कुर्सी पर बिठाएं । जब लोग अपनी बात रख रहे हों तो मोबाइल फ़ोन दूर रखें, एक्टिवली सुनें। समस्या ठीक से फ्रेम करने में उनकी मदद करें। जिस पुलिसकर्मी को इनका काम करना है उनको इनका मोबाइल नंबर नोट करा दें। उन्हें कहें कि वे कंप्लेनेंट से संपर्क कर लें। डीजीपी ने एक सप्ताह के अंदर तीन में से एक कार्रवाई कर दें। पहला अगर मुकदमा बनता है तो दर्ज कर दें। दूसरा शिकायत सिविल नेचर का हो थाने के कंप्यूटर से ही सीएम विंडो में दर्ज करा दें। हो सके तो संबंधित अधिकारी को फोन भी कर दें। तीन, अगर शिकायत झूठी हो रोजनामचे में रपट दर्ज कर उनकी एक कॉपी चेतावनी के तौर कंप्लेंट को दे दें।

# सरकारी योजनाओं को अपनाकर वैश्विक गुणवत्ता मानकों को लागू करें फार्मा कंपनियां: धर्मेंद्र यादव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के औषधि विभाग के सहयोग से पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री की स्वास्थ्य समिति और चंडीगढ़ चेप्टर ने सिटी ब्यूटीफुल में गुड मैन्यूफैक्चरिंग प्रैक्टिस के माध्यम से औषधि गुणवत्ता आश्वासन में वृद्धि विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन और संशोधित औषधि प्रौद्योगिकी उन्नयन सहायता योजना (आरपीटीयूएएस) पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया।


## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा**

**खुली निविदा संख्या 37-अम्बाला/2025-26 दिनांक 21.10.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीनियर एडीईएन/सीडीजी के अधीन अवधि के लिए एसएसई/डब्लू-II/सीडीजी के अनुभाग में यूएमबी-केएलके अनुभाग (सीडीजी को छोड़कर) के लिए जोन बी के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 1,00,04,847 | 2,00,000 | 08 महीने | 13.11.2025 |
| 2 | केसरी रेलवे स्टेशन पर उच्च स्तरीय प्लेटफार्म संख्या 1 एवं 2 का प्रावधान। | 4,08,03,618 | 3,54,000 | 08 महीने | 13.11.2025 |
| 3 | अंबाला स्टेशन पर लाइन संख्या 2 और 6 (1165) पर गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान। | 7,88,62,891 | 5,44,300 | 06 महीने | 13.11.2025 |
| 4 | एडीईएन/एसआरई के अंतर्गत एसएसई/पी-वे/वाईजेयूडी के खंड में एसआरई/यूएमबी खंड पर पीक्यूआरएस द्वारा टीएसआर (पी)-10.059 टीकेएम और अन्य संबंधित कार्य। | 1,17,19,604 | 2,08,600 | 12 महीने | 13.11.2025 |
| 5 | ADEN/TRACK/UMB के अधीन अंबाला मंडल में फ्लैश बट वेल्ड्स (एफबीडब्ल्यू) के लिए Phased Array Ultrasonic Testing (PAUT) | 1,08,90,788 | 2,04,500 | 12 महीने | 13.11.2025 |

नोट :- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बन्धित डॉक्यूमेंटो के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग / गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

3270/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### पीएचडीसीसीआई ने उत्कृष्ट विनिर्माण पद्धतियों के माध्यम से औषधि गुणवत्ता आश्वासन में वृद्धि विषय पर किया राष्ट्रीय सम्मेलन

स्वागत भाषण में पीएचडीसीसीआई की क्षेत्रीय औषधि, स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति के संयोजक, सुप्रीत सिंह ने उद्योग और रैगुलेटरी निकायों के बीच अनुपालन और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया। पंजाब के सहायक औषधि आयुक्त,अमित दुग्गल ने नियामक निगरानी बढ़ाने और निर्माताओं को वैश्विक जीएमपी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु राज्य द्वारा की जा रही वर्तमान पहलों के बारे में बताया।

हरियाणा के राज्य औषधि नियंत्रक ललित गोयल ने एमएसएमई फार्मा इकाइयों के लिए राज्य के बेहतर माहौल पर चर्चा की और प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता वृद्धि हेतु सहयोग को प्रोत्साहित किया। भारत सरकार के औषधि विभाग के अवर सचिव धर्मेंद्र कुमार यादव ने पीएलआई और आरपीटीयूएएस योजनाओं सहित राष्ट्रीय नीतिगत पहलों का अवलोकन प्रस्तुत किया और भारतीय फार्मा निर्माताओं को वैश्विक गुणवत्ता मानकों के अनुरूप लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

आईपीए पंजाब के अध्यक्ष डॉ.भूपिंदर सिंह भूप ने अपने संबोधन में जीएमपी मानकों को मजबूत करने में शिक्षा जगत और उद्योग जगत के बीच साझेदारी के बारे में जानकारी दी। सिडबी के प्रबंधक यशवंत शिंदे ने आरपीटीयूएएस योजना पर एक गहन प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने योजना के वित्तीय सहायता ढांचे, पात्रता मानदंडों सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के तरीकों के बारे में बताया। पीएचडीसीसीआई की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक सुश्री भारती सूद ने धन्यवाद ज्ञापन दिया, जिसमें उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया। प्रभावी जीएमपी कार्यान्वयन के लिए आधार और रणनीतियां नामक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता नाईपर मोहाली के पूर्व डीन और विभागाध्यक्ष डॉ. सरनजीत सिंह ने की। इस अवसर पर आयोजित पैनल चर्चा में सुनील वर्मा, निदेशक, हारोम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जगदीप सिंह, अध्यक्ष, पंजाब ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, नीरज गिरी, एमडी, वोइज़मेड ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़, डॉ. प्रदीप मट्टू, एमडी, कॉस्मो ट्रेंड्स,सुश्री वैशाली अग्रवाल, निदेशक, स्कॉट-एडिल समेत कई गणमान्यों ने भाग लिया।

अधिकतम 30 डिग्री से.
डिग्री से. 18 न्यूनतम
सूर्योदय 6.31 बजे
सूर्यास्त 5.43 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 1,26,040.00 |
| सेंसेक्स | 84,426.34 |
| अमेरिका | 87.72 |
| केनेडियन | 62.74 |
| आस्ट्रेलिन | 57.00 |

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ स्टेट स्केटिंग चैंपियनशिप 25 से

**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेन्द्र सिंह)।** चंडीगढ़ स्टेट स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक किया जा रहा है। चैंपियनशिप का आयोजन सेक्टर 10 के स्केटिंग रिंक तथा पंचकूला में बने 200 मीटर के डाइड स्केटिंग ट्रैक पर होगा। चैंपियनशिप में चंडीगढ़ के 400 से अधिक स्केटर्स स्पीड तथा रोलर हॉकी में भाग लेंगे। रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तुलसी अग्रवाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। स्टेट स्केटिंग चैंपियनशिप के माध्यम से नेशनल स्पीड स्केटिंग तथा नेशनल रोलर हॉकी चैंपियनशिप तथा अन्य इवेंट के लिए चंडीगढ़ की टीम का चयन किया जाएगा। तुलसी राम अग्रवाल के अनुसार केवल उन्हीं स्केटर्स को नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने दिया जाएगा जो इस स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में भाग लिए बिना कोई भी स्केटर हॉकी या स्पीड में नेशनल चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकता। चैंपियनशिप के बाद चंडीगढ़ की टीम घोषित की जाएगी। एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी हरप्रीत सिंह के अनुसार चैंपियनशिप का आयोजन रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार हो होगी।

### दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत, केस दर्ज

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** ज़ीरकपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनस पुत्र हनीफ, निवासी हरतला माऊ, थाना सिवीं लाइन, जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश), जो वर्तमान में गांव दयालपुरा झुंगिया, थाना ज़ीरकपुर में रह रहा था, के रूप में हुई है। सुबह जब अनस अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर छत लाइट प्वाइंट से पटियाला चौंक, ज़ीरकपुर की ओर जा रहा था। उसके पिता हनीफ भी अपने मोटरसाइकिल पर उसके पीछे चल रहे थे। जब अनस ए.के.एम. पैलेस से थोड़ा पीछे पेट्रोल पंप के सामने पहुँचा, तभी एक सफेद रंग की तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही स्विफ्ट कार ने बिना हॉर्न दिए अनस की मोटरसाइकिल को पीछे से ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर बने डिवाइडर की लोहे की ग्रिल से जा टकराई। इस हादसे में अनस को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पिता हनीफ ने तुरंत राहगीरों की मदद से घायल बेटे को सिविल अस्पताल डेराबस्सी पहुँचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर धारा 281, 324(4), और 106 बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# श्री चैतन्य गौड़ीय मठ ने मनाया गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव

भगवान गोवर्धन गिरिराज जी की महाआरती एवं 56 तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** श्री चैतन्य गौड़ीय मठ, सेक्टर 20 में श्री गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास एवं विधि विधान से मनाया गया। मठ के प्रवक्ता जयप्रकाश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः मंगल आरती के पश्चात प्रभात फेरी व श्री हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात दोपहर तक कथा संकीर्तन चलता रहा। इस अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए त्रिडंडी स्वामी श्री वामन जी महाराज जी ने भक्तों को कहा कि आज ही के दिन ब्रजमंडल स्थित स्थान पर भगवान श्री कृष्ण जी ने अपनी सबसे छोटी उंगली पर गोवर्धन गिरिराज पर्वत को उठाकर देवराज इंद्र का घमंड चकनाचूर किया था और ब्रजवासियों की रक्षा की थी। ब्रजवासियों ने इंद्र देवता की पूजा करने की बजाय भगवान श्री कृष्ण की पूजा करनी प्रारंभ कर दी थी, इसलिए क्रोध में आकर देवराज इंद्र ने ब्रज मंडल को वर्षा के द्वारा पानी से डुबाने के लिए अपना संकल्प कर लिया था और भारी वर्षा प्रारंभ कर दी थी लेकिन भगवान श्री कृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत को अपनी तर्जनी उंगली पर उठाकर अतिवृष्टि के प्रकोप से भक्तों की रक्षा की थी। इसी उपलक्ष्य पर हजारों वर्षों से यह पावन पर्व पूरे विश्व में गोवर्धन पूजा के रूप में भक्तों द्वारा मनाया जाता है। मथुरा से थोड़ी दूरी पर विराजमान गोवर्धन पर्वत की भक्त लोग पूरे वर्ष परिक्रमा करते हैं।

कई भक्त लोग अपनी मनोकामना पूरी होने के पश्चात 22 किलोमीटर की परिक्रमा जमीन पर लेट-लेट कर भी करते हैं। आज मठ मंदिर में सुबह से ही भक्तों में उल्लास का माहौल था। दोपहर को भगवान गोवर्धन गिरिराज जी की महाआरती एवं 56 तरह के व्यंजनों का भोग लगाया गया और परिक्रमा की गई।

### गाय की विशेष पूजा-अर्चना की गई

इस अवसर पर आज गाय की विशेष रूप से पूजा-अर्चना, वंदना-आरती की गई। गाय के शुद्ध देसी घी से प्रज्वलित दीपकों से महा आरती की गई। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं यजमान प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश गुप्ता रहे। भक्तों ने इस अवसर पर नृत्यगान हरि नाम संकीर्तन एवं फूलों की वर्षा कर आनंद प्राप्त किया। उसके पश्चात स्वादिष्ट प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया व हज़ारों भक्तों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण कर आनंद प्राप्त किया।

# चंडीगढ़ में गोवर्धन पूजा: गोबर से बना 15 फीट ऊंचा पर्वत, इस्कॉन मंदिर में की गईं तैयारियां



फोटो: अजीत कौशल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** गोवर्धन पूजन के लिए गौशाला सेक्टर-45 में गाय के गोबर से पर्वत तैयार किया जा रहा है। यह पर्वत गौशाला संचालक गौरी-शंकर सेवादल की तरफ से तैयार किया जा रहा है। 8 फीट चौड़े और 15 फीट ऊंचे पर्वत का निर्माण गौशाला सेवादारों की तरफ से किया जा रहा है जिस में दोपहर 12 बजे से पूजा और उसके बाद लंगर का आयोजन होगा। चार बजे तक गोवर्धन पूजा के बाद विश्वकर्मा पूजा की जाएगी।

गौशाला सेक्टर-45 के अलावा शहर के विभिन्न मंदिरों में गोवर्धन पूजा की जा रही है। सेक्टर-20 स्थित गौड़ीय मठ मंदिर में पूजा के लिए चावलों से गोवर्धन पर्वत तैयार किया जा रहा है जबकि तालाब में कढ़ी को डालकर तैयार किया जा रहा है। इसी प्रकार से सेक्टर-36 स्थित इस्कान मंदिर में भी गोवर्धन पूजा के लिए विशेष तैयारियां की गई है जहां पर दोपहर से ही पूजा-अर्चना और उसके बाद लंगर का आयोजन होगा।

### पूर्व डीजीपी मुहम्मद मुस्तफा ने तोड़ी चुप्पी, बोले-

# मानसिक अस्थिरता और नशे की लत ने छीन लिया मेरा बेटा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मोहम्मद मुस्तफा ने अपने बेटे अकील की रहस्यमयी मौत पर पहली बार सार्वजनिक बयान दिया है। 16 अक्टूबर को अकील अपने घर में मृत पाया गया था। अब मुस्तफा ने अपने बेटे की मानसिक हालत और उससे जुड़ी परेशानियों पर खुलकर बात की है।

मुस्तफा ने बताया कि अकील लंबे समय से मानसिक तनाव और नशे की गिरफ्त में था। उन्होंने बताया '2024 से उसका व्यवहार अचानक बदलने लगा। वह हिंसक हो गया था, परिवार से दूरी बनाने लगा था। कई बार तो स्थिति इतनी बिगड़ गई कि हमें पुलिस या डॉक्टर को बुलाना पड़ा।

उन्होंने एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए कहा, '2008 में उसने अपनी ही मां पर हमला किया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। हम लगातार उसका इलाज करवाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह हर बार भाग जाता था।'

### परिवार पर गंभीर आरोप, वीडियो में कही थीं आपत्तिजनक बातें

पूर्व डीजीपी ने बताया कि अकील ने अपनी मानसिक अस्थिरता के चलते परिवार की महिलाओं पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। एक वायरल वीडियो में उसने कहा था कि घर की महिलाएं गलत धंधे में लिप्त हैं। मुस्तफा ने भावुक होते हुए कहा, 'वह नहीं समझ पा रहा था कि क्या कह रहा है। एक पिता के लिए ये बातें सुनना बेहद तकलीफदेह था।'

### मौत की जांच एसआईटी के हवाले, राजनीतिकरण पर नाराज़गी

मुस्तफा ने स्पष्ट किया कि उन्होंने खुद पोस्टमॉर्टम की मांग की थी ताकि सच्चाई सामने आ सके। अब मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की गई है। साथ ही उन्होंने कुछ लोगों पर इस संवेदनशील मामले को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा-मेरे बेटे की मौत का असली कारण उसकी मानसिक हालत और नशे की लत थी। इसे किसी साजिश या राजनीतिक एंगल से जोड़ना सरासर गलत है।

# धनास की पटियाला की राव चो में शव मिलने से सनसनी, हत्या का मामला दर्ज


अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** थाना सारंगपुर क्षेत्र एरिया के अंतर्गत धनास स्थित पटियाला की राव चो में बीते दिन एक लाश गली सड़ी अवस्था में मिलने से पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। जबकि मामले में आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जानकारी के अनुसार धनास निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका भाई 15 अक्तूबर से 19 अक्तूबर के बीच घर से लापता था। जबकि 19 अक्टूबर को किसी राहगीर ने धनास स्थित पटियाला की राव चो में एक शव देखा। जिसके चलते हड़कंप मच गया था। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए थे। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि शव 3/4 दिन पुराना था और बॉडी फूल चुकी थी। लेकिन उस वक्त पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस को उसी दिन शाम को पता चला कि शव धनास के रहने वाले 25 वर्षीय आकाश था। जो कि घर से लापता था। पुलिस आरोपियों की पहचान करने के लिए पता करा रही है। घर वालों को शक है कि उसकी हत्या बंटी और तीन अन्य पर आरोप लगाया गया है।

प्रारंभिक जांच में न तो कोई सुसाइड नोट मिला और न ही हत्या या आत्महत्या का कोई ठोस सुराग। थाना पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या मोबाइल फोन बरामद नहीं हुआ। पुलिस अब आकाश की कॉल डिटेल खंगाल रही है ताकि पता चल सके कि घर से निकलने के बाद उसका संपर्क किन लोगों से रहा। साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांच की जा रही है ताकि स्पष्ट हो कि आकाश झील तक कैसे पहुंचा और उसके साथ कौन-कौन था। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई है।

# काउंसलर सौरभ जोशी ने एफ एंड सीसी की बैठक के मिनट्स में की गई छेड़छाड़ की निंदा की

गवर्नर-कम-एडमिनिस्ट्रेटर के समक्ष करेंगे शिकायत



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** काउंसलर सौरभ जोशी ने नगर निगम, चंडीगढ़ की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी (एफएंड सीसी) की 26 सितंबर 2025 को हुई बैठक के आधिकारिक रिकॉर्ड में की गई जानबूझकर छेड़छाड़ और महत्वपूर्ण प्रस्ताव को हटाने की कड़ी निंदा की है।

उक्त बैठक में काउंसलर सौरभ जोशी द्वारा दीवाली पर्व के अवसर पर लगाए जाने वाले स्टॉल्स की अनुमति को गुरुपुरब (5 नवम्बर 2025) तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था। यह प्रस्ताव चल रहे त्योहारों के मौसम और भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे 'जीएसटी उत्सव' के मद्देनज़र लाया गया था। इस प्रस्ताव को माननीय मेयर एवं सभी एफ एंड सीसी सदस्यों ने समर्थन देते हुए बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया था। किन्तु आज सायंकाल जब उक्त बैठक के आधिकारिक मिनट्स प्राप्त हुए, तो यह देखकर आश्चर्य और आक्रोश हुआ कि उक्त प्रस्ताव एवं पारित संकल्प को रिकॉर्ड से जानबूझकर हटा दिया गया है।

'यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है कि नगर निगम के भीतर आधिकारिक 'मिनट्स' में इस प्रकार की हेराफेरी की जा रही है। काउंसलर सौरभ जोशी ने कहा-यह कार्य न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान है, बल्कि कुछ अधिकारियों की दुर्भावनापूर्ण मानसिकता को दर्शाता है, जो स्वयं को जनरल हाउस और एफ एंड सीसी से ऊपर समझते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि बैठकों के मिनट्स में छेड़छाड़ का यह सिलसिला बार-बार दोहराया जा रहा है, जिससे नगर निगम की पारदर्शी और लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली का मज़ाक उड़ाया जा रहा है।

जोशी ने कहा-'इस प्रकार के अवैध और अनुचित कृत्य जनता के विश्वास को तोड़ते हैं और लोकतंत्र की नींव को कमजोर करते हैं। पार्षद अधिकारी-कर्मचारियों पर यह भरोसा करते हैं कि वे कार्यवाही को ईमानदारी से दर्ज करेंगे, परंतु बार-बार की जा रही यह हेराफेरी जानबूझकर तथ्यों को तोड़-मरोड़ने का प्रयास है। इस पर तत्काल जांच होनी चाहिए।

काउंसलर सौरभ जोशी ने यह भी कहा कि कुछ अधिकारियों का यह रवैया व्यापारियों और शहरवासियों के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है, जो हर जनहित कार्य में बाधाएं उत्पन्न कर रहे हैं। जोशी ने कहा-'एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार 'जीएसटी उत्सव' मना रहे हैं ताकि व्यापार, उद्यमिता और जन-सहभागिता को प्रोत्साहित किया जा सके, वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ नगर निगम के कुछ अधिकारी इसी जनकल्याण की भावना में अवरोध पैदा करने में लगे हुए हैं।

काउंसलर सौरभ जोशी ने घोषणा की कि वे इस पूरे प्रकरण की औपचारिक शिकायत गवर्नर-कम-एडमिनिस्ट्रेटर, यू.टी. चंडीगढ़ के समक्ष दर्ज कराएंगे और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच एवं सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने यह भी मांग की कि बैठक के मूल प्रस्ताव एवं पारित संकल्प को मिनट्स में पुनः बहाल किया जाए और भविष्य में इस प्रकार की छेड़छाड़ को रोकने के लिए सख्त व्यवस्था एवं निगरानी तंत्र लागू किया जाए।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान ने पकड़ी रफ्तार

जनता के बीच जोर पकड़ रहा चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस का अभियान



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 अक्टूबर।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान 'वोट चोर गद्दी छोड़' अब तेज़ी से रफ्तार पकड़ रहा है। इस अभियान को शहरवासियों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है, जो मोदी नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने और चुनावी प्रक्रिया में हेराफेरी के खिलाफ अपनी नाराज़गी व्यक्त कर रहे हैं।

अभियान के तहत आज चंडीगढ़ कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 5,500 नागरिकों के हस्ताक्षर चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच. एस. लक्की को सौंपे गए। इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन आसिफ चौधरी के साथ प्रमुख नेता मोहम्मद सादिक, जाहिद परवेज़ खान, मुकेश कुमार, डॉ. इरशाद हसन, मोहम्मद सुलेमान, जाफर तथा कई वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अब तक कांग्रेस पार्टी द्वारा 50,000 से अधिक हस्ताक्षर एकत्र किए जा चुके हैं और आने वाले दिनों में 1,00,000 हस्ताक्षर पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान शहर के हर सेक्टर में तेज़ी से फैल रहा है और जनता का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच. एस. लक्की ने कहा-'हमारे 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान को जनता का जो जबरदस्त समर्थन मिला है, वह भाजपा सरकार के खिलाफ जनता के गुस्से और असंतोष को दर्शाता है। देश और चंडीगढ़ की जनता अब समझ चुकी है कि किस तरह सत्तारूढ़ पार्टी ने संस्थाओं को कमजोर किया, विपक्ष की आवाज़ दबाई और निष्पक्ष चुनाव की भावना को ठेस पहुँचाई। कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर लोकतंत्र की रक्षा और संविधान की मर्यादा बहाल करने के इस संघर्ष में पूरी मजबूती से खड़ी है। हर हस्ताक्षर जनता के प्रतिरोध की आवाज़ और न्याय की मांग का प्रतीक है।'

# पर्यावरण के संरक्षण के संदेश के साथ पर्यावरण दरबार का आयोजन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह




**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** सूर्य उपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभागमन के उपलक्ष्य में जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के संदेश को प्रचारित और प्रसारित करने का जनभागीदारी कार्यक्रम की शुरुआत सन लेक सेक्टर 42 चंडीगढ़ से शुरू किया गया और त्रिशक्ति मंदिर सेक्टर 49 चंडीगढ़ में पूजनीय शशि माता जी के सानिध्य में पर्यावरण दरबार का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

फाउंडेशन के संस्थापक पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने बताया कि दिवाली के बाद पूर्वांचल के परिवारों में छठ पूजा की तैयारी की शुरुआत सात्विक दिनचर्या और छठ के लोकगीत के साथ हो जाता है। इस वर्ष 25 अक्टूबर से नहाए खाये के साथ छठ पूजा की शुरुआत होगी, 26 को खरना,27 को सायंकाल डूबते सूर्य को अर्घ्य तथा 28 अक्टूबर को सुबह सूर्योदय के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य देकर लोक आस्था का पर्व संपन्न होगा।पिछले कई वर्षो से फाउंडेशन के समर्पित सदस्यों और सहयोगियों के समर्पण से पर्यावरण के जागरूकता अभियान को जन जन तक पहुँचाने का सक्रिय प्रयास किया जा रहा है।

पर्यावरण दरबार में परम पूजनीय शशि माताजी ने बताया कि सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा पूर्ण रूप से पर्यावरण को समर्पित है और इससे पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन का संदेश मिलता है।हम सभी को अपना जीवन पर्यावरणपरक रखना चाहिए।

# अग्निशमन एवं बचाव सेवाएं एमसीसी ने सुरक्षित और दुर्घटना-मुक्त दिवाली उत्सव-2025 सुनिश्चित किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** दिवाली उत्सव-2025 की प्रत्याशा में, चंडीगढ़ नगर निगम की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने त्योहारों के दौरान शहर के सभी निवासियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए एक सावधानीपूर्वक नियोजित सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया रणनीति लागू की।

**शहर-व्यापी लामबंदी योजना:** चंडीगढ़ को सात रणनीतिक अग्नि क्षेत्रों में विभाजित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक की देखरेख एक स्टेशन अग्निशमन अधिकारी द्वारा की जाती थी। इससे सभी क्षेत्रों में त्वरित और प्रभावी कवरेज संभव हुआ।

**अग्निशमन वाहनों की रणनीतिक तैनाती:** पटेल मार्केट (सेक्टर-15), प्लाजा (सेक्टर-17), सदर/पालिका बाजार (सेक्टर-19), शास्त्री मार्केट (सेक्टर-22) को कवर करने वाले अरोमा लाइट पॉइंट, अनाज मंडी (सेक्टर-26) और मुख्य बाजार (मनीमाजरा) सहित अधिक भीड़-भाड़ वाले और संवेदनशील क्षेत्रों में दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया।

**पटाखा बिक्री स्थलों पर तैनाती:** सुरक्षा सुनिश्चित करने और ज़रूरत पड़ने पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित 12 पटाखा बिक्री स्थलों पर अग्निशमन वाहन तैनात किए गए थे।

**स्टेशन की तैयारी:** आपातकालीन स्थितियों से तुरंत निपटने के लिए सभी निर्दिष्ट अग्निशमन केंद्रों पर अग्निशमन वाहन स्टैंडबाय पर रहे।

**कर्मचारियों की उपलब्धता:** त्योहार के दौरान अग्निशमन कर्मियों की पूर्ण तैनाती सुनिश्चित करने के लिए 19 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 2025 तक सभी परिचालन अवकाश प्रतिबंधित कर दिए गए थे।

**कर्मचारियों का पुनर्निर्धारण:** क्षेत्र-स्तरीय प्रतिक्रिया को मज़बूत करने के लिए विभिन्न एमसीसी शाखाओं में तैनात अग्निशमन कर्मचारियों को स्टेशन अग्निशमन अधिकारियों के अधीन पुनर्नियुक्त किया गया।

**वास्तविक समय समन्वय:** अधिकारियों और क्षेत्रीय कर्मचारियों के बीच निर्बाध समन्वय और संचार के लिए एक समर्पित व्हाट्सएप समूह स्थापित किया गया था।

**उपकरण और प्राथमिक चिकित्सा तैयारी:** सभी अग्निशमन वाहनों की पूरी तरह से जाँच की गई और ज़रूरत पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए प्राथमिक चिकित्सा किट पूरी तरह से भर दी गई।

**जल स्त्रोतों का निरीक्षण:** अग्निशमन कार्यों के दौरान निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एमसीसी के इंजीनियरिंग विंग ने सभी जल भराव बिंदुओं का निरीक्षण किया।

**उच्च अलर्ट स्थिति:** आग से संबंधित किसी भी घटना पर तत्काल प्रतिक्रिया के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को उच्च अलर्ट पर रखा गया था।

### दिवाली उत्सव-2025 के दौरान आपातकालीन प्रतिक्रिया

20 अक्टूबर, 2025 को, अग्निशमन एवं बचाव सेवा एमसीसी ने 18 आपातकालीन कॉलों का जवाब दिया, जिनमें एक फर्जी कॉल भी शामिल थी। अधिकांश घटनाएँ कूड़े के ढेर, सूखी घास और अपशिष्ट पदार्थों में लगी मामूली आग से संबंधित थीं। त्वरित कार्रवाई के कारण किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि या गंभीर चोट की सूचना नहीं मिली। संपत्ति की क्षति न्यूनतम और स्थानीय थी। अग्निशमन दलों का औसत प्रतिक्रिया समय लगभग 5 से 6 मिनट था, जो उच्च दक्षता और तत्परता को दर्शाता है। इस वर्ष आग से संबंधित घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, और केवल 17 वास्तविक कॉल दर्ज की गईं, जबकि 2023 में 21 और 2024 में 20 कॉल दर्ज की जाएँगी। इस सकारात्मक रुझान का श्रेय अग्निशमन विभाग, एमसीसी द्वारा संचालित व्यापक अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियानों और सामुदायिक आउटरीच पहलों को जाता है। एमसीसी की अग्निशमन एवं बचाव सेवाएँ जन सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग हैं और नागरिकों से सभी त्योहारों के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह करती रहती हैं। विभाग निवासियों और हितधारकों के सहयोग की सराहना करता है, जिन्होंने पूरे शहर में एक सुरक्षित और आनंदमय दिवाली उत्सव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सम्पादकीय

# पंजाब में आईएसआई की शह पर आतंकियों का बढ़ता दुस्साहस

ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान अब हर उस तरीके पर काम कर रहा है, जिससे वह भारत को नुकसान पहुंचा सके। इस कड़ी में उसकी नजर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को और जघन्य रूप देने की है, वहीं पंजाब जोकि आईएसआई के दर्द की एक और वजह है, के जरिये देश में शांति और व्यवस्था का माहौल खराब करने की मंशा है। इसका पता इस घटना से मिलता है, जब पंजाब के ही युवाओं को आईएसआई की ओर से भेजे टैंक को भी नष्ट कर सकने की क्षमता वाले आरपीजी के साथ पकड़ा जाता है। यह कितना गंभीर और सनसनीखेज मामला है कि इस आरपीजी का इस्तेमाल पंजाब में किसी सरकारी या पुलिस संस्थान की इमारत को क्षतिग्रस्त करना था। निश्चित रूप से अगर आतंकी अपने मंसूबों में पूरे हो जाते तो इससे भयंकर जन और धन की हानि होनी थी। हालांकि पंजाब पुलिस की सतर्कता काम आई है और अमृतसर इलाके में पुलिस की स्पेशल सेल ने दो आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया। बेशक, यह बला टल गई है, लेकिन जिस प्रकार के इनपुट सुरक्षा एजेंसियों को मिल रहे हैं और जिम्मेदार मीडिया में जैसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं, उनके अनुसार आईएसआई पंजाब में शांति और सुरक्षा को क्षतिग्रस्त करने के लिए काम पर जुटी हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पंजाब का युवा जोकि पहले ही नशे की जद में है, अब आईएसआई का गुर्गा बनना पसंद कर रहा है और ऐसा वह पैसे और नशे के लिए कर रहा है। गुरुओं की धरती पर युवाओं का यह रूप बेहद शर्मसार करने वाला है। अपने ही राज्य एवं देश से गद्दारी की यह घिनौनी तस्वीर दिल दहलाने वाली है।

**इसमें अब कोई शक नहीं रह जाता कि पंजाब में आतंकवाद का दौर लौटाने के लिए किस प्रकार देश एवं पंजाब विरोधी ताकतें बेचैन हैं। राज्य बीते कई वर्षों से रह-रह कर ऐसे हमले झेल रहा है, जोकि इस राज्य की शांति और व्यवस्था को पलीता लगा रहे हैं। हालांकि मौजूदा आप सरकार के वक्त राज्य में आतंकवादियों और गरम सोच के लोगों पर कड़ी कार्रवाई यह बताती है कि राज्य में हालात बेकाबू नहीं हुए हैं। पंजाब पुलिस एक काबिल फोर्स है, जिसने खुद को साबित किया है, लेकिन अब वही फोर्स नए दौर में नई चुनौतियों का बखूबी सामना कर रही है और उस पर कामयाबी भी हासिल कर रही है**

गौरतलब है कि ऐसी रपट सामने आ रही हैं आईएसआई बब्बर खालसा इंटरनेशनल के जरिये पंजाब में दहशत फैलाने की साजिश रच रही है। बीकेआई नामक यह आतंकी संगठन दुनियाभर के तमाम देशों में फैला है और लंबे समय से सक्रिय है। यह भी सामने आ रहा है कि पंजाब में तमाम आतंकी संगठन हैं, लेकिन अब आईएसआई ने अपनी पूरी ताकत पंजाब को अस्थिर करने में लगा दी है वहीं इन सभी आतंकी संगठनों को बीकेआई के तहत संगठित कर दिया है। यानी दुश्मन का एक चेहरा नहीं है अपितु दर्जनों चेहरों के साथ वह पंजाब की खुशहाली पर नजर रखे हुए है और उसे नष्ट करने की चाल रहा है। पंजाब में बीते कुछ समय के दौरान आतंकी वारदातें बढ़ी हैं वहीं पाकिस्तान की ओर से हथियार और नशे की खेप एवं पैसा भेज कर युवाओं को खरीदा जा रहा है। जासूसी की आरोपी ज्योति जैसे तमाम युवा ऐसे आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं। ऐसा भी बताया गया है कि पंजाब के पुराने लोग जिन्होंने आतंकवाद का भीषण चेहरा देखा था, अब खालिस्तान के नाम पर नहीं चाहते कि फिर से वही दौर लौटे। हालांकि युवाओं को बहकाया जा रहा है और उन्हें मोटे पैसे का लालच देकर अपने ही राज्य एवं देश के प्रति गद्दारी करवाई जा रही है। बताया गया है कि खालिस्तान की सोच को फिर हवा दी जा रही है, अस्सी के जमाने में खालिस्तान की इसी सोच को भडक़ाने का काम आईएसआई ने किया था, लेकिन तब पंजाब को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। अब भी कट्टर सोच के लोगों के दिलों में ऐसी कोई चिंगारी जिंदा हो सकती है, लेकिन इतना तय है कि बदले दौर में लोग एकाएक बगैर किसी लोभ लालच के इस सोच के पीछे नहीं चल पड़ेंगे और यही वजह है कि आईएसआई ने भारी पैसा झोंक दिया है। यानी इस बार की लड़ाई कुछ अलग है, पैसा ही पीर है। यह किसी भी सोच को सही साबित कर सकता है और उसे झुठला भी सकता है। मजबूर, बेरोजगार, बेहाल लोग इसके तुरंत शिकार बन रहे हैं और एक व्यापक आंतरिक आतंकवाद का पुनर्जन्म हो रहा है।

इसमें अब कोई शक नहीं रह जाता कि पंजाब में आतंकवाद का दौर लौटाने के लिए किस प्रकार देश एवं पंजाब विरोधी ताकतें बेचैन हैं। राज्य बीते कई वर्षों से रह-रह कर ऐसे हमले झेल रहा है, जोकि इस राज्य की शांति और व्यवस्था को पलीता लगा रहे हैं। हालांकि मौजूदा आप सरकार के वक्त राज्य में आतंकवादियों और गरम सोच के लोगों पर कड़ी कार्रवाई यह बताती है कि राज्य में हालात बेकाबू नहीं हुए हैं। पंजाब पुलिस एक काबिल फोर्स है, जिसने खुद को साबित किया है, लेकिन अब वही फोर्स नए दौर में नई चुनौतियों का बखूबी सामना कर रही है और उस पर कामयाबी भी हासिल कर रही है। पंजाब देश का सबसे अहम और संवेदनशील राज्य है, अगर यहां पर माहौल बिगड़ता है, तो इससे पूरा देश प्रभावित होता है। विश्लेषक मानते हैं कि राजनीतिक फायदे की बजाय पंजाब के दीर्घ हितों के लिए काम किया जाना चाहिए। राजनीतिक विवाद पंजाब की शांति को खत्म ही करते आए हैं। यह राज्य स्थायी विकास और शांति चाहता है, इसे दहशत और खून-खराबे से बचाया जाना चाहिए।

# हर कॉल के बाद झूठा दावा करने वाले ट्रंप से क्या मोदी को आसियान सम्मेलन में मिलना चाहिए?



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ऐसा बयान दिया है जिसने न केवल कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि यह भी दिखाया है कि वाशिंगटन की राजनीति में भारत का उल्लेख प्रायः घरेलू उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दीपावली समारोह के दौरान दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से बहुत अधिक तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा, 'मोदी ने बताया है कि भारत अब रूस से बहुत ज्यादा तेल नहीं खरीदेगा। वे भी चाहते हैं कि यूक्रेन युद्ध समाप्त हो।' वहीं बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप आपके फोन करने और दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस पर्व पर दोनों महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट रहें।''

गौर करने वाली बात यह है कि मोदी और ट्रंप के बीच 16 सितंबर के बाद से फोन पर हुई यह तीसरी बातचीत है जिसकी सार्वजनिक रूप से जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक जानकारी में जहां प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी कोई बात नहीं कही है जिससे यह प्रदर्शित होता हो कि रूसी तेल को लेकर दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत हुई तो वहीं ट्रंप ने अपने बयान में रूसी तेल खरीद को लेकर फिर से अपना पुराना दावा दोहरा दिया है। हम आपको बता दें कि मंगलवार रात को ट्रंप ने दिवाली समारोह का आयोजन किया था जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा और कई प्रमुख भारतीय मूल के व्यापारिक नेता शामिल हुए। समारोह में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर से अपना यह दावा दोहराया कि भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। देखा जाये तो यह दावा न तो भारत सरकार की किसी आधिकारिक घोषणा में परिलक्षित होता है और न ही वैश्विक तेल बाजार के आँकड़े इसे पुष्ट करते हैं। तेल व्यापार जगत के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की रूसी तेल खरीद में कोई विशेष कमी नहीं आई है; अधिकांश सौदे पहले से तय अनुबंधों के अंतर्गत चल रहे हैं।

देखा जाये तो ट्रंप के इस वक्तव्य के दो प्रमुख पहलू हैं– पहला, यह कि वह 'आश्वासन' का दावा कर रहे हैं, जबकि भारत ने ऐसा कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। दूसरा, ट्रंप ने खुद अपने पहले के दावे को थोड़ा नरम करते हुए कहा कि भारत पूरी तरह नहीं, 'काफी कम' तेल खरीदेगा। यह बदलाव संकेत देता है कि या तो उन्हें पहले गलत जानकारी दी गई थी, या वे जानबूझकर ऐसी बातें करते हैं जो घरेलू राजनीतिक संदेशों के लिए उपयोगी हों।

दूसरी ओर, भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि उसकी ऊर्जा नीति 'राष्ट्रीय हित' से संचालित होती है और जब तक पश्चिमी प्रतिबंध भारत पर लागू नहीं हैं, वह सस्ते रूसी कच्चे तेल का आयात जारी रखेगा। ऐसे में ट्रंप के बयान का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं दिखता।

वैसे यह पहली बार नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत का हवाला देते हुए भ्रामक या अतिशयोक्तिपूर्ण दावा किया हो। ट्रंप की राजनीति में 'सुपर डीलमेकर' की छवि बनाये रखना आवश्यक है। वह हर अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल को 'एक बड़ी डील' के रूप में प्रस्तुत करते हैं ताकि अमेरिकी मतदाताओं को लगे कि वह विश्व मंच पर 'अमेरिका फर्स्ट' नीति को सफल बना रहे हैं। भारत जैसे बड़े लोकतंत्र के साथ मित्रवत संबंध उनके लिए प्रचार का सबसे आसान माध्यम है– क्योंकि यहां का प्रवासी भारतीय समुदाय अमेरिकी चुनावी परिदृश्य में एक प्रभावशाली वर्ग बन चुका है।

उधर, प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह स्थिति नाजुक है। भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंध गहरे हो रहे हैं– क्वॉड, इंडो-पैसिफिक और तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में दोनों देश निकटता बढ़ा रहे हैं। लेकिन जब अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार ऐसे 'फर्ज़ी या अधूरे' दावे करते हैं जो भारत की संप्रभु नीति पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं, तो दिल्ली की प्रतिक्रिया केवल शालीन मौन तक सीमित नहीं रह सकती। भारत का विदेश मंत्रालय अब तक ट्रंप के बयानों पर 'नो कमेंट' नीति अपनाता आया है, किंतु इससे यह जोखिम रहता है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिकी दावा धीरे-धीरे 'स्वीकार्य धारणा' बन सकता है। इसीलिए, भारत को स्पष्ट रूप से यह संकेत देना चाहिए कि ऊर्जा नीति या रूस से व्यापार जैसे निर्णय किसी बाहरी दबाव के अधीन नहीं लिए जाते।

अब सवाल उठता है कि क्या ट्रंप के ऐसे भ्रामक दावों के बीच मोदी का उनसे मिलना ठीक रहेगा? हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की संभावित भेंट अगले सप्ताह मलेशिया में होने वाले आसियान सम्मेलन के दौरान हो सकती है। यह बैठक औपचारिक रूप से तय नहीं है, किंतु अगर होती है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या मोदी को ऐसे नेता से मिलना चाहिए जो हर बार बातचीत को 'घरेलू प्रचार' का हथियार बना देता है?

देखा जाये तो कूटनीति में संबंध बनाए रखना और गरिमा बचाए रखना दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। भारत अमेरिका से संबंध तोड़ नहीं सकता– लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि वह किसी भी मंच पर अपनी नीति को 'सहभागी' की तरह प्रस्तुत करे, ÷उपसंहारक÷ की तरह नहीं। मोदी सरकार को इस भेंट को 'औपचारिक संवाद' के स्तर तक सीमित रखना चाहिए और किसी भी संयुक्त बयान में ऐसे शब्दों से बचना चाहिए जिन्हें ट्रंप बाद में अपने राजनीतिक लाभ के लिए तोड़-मरोड़ सकें।

इसमें कोई दो राय नहीं कि डोनाल्ड ट्रंप की शैली त्वरित, आत्म-केन्द्रित और प्रचारमुखी है। वह हर वार्ता को 'शो' में बदल देते हैं। भारत जैसे परिपक्व लोकतंत्र के लिए ऐसे प्रदर्शनों में भागीदार बनना न तो आवश्यक है, न लाभकारी। भारत को अपने हित में, अपने स्वर में और अपने तथ्यों के आधार पर बोलना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति के 'दीपावली डिप्लोमेसी' में शामिल होना तो ठीक है, पर उनके 'फर्जी तेल-सत्य' के खेल में नहीं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी शक्ति वही होती है जो अपने शब्दों पर टिकी रह सके और भारत को यही दिखाना होगा कि उसकी नीतियाँ किसी 'ट्रंप टेलीफोन कॉल' से नहीं, बल्कि उसकी अपनी ऊर्जा, रणनीति और आत्मविश्वास से संचालित होती हैं।

### अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

## सीमा पर स्थिति सेना के काबू में, मिलिटेंटों का स्वयं भू कमांडर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जे.के.एलएफ) तथा पाक अधिकृत कश्मीर के कुछ अन्य संगठनों द्वारा कल वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर भारत में घुस आने की जो धमकी दी हुई है, उसके दृष्टिगत भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा जम्मू व उसकी पूंछ राजौरी सीमा रेखाओं तथा कश्मीर में पूरी-पूरी चौकसी बरती जा रही है। प्राप्त समाचारों के मुताबिक जम्मू कश्मीर के इर्द-गिर्द नियंत्रण रेखा पर स्थिति सामान्य है। सुरक्षा बलों ने किसी भी तरह की अपरिहार्य कार्यवाही से निपटने के लिए पूरी तेयारी कर रखी है।

सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि पूंछ और राजौरी के दर्रों में बारुदी सुरंग बिछाई गई है, ताकि घुसपैठिये सीमा रेखा पार कर भारत में न घुसने पायें।

कश्मीर के नियंत्रण रेखा के 5 कि.मी. क्षेत्र के भीतर सुरक्षा बलों की गश्त तेज कर दी गई है।


इस बीच सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के स्वयं भू कमांडर समीर खां को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है।

सूत्रों के मुताबिक सीमा पार कई स्थानों पर लोगों के एकत्रित होने की खबरें हैं। गुलाम कश्मीर में मस्जिदों में बार-बार ऐलान किये जा रहे हैं। जिनमें कहा जा रहा है कि लोगों को चाहिए कि सीमा पर एकत्रित होकर कश्मीर को भारत के चंगुल से आजाद करने के अभियान में इस समय एकजुट होकर कूद पड़ें। लेकिन इन लोगों में इसके प्रति कोई विशेष उत्साह नहीं है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1764 - मीर कासिम बक्सर की लड़ाई में पराजित हुआ।
1910 - ब्लांश एस स्कॉट अमेरिका में अकेले हवाई जहाज उड़ाने बनाने वाली पहली महिला बनीं।
1915 - न्यूयार्क में लगभग 25,000 महिलाओं ने मतदान के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।
1942 - अल अलामीन के युद्ध में मित्र राष्ट्रों ने जर्मन सेना को पराजित किया।
1943 - नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की 'झांसी की रानी ब्रिगेड़' की सिंगापुर में स्थापना की।
1946 - त्रिग्वेली (नार्वे) संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव नियुक्त। संयुक्त राष्ट्र महासभा की न्यूयार्क में पहली बार बैठक।
1958 - रूसी कवि एवं उपन्यासकार बोरिस पास्तरनाक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला।
1973 - अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड एम निक्सन वाटरगेट मामले में टेप जारी करने पर सहमत हुए।
1978 - चीन और जापान ने चार दशकों से चले आ रही शत्रुता को औपचारिक रूप से समाप्त किया।
1980 - लीबिया एवं सीरिया द्वारा एकीकरण की घोषणा।
1989 - हंगरी ने स्वयं को गणराज्य घोषित किया। हंगरी सोवियत संघ से 33 वर्षों के बाद आजाद होकर एक स्वतंत्र गणराज्य बना।
1998 - जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने पहले बैंक का राष्ट्रीयकरण किया।
2000 - अमेरिकी विदेशी मंत्री मेडलिन अल्ब्राइट की उत्तरी कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग ली के साथ ऐतिहासिक मुलाकात।
2001 - नासा के मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने मंगल ग्रह की परिक्रमा शुरू की।
2003 - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को ईरान ने अपनी परमाणु रिपोर्ट सौंपी।
2006 - सूडान सरकार ने संयुक्त राष्ट्र संघ के दूत को देश छोड़ने का आदेश दिया।
2007 - कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर आर.के. राघवन को अपने नये सलाहकारी बोर्ड में नियुक्त किया।
2008 - नया कम्पनी विधेयक 2008 लोकसभा में पेश हुआ।
2011 - तुर्की के वान प्रांत में 7.2 तीव्रता का भूकंप, 582 लोगों की मौत, हजारों घायल।

## बोल ब्यूटीफुल



**मिन्हाज मर्चेंट:** पिछले साल के मुकाबले इस साल दिवाली पर बिक्री में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को देखने को मिली। पूंजीगत वस्तुओं, आभूषण, एफएमसीजी, मोबाइल, लैपटॉप और फर्नीचर की रिकार्ड बिक्री देखने को मिली। अर्थ व्यवस्था को लेकर यह दीवाली बहुत शुभ संकेत देकर गई है।

**तेमजिन इमना अलांग:** इस दुनिया में किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना बहुत बड़ी बात है और असरानी साहब ने अपनी जिंदगी में हमें यह तोहफा दिया। उनकी बेहतरीन कामिक टाइमिंग, यादगार अदाएं और शोले, चुपके-चुपके जैसी फिल्मों में उनकी खास आवाज हमेशा याद रहेगी।

**अखिलेश शर्मा:** सोना एक अनुत्पादक परिसंपति है। भारत जैसे देश में इसका भारी पैमाने पर आयात विदेशी मुद्रा भंडार पर विपरीत प्रभाव डालता है और अन्य उपयोगी कार्यों में प्रयोग हो सकने वाला धन इस गैर उत्पादन की वस्तु में खर्च हो जाता है। इसलिए अगली बार जब सोना खरीदने जाएं तो इन पहलुओं का भी ध्यान रखें।

# हिमाचल प्रदेश सरकार ने जनजातीय विकास को गति दी

## 35,000 से अधिक जनजातीय परिवारों को लाभान्वित करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये का निवेश

समावेशी और संतुलित विकास को प्राथमिकता देते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास कार्यों पर पिछले अढाई वर्षों में 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ जनजातीय विकास को गति प्रदान की है। इस पहल से बेहतर बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक बेहतर पहुंच, आजीविका सृजन कार्यक्रमों और बेहतर सामाजिक सेवाओं के माध्यम से 35,000 से अधिक जनजातीय परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त हुआ है। नई सड़कें, पुल, आवासीय विद्यालय, स्वास्थ्य सुविधाएं और समुदाय परिसंपत्तियों तथा हस्तक्षेप सामाजिक-आर्थिक परिदृष्य में लगातार बदलाव ला रहे हैं।

जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम को 2022-23 के लिए 855 करोड़ रुपये, 2023-24 में 857.14 करोड़ रुपये, 2024-25 में 890.28 करोड़ रुपये और 2025-26 के लिए 638.73 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजटीय प्रावधानों के साथ एक मजबूत वित्तीय आधार तैयार किया है। सड़क, पुल, परिवहन अवसंरचना और सार्वजनिक भवनों सहित प्रमुख नागरिक कार्यों के लिए 2022-23 में 290.58 करोड़ रुपये, 2023-24 में 287.99 करोड़ रुपये और 2024-25 में 62.92 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई, जबकि 2025-26 के लिए 125.06 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

ऊंचे और कम आबादी वाले क्षेत्रों में सेवा वितरण की चुनौती को समझते हुए, सरकार ने दूरदराज के बस्तियों में बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं को सुदृढ़ किया है। स्वास्थ्य उप-केंद्रों का उन्नयन किया गया है, मोबाइल आउटरीच और रेफरल इकाइयां स्थापित की गई हैं, जबकि पेयजल और बिजली आपूर्ति को और अधिक विश्वसनीय बनाया गया है। बागवानी, पशुपालन और स्थानीय उपज के मूल्यवर्धन से जुड़ी आजीविका सहायता ने जनजातीय परिवारों की आय को स्थिर करने में मदद की है।



वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत, किन्नौर, पूह और स्पीति में 75 सीमांत बस्तियों के लिए विकास योजनाएं तैयार की गई है और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और आर्थिक अवसरों को मज़बूत करने के लिए विकास योजनाएं तैयार की गई हैं। इन गाँवों में कनेक्टिविटी, आवास और सामुदायिक संपत्तियों पर काम शुरू हो चुका है।

इसके अतिरिक्त शिक्षा क्षेत्र को भी प्राथमिकता पर रखा गया है। निचार, भरमौर, पांगी और लाहौल में चार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में वर्तमान में 1,008 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जहां छठी कक्षा में हर साल 150 नए प्रवेश होते हैं। पांगी और लाहौल में नए स्कूल और छात्रावास परिसरों का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके लिए क्रमशः 2 करोड़ रुपये और 1.90 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं। सरकार ने 20-सूत्रीय कार्यक्रम के तहत अपने लक्ष्यों को हासिल करते हुए 2022-23 में 7,502 परिवारों के मुकाबले 2023-24 में 8,598 परिवारों, 2024-25 में 6,573 परिवारों के लक्ष्य के मुकाबले 12,663 परिवारों को कवर किया गया, जो लक्ष्य से लगभग दोगुना है। 2025-26 के लिए 6,314 परिवारों को लक्षित किया गया है।

वन अधिकार अधिनियम का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, जनजातीय जिलों में अधिकारियों और सामुदायिक प्रतिनिधियों को गहन प्रशिक्षण दिया गया। जून 2025 तक, 901 भूमि अधिकार जिनमें 755 व्यक्तिगत और 146 सामुदायिक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अप्रैल 2025 में लंबित दावों के एक समान और समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए वन अधिकार अधिनियम कार्यान्वयन कैलेंडर भी जारी किया गया है।

सरकार द्वारा स्थायी जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के लिए 40.29 करोड़ रुपये की लागत से भूमि हस्तांतरण, वैधानिक मंजूरियां और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य पूरा कर लिया है, जो जनजातीय विकास के लिए अनुसंधान, क्षमता निर्माण और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को गति प्रदान करेगा। निरंतर वित्त पोषण, मापनीय परिणामों और आवासीय विद्यालयों और एफआरए पट्टों के विस्तार से लेकर सीमावर्ती गांव के उन्नयन से लेकर विकास प्रस्तावित अनुसंधान संस्थान तक, संस्थागत निरंतरता के साथ, राज्य सरकार ने जनजातीय विकास को घोषणाओं से आगे बढ़ाकर जमीनी स्तर पर प्रत्यक्ष कार्यान्वयन की ओर अग्रसर किया है।

सरकार की पहल व विकास धरातल पर दिख रहा है और जनजनातीय समुदाय के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

## दुकानों में लगी आग मामले में 5 लोगों पर मुकद्दमा दर्ज

**शिमला।** राजधानी के उपनगर टुटू के समीप बनूटी चौक में दिवाली की रात दुकानों में आग लगने की घटना के मामले में पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 20 अक्तूबर की रात की है, जब बनूटी चौक पर स्थित मोबाइल रिपेयर और स्टेशनरी की दुकान अचानक आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मामले की शिकायत सविता देवी पत्नी संजय कुमार, निवासी डाकघर बनूटी, तहसील एवं जिला शिमला ने पुलिस थाना बालूगंज में दर्ज करवाई। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनकी मोबाइल रिपेयर और स्टेशनरी की दुकान को जोगिंद्र वर्मा, शैलेंद्र वर्मा, अमन वर्मा, आयुष वर्मा और रोहित वर्मा ने आग के हवाले कर दिया।

शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 326 (जी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना के समय आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

सूचना अधिकार अधिनियम पर उठ रहे सवाल

# ऊना आरटीओ ऑफिस में नियमों की अनदेखी, जनता को जवाब देने में टालमटोल

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा




**ऊना।** हिमाचल राज्य के ऊना आरटीओ कार्यालयों में सूचना अधिकार अधिनियम के नियमों की खुली अनदेखी की जा रही है। आरटीआई कानून के तहत निर्धारित समय सीमा में सूचना देना अनिवार्य है, लेकिन विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अब मनमाने तरीके से जवाब देने में देरी कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, जब कोई नागरिक आरटीआई लगाता है, तो अधिकारियों को 30 दिनों के भीतर जवाब देना होता है। लेकिन हिमाचल प्रदेश के ऊना समेत कई जिलों में देखा गया है कि अधिकारी किसी न किसी बहाने से मामलों को लटकाते रहते हैं। कभी ÷सूचना संकलन में समय लगेगा÷ कहकर टाल दिया जाता है, तो कभी ÷मामला तीसरे पक्ष से संबंधित÷ बताकर फाइल आगे बढ़ा दी जाती है। उसके बाद दुबारा पत्राचार होता है तो 2 दिन का समय लिया जाता है, मगर फिर भी आज दिन तक जानकारी नहीं मिल रही, क्योंकि फर्स्ट अपील करने का समय निकल रहा है।

हालात इतने खराब हैं कि कई मामलों में 15 दिन की समयावधि बढ़ाने के बावजूद जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती। आरटीआई लगाने वालों का कहना है कि ÷जब सरकारी दफ्तरों को ही आरटीआई एक्ट के नियमों का पता नहीं है, तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा?÷

जनता का आरोप है कि कई आरटीओ ऑफिस ऊना तो यह भी नहीं जानते कि सूचना किस रूप में और कितने दिनों में देनी होती है।

**जनता की मांग**

राज्य सरकार को चाहिए कि सभी विभागों में आरटीआई नियमों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाए और जो अधिकारी जवाब देने में टालमटोल करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

*वहीं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) कार्यालय ऊना अशोक कलसी का कहना है आपको जल्दी ही जानकारी उपलब्ध करवा दी जाएगी।*

इससे आम लोगों का विश्वास व्यवस्था से उठता जा रहा है।

सूचना अधिकार कानून पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतीक माना जाता है, लेकिन हिमाचल में इसकी जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। अगर यही हाल रहा तो आरटीआई अधिनियम की आत्मा ही समाप्त हो जाएगी। जनता अब यह सवाल उठा रही है कि जब जानकारी देने वाले विभाग खुद नियमों से अनजान हैं, तो प्रदेश में पारदर्शिता की उम्मीद कैसे की जाए?

# बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की पकड़ ढीली, आंतरिक कलह और गलत चुनाव की रणनीति रही थी हार की वजह

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी अपनी पकड़ खोती नजर आ रही है। पार्टी के नेताओं के बीच मतभेद, और क्षेत्रीय जनता की उपेक्षा की भावना, खासकर तब जब प्रदेश के मुख्यमंत्री इसी जिले से आते हैं, कांग्रेस की स्थिति को और कमजोर कर रही है।

गौरतलब है कि 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी इंदरदत्त लखनपाल ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी। लेकिन बीजेपी द्वारा सरकार गिराने की असफल कोशिश के बाद कांग्रेस विधायक लखनपाल ने पाला बदलते हुए बीजेपी का दामन थाम लिया और उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सुभाष ढटवालिया को 2000 से अधिक वोटों से हराकर फिर से विधायक बने।

कांग्रेस की हार का एक ब?ा कारण गलत जातिगत समीकरण भी रहा। ब्राह्मण बहुल इस क्षेत्र में पार्टी ने राजपूत उम्मीदवार को मैदान में उतारने का जोखिम उठाया, जो उसे भारी पड़ा। इसके साथ ही सुभाष ढटवालिया की कमजोर जनसंपर्क क्षमता और क्षेत्र में उनकी सीमित पहुंच भी हार के पीछे अहम कारण बनी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा क्षेत्र में दर्जनों चुनावी सभाएं करने के बावजूद कांग्रेस को जीत नहीं मिल सकी। तकनीकी शिक्षा मंत्री और ब्राह्मण समुदाय से आने वाले राजेश धर्माणी ने भी ढटवालिया के समर्थन में प्रचार किया, लेकिन जनसंवाद की कमी ने सारी कोशिशों पर पानी फेर दिया।

दूसरी ओर, इंदरदत्त लखनपाल ने विनम्रता और राजनीतिक परिपक्वता के साथ चुनाव ल?ा। पार्टी बदलने के बावजूद उन्होंने जनता का भरोसा जीतकर बीजेपी प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की।

वर्तमान में भी बड़सर विधानसभा क्षेत्र में हालात जस के तस हैं। जनता स्थानीय कांग्रेस नेताओं और सरकार दोनों से नाराज नजर आ रही है। कांग्रेस का गुटबाजी में उलझा स्थानीय नेतृत्व क्षेत्र में बिखरा हुआ दिखता है। नए चेहरों के रूप में कृष्ण चौधरी, राजेश बन्याल, रूबल ठाकुर, पवन कालिया, कमल पठानिया और पूर्व विधायक मंजीत डोगरा की सक्रियता ने सुभाष ढटवालिया की राह और कठिन बना दी है, जिनका जनसंपर्क अभी भी कमजोर माना जा रहा है।


वहीं, बीजेपी विधायक इंदरदत्त लखनपाल अब पार्टी में पहले से अधिक सहज स्थिति में हैं। पहले जिन लोगों ने उनके खिलाफ रुख अपनाया था, अब वे समय के साथ शांत हो चुके हैं।

# भगवान रघुनाथ के मंदिर में गोवर्धन पूजा

श्रद्धालुओं ने टेका माथा, अन्न के ढेर पर विराजमान हुए रघुनाथ

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा





**कुल्लू 22 अक्तूबर।** भगवान् रघुनाथ जी के मंदि मे आज गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालु जुटे और उन्होंने भगवान रघुनाथ के दर्शन किए और माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर भगवान रघुनाथ को गर्भ गृह से बाहर निकाला गया और स्नान और हार श्रृंगार करने के बाद उन्हें नए अनाज के ढेर पर बैठाया गया और उन्हें भोग लगाया गया। मान्यता है कि हर साल नया अनाज के उत्पादन का पहला भोग भगवान रघुनाथ को लगाया जाता है। लिहाजा गोवर्धन पूजा मौके पर यह रस्म निभाई गई।

गौर रहे कि भगवान रघुनाथ जी के वर्ष भर में 40 उत्सव होते हैं उनमें गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट भी एक उत्सव है। भगवान रघुनाथ जी के छ?ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि इस उत्सव के दो अर्थ है। एक यह कि भगवान को इस दिन नए अनाज का भोग च?ता है और भगवान को अन्न के पर्वत पर विराजमान कर आरती की जाती है।

# विदेश में नौकरी का अवसर, आई.टी.वी. ट्रेलर चालक के पदों के लिए साक्षात्कार 27 को

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** विदेश में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। वी वन (मै. जालंधर कौशल विकास निगम) की ओर से आई.टी.वी. ट्रेलर चालक के पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह साक्षात्कार 27 अक्तूबर, प्रातः 9 बजे उपमंडल हरोली के कौशल विकास केंद्र, पालकवाह में आयोजित होगा।

जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि यह साक्षात्कार श्रम, रोजगार एवं ओवरसीज प्लेसमेंट विभाग, हिमाचल प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास तथा बेसिक अंग्रेज़ी ज्ञान होना आवश्यक है। उम्मीदवार की आयु 24 से 41 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही अभ्यर्थी के पास वैध भारतीय पासपोर्ट एवं भारी मोटर वाहन (एचएमवी) ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए तथा शरीर पर किसी प्रकार का टैटू नहीं होना चाहिए।

यह नियुक्ति दुबई के जेबेल अली पोर्ट में की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 2250 संयुक्त अरब अमीरात दिरहम (लगभग 52,000 भारतीय रुपये) मासिक वेतन के साथ ओवरटाइम, आवास एवं अन्य भत्तों की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, बायोडाटा की प्रति, वैध भारतीय पासपोर्ट तथा भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस सहित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं।साक्षात्कार में आने-जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय ऊना के दूरभाष नंबर 01975-232087 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नुक्कड़-नाटकों से दिया भूकंपरोधी भवन निर्माण की तकनीकों का संदेश

आरके कलामंच ने खुरवाई और बंगाणा में सुरक्षित भवन निर्माण, पर ग्रामीण किए जागरूक

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना के समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत मंगलवार को उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत ग्रामीणों को भूकंपरोधी भवन निर्माण की विभिन्न विधियों बारे जागरूक किया गया। इस दौरान सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से संबद्ध ग्रुप आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों ने बंगाणा उपमंडल के खुरवाई और बंगाणा में लोगों को भूकंप के दौरान जान-माल की क्षति के नुकसान को कम करने के लिए भूकंप सुरक्षित मकान में प्रयोग होने वाली विभिन्न विधियों और गुणवत्तायुक्त सामग्री बरतने को लेकर जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि आपदा से होने वाले नुकसान को न्यून करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। साथ ही, आपदाओं से सुरक्षित रहने के लिए उचित तकनीक होना भी अत्यंत जरुरी है। आरके कलामंच के कलाकारों ने जागरूकता संदेश देते हुए कहा कि भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक बदलाव करने से पहले अभियंता से परामर्श अवश्य लें ताकि भूकंप से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

साथ ही, उत्तम सीमेंट मोर्टार, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, इंट की दीवारों का सुदृ?ीकरण, उद्धघाटनों के जांब्स में ख?ी सुदृ?ीकरण, पिलर निर्माण, पायलिंग के तरीके, कंक्रीट के मानक और नींव बनाने में प्रयोग होने वाले आवश्यक तत्वों बारे जागरूक किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम ने प्रदेशवासियों को भाई दूज की शुभकामनाएं दी

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को भाई दूज की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भाई दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों को तिलक कर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करती हैं। साथ ही यह पर्व भाई और बहन के बीच स्नेह और विश्वास को और मजबूत बनाने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से इस भाईचारे और पारिवारिक मेलजोल को ब?ाने का आग्रह किया और सभी के जीवन में खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

### नायक सुशील कुमार के निधन पर जताया शोक

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने 13वीं डोगरा रेजिमेंट में फैजाबाद में तैनात 40 वर्षीय नायक सुशील कुमार के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। सुशील कुमार जिला हमीरपुर के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पन्याला गांव के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घ?ी में पी?ित परिवार के साथ है और शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि नायक सुशील कुमार मातृ भूमि की रक्षा के लिए आजीवन समर्पित रहे व देश के लिए उनकी सेवाओं को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री व उप-मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट ने 15 परिवारों को राहत सहायता दी



**कुल्लू (अशेष शर्मा)।** हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट फॉर आर्ट, कल्चर एंड हेरिटेज हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अपना राहत कार्य जारी रखे हुए है। हाल ही में शागलीधार, दियार के दौरे में, बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित 15 परिवारों को हमारी टीम से आवश्यक सहायता मिली। प्रत्येक परिवार को भोजन किट, चिकित्सा किट, सौर ऊर्जा लाइट, मातृ देखभाल किट और चेक के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की गई ताकि वे अपना जीवन फिर से शुरू कर सकें और स्थिरता प्राप्त कर सकें। सड़कों की बेहद खराब स्थिति और चुनौतीपूर्ण पहुँच के बावजूद, हमारी टीम हर ज़रूरतमंद प्रभावित परिवार तक पहुँचने के लिए प्रतिबद्ध है। राहत दल के सदस्य- भृगु आचार्य, मोहित ठाकुर, भारत भूषण, आकांक्षा ठाकुर और मनीषा ठाकुर ने कहा कि हम अपने सभी दानदाताओं और समर्थकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आपकी उदारता और करुणा ने इस राहत प्रयास को संभव बनाया है। हम सब मिलकर इस कठिन समय में परिवारों में आशा की किरण जगाने और उनके जीवन को फिर से बनाने में मदद कर रहे हैं।

# सैंज के शरण मे कार हादसे में दो व्यक्तियों की मौत

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**सैंज (कुल्लू ) 22 अक्तूबर।** थाना सैंज के तहत आने वाले शरण गाँव के पास एक मारुति कार दुर्घटना ग्रस्त होने के कारण दो युवकों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलबार देर रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। जब एक मारुति कार नमभर एचपी-49ए-1038 शरान से सियूड की तरफ आ रही थी।

अचानक चालक के नियंत्रण खो जाने के कारण शरण गाँव की वाव?ी के समीप करीब दो सौ मीटर गहरी खाई में लु?क गई। घटना स्थल के सामने नडाहरा विहाली के ग्रामीणों द्वारा इस हादसे की जानकारी आस प?ोस के ग्रामीणों के साथ साझा की। तथा ग्रामीण घटना स्थल पर राहत बचाव के लिए इकठे हो गए।

सूचना मिलने पर थाना सैंज की थीम भी मौके पर पहुँच गई। इस दर्दनाक हादसे में कर में सवार दोनो यूबको की मौके पर मौत हो गई। मृतकों की पहचान चालक तेजा सिंह पुत्र दोत राम गाँव मातला व राजकुमार पुत्र झावे राम गाँव करटाह डाकघर रोपा तहसील सैंज के रूप में हुई है। डीएसपी बंजार शेर सिंह ने वताया है कि दोनो शवो का पोस्टमार्टम कर के शव परिजनों को सौप दिए गए है। तथा थाना सैंज में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है।

# रास्ते को लेकर 2 भाइयों पर किया चाकू से जानलेवा हमला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**दौलतपुर चौक।** दौलतपुर चौक क्षेत्र के नजदीकी गांव जोह में रास्ता बंद करने को लेकर 2 पड़ोसियों में झगड़ा हो गया, जिसमें जोश में आकर देवेंद्र कुमार पुत्र मस्त राम ने सुरेंद्र और जितेंद्र दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। आनन-फानन में पड़ोसियों ने दोनों भाइयों को लहूलुहान अवस्था में दौलतपुर चौक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। इस घटना की सूचना 112 नंबर पर भी दर्ज करवा दी गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इन दोनों परिवारों में रास्ते को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा है लेकिन बुधवार को दोनों भाई मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर से निकल रहे थे लेकिन इनके प?ोसियों द्वारा घर के बाहर गा?ी लगा रखी थी। दोनों भाइयों ने मोटरसाइकिल को रास्ता न होने के कारण प?ोसियों को गा?ी हटाने के लिए कहा लेकिन प?ोसियों ने तैश में आकर दोनों भाइयों को मारना शुरू कर दिया। सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि उनके प?ोसी उन्हें मारने के लिए उनके घर में घुस गए और उन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उन्हें सिर पर गंभीर चोटें आईं।

चौकी प्रभारी एसआई रवि पाल ने पीड़ितों के बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी ऊना अमित यादव ने बताया कि पीड़ितों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इस घटना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

लचीली व्यवस्था

करोड़ों खर्च के बाद भी सरकार नेशनल पैराग्लाइडिंग स्कूल का नहीं ले रही लाभ

# बीड बिलिंग राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल पर क्यों लटका है ताला : जयराम ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से संचालित हो राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल

पैराग्लाइडिंग स्कूल के बेहतर संचालन से बदलेगी इलाके की सूरत

प्रदेश के हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

**शिमला।** शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बीड बिलिंग के राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल का उद्घाटन होने के 9 महीने बाद भी बंद पड़ा है। जहां पर सैकड़ो बच्चे हर साल ट्रेनिंग लेकर ट्रेन पैराग्लाइडिंग पायलट बन सकते थे वह संस्थान सरकार की नाकामियों और राज्य सरकार के विभिन्न विभाग केबीच तालमेल की कमी की भेंट चढ़ चुका है। हिमाचल प्रदेश को प्रकृति द्वारा प्रदत्त पैराग्लाइडिंग की बेहद अनुकूल परिस्थितियों के बाद भी सरकार लाभ नहीं उठा पा रही है।

केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत पूर्व सरकार द्वारा 8 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल का बीड बिलिंग में निर्माण किया गया था। इसका उद्घाटन भी मुख्यमंत्री द्वारा 25 जनवरी 2025 को किया जा चुका है। उद्घाटन में डेढ़ साल से ज्यादा की देरी के बाद भी यह स्कूल संचालित नहीं हो पाया है। मेरा सुख की सरकार और मुख्यमंत्री से आग्रह है कि एशिया के पहले नेशनल पैराग्लाइडिंग स्कूल का संचालन सरकार अंतर्राष्ट्रीय मानको और नियमों के अनुसार किया करें। जिससे यहां से प्रशिक्षित होकर जाने वाले पायलट के लाइसेंस को पूरी दुनिया के विभिन्न संगठन मान्यता दें। पूरी दुनिया के खिलाड़ी बीड बिलिंग में आकर विभिन्न प्रकार के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हैं लेकिन दुख इस बात का है कि देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का लाइसेंस दूसरे देश द्वारा जारी होता है। इस खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही पूर्व सरकार द्वारा इस स्कूल का निर्माण केंद्र सरकार के सहयोग से करवाया गया था।

जय राम ठाकुर ने कहा कि बीड बिलिंग को क्रॉस-कंट्री पैराग्लाइडिंग के लिए दुनिया के सबसे सुरक्षित स्थलों में से एक माना जाता है और इसे अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के अनुरूप संस्थागत समर्थन की आवश्यकता है। हिमाचल में राज्य-स्तरीय महासंघ और अंतर्राष्ट्रीय पायलट प्रवीणता सूचना लाइसेंस ( आईपीपीआई) जारी करने हेतु



अधिकृत निकाय की स्थापना न होने के कारण भारत में पायलट प्रमाणन और प्रशिक्षण का लाइसेंस देने पर रोक है। इसकी वजह से दशकों से भारत को पैराग्लाइडिंग के खेल में मान्यता के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय वायु खेल दिशानिर्देश (एनएएसजी) 2023 के साथ, पैराग्लाइडिंग को जम्मिेदारी से बढ़ावा देने के लिए अब नियामक ढाँचा मौजूद है। सरकारी यदि उस गाइडलाइंस को मानते हुए काम करें और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करते हुए पैराग्लाइडिंग के स्कूल चलाने की दिशा में काम करें तो न सिर्फ राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल हर साल सैकड़ो प्रशिक्षित पायलट तैयार कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाइसेंस प्रदान करेगा बल्कि निजी क्षेत्र में भी स्कूल खोले जाने के अवसर बनेंगे। इसके लिएबनिजी क्षेत्र में भी पैराग्लाइडिंग स्कूल खोलने से संबंधित दिशा निर्देश सरकार को बनाने चाहिए। जिससे एरो स्पोर्ट्स के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश नए आयाम स्थापित कर सकता है।

इसलिए लाइसेंसिंग को औपचारिक रूप देने के लिए एयरो क्लब ऑफ इंडिया (एसीआई) और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच तत्काल समन्वय का स्थापित किया जाए, जिससे स्थानीय पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षकों के लिए नए रास्ते खुलेंगे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार नेशनल पैराग्लाइडिंग स्कूल के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार संचालित करने, अंतर्राष्ट्रीय लाइसेंसिंग प्रक्रिया को पूरा कर मानकीकृत लाइसेंस देने से प्रदेश में पैराग्लाइडिंग के प्रशिक्षण के क्षेत्र में अपार संभावनाएं पैदा होगी। इससे न सिर्फ उसे क्षेत्र की सूरत बदलेगी बल्कि हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा करोड़ों का राजस्व हर वर्ष प्रदेश को प्राप्त होगा। सरकार को पाठ्यक्रम शुल्क और उपकरणों की बिक्री पर जीएसटी से राज्य को लाभ होगा। कांगड़ा, मंडी समेत प्रदेश की पर्यटन और अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। लाइसेंस प्राप्त और उचित रूप से प्रशिक्षित पायलट अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ल। इससे हिमाचल भर में टैंडम संचालन के सुरक्षा मानकों में भी सुधार होगा

# दिवाली की धूमधड़ाक : पीजीआई में अभी भी आ रहे हैं मामले

## पीजीआईएमईआर में दिवाली के दो दिन बाद भी आए 43 नए मामले



अर्थ प्रकाश /आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़।** सिटी ब्यूटीफुल में लोगों ने दो दिन दिवाली पर खूब पटाखे जलाए और आतिशबाजी की। वहीं इस धूमधड़ाक के बीच अभी तक 69 लोगों की आंखें कहीं पटाखे की चिंगारी से तो कहीं पथरीले कणों से चोटिल हो चुकी हैं। अभी भी पीजीआई में आतिशबाजी से झुलसे लोग इलाज के लिए आ रहे हैं। जबकि 5 साल के मासूम समेत सभी का इलाज पीजीआई के एडवांस ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। चिकित्सकों की मानें तो पटाखों से हुए आंखों के नुकसान से दृष्टि पर भी असर पड़ सकता था लेकिन समय पर इलाज शुरू होने से काफी राहत मिली और दृष्टि को नुकसान नहीं पहुंचा।

पीजीआई में भर्ती हुए रोगियों में सबसे कम उम्र के पीड़ित 5 वर्षीय बच्चे से लेकर सबसे बुजुर्ग 58 वर्षीय वयस्क तक शामिल हैं। कुल पीड़ितों में से 18 बच्चे और 12 वयस्क थे, जो त्योहारों के दौरान नाबालिगों की अधिक संवेदनशीलता को दर्शाता है। एडवांस्ड आई सेंटर ने इस त्योहारी सीज़न में दिवाली पर पटाखे फोड़ने की घटनाओं से संबंधित कुल 5 दर्जन से ज्यादा लोगों की आंखों में चोटों के मामले दर्ज किए हैं। इनमें से 26 मामले पहले 20 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से 21 अक्टूबर को सुबह 8 बजे तक, 21 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से 22 अक्टूबर को सुबह 8 बजे तक 30 और मामले दर्ज किए गए, और आज शाम 5 बजे 22 अक्टूबर तक 13 नए मामले सामने आए।

21 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से 22 अक्टूबर को सुबह 8 बजे के बीच दर्ज किए गए दिवाली से संबंधित 30 मामलों में से 27 पुरुष और 3 महिलाएं थीं। 17 मरीजों ने खुद को चोटें पहुंचाई, जबकि 13 लोग आस-पास खड़े थे, जो असुरक्षित पटाखों के इस्तेमाल के अतिरिक्त जोखिमों को रेखांकित करता है। पीजीआई में इस वक्त चंडीगढ़ से 11, पंजाब से 6, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा से 5-5, और उत्तर प्रदेश से 3 मामले शामिल हैं। चिकित्सकीय रूप से, 13 मामले बंद ग्लोब चोटों (सीजीआई) और 17 खुले ग्लोब चोटों (ओजीआई) के थे। पीजीआई में बुधवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक, 13 नए मामले आए जिनमें 9 बंद

### प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने 17 मरीजों का इलाज किया

पीजीआईएमईआर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में पटाखों से संबंधित चोटों के साथ कुल 17 मरीज़ों की रिपोर्ट दर्ज की गई - 7 पहले और 10 आज दर्ज की गईं। इनमें से, 7 मरीज़ों के हाथ में पटाखे फूटने से चोटें आईं, 3 के चेहरे पर चोटें आईं, और 2 के पैरों में चोटें आईं, जिनके लिए ऑर्थोप्लास्टिक हस्तक्षेप की आवश्यकता थी। पाँच मरीज़ों की पहले ही एडवांस्ड ट्रॉमा सेंटर में सर्जरी हो चुकी है, जबकि मामूली रूप से जलने वाले पाँच अन्य मरीज़ों का इलाज किया गया और चिकित्सा देखभाल के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख, प्रो. अतुल पाराशर ने कहा कि हर त्योहारी सीजन में, हम पटाखों से होने वाली रोकी जा सकने वाली चोटों को देखते रहते हैं, जिनसे गंभीर चोटें आती हैं, खासकर हाथों और चेहरे पर। सावधानी और निगरानी, खासकर बच्चों के मामले में, ऐसी जीवन-बदल देने वाली दुर्घटनाओं से बचने में मदद कर सकती है।

### आंखों की चोटों में वृद्धि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

पीजीआईएमईआर के नेत्र विज्ञान एवं उन्नत नेत्र केंद्र के प्रमुख, प्रो. एस. एस. पांडव ने कहा कि दिवाली के दौरान आंखों की चोटों में यह वृद्धि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बार-बार जागरूकता अभियानों के बावजूद, कई लोग - खासकर बच्चे - ऐसी चोटों का शिकार हो रहे हैं जिनसे बचा जा सकता है और अक्सर आँखों को खतरा भी हो सकता है। हम माता-पिता से बच्चों पर कड़ी निगरानी रखने और जनता से सुरक्षा को प्राथमिकता देने तथा ऐसी रोकी जा सकने वाली त्रासदियों से बचने के लिए खतरनाक पटाखों से बचने का आग्रह करते हैं। पीजीआईएमईआर के संकाय सदस्यों ने पटाखों से होने वाली आँखों की चोटों की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए अधिक व्यापक जन जागरूकता अभियान, सामुदायिक शिक्षा और सुरक्षा मानदंडों के सख्त पालन की आवश्यकता पर बल दिया।

## पंचकूला की आबोहवा खराब, सांस में घुल रहा जहर

**पंचकूला (आदित्य शर्मा)।** दिवाली के दूसरे दिन भी, पंचकूला की वायु गुणवत्ता आज 'खराब' श्रेणी में पाई गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार शाम 4 बजे पिछले 24 घंटों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 268 था। यह 'खराब' श्रेणी में आता है। इसका संभावित स्वास्थ्य प्रभाव 'लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने वाले अधिकांश लोगों के लिए साँस लेने में तकलीफ' है। बुधवार शाम 5 बजे जब प्रति घंटा डेटा की जांच की गई, तो एक्यूआई बढ़कर 271 हो गया, यानी खराब श्रेणी में। 201-300 के बीच का एक्यूआई खराब श्रेणी में आता है।

शाम लगभग 7 बजे से पटाखे फोड़ने की आवाज़ें सुनाई देने लगीं और रात को लगभग 1 बजे तक जारी रही

जिले में सेक्टर 6 में केवल एक केंद्र है।

पंचकूला में, पटाखे फोड़ने का समय दो दिनों, यानी सोमवार और मंगलवार, के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे के बीच था। समय संबंधी निर्देश उपायुक्त सतपाल शर्मा द्वारा जारी किए गए थे। स्थानीय पुलिस ने भी घोषणा की है कि वे समय का पालन सुनिश्चित करेंगे तथा वे सतर्क रहेंगे। हालांकि, उल्लंघन बड़े पैमाने पर हुए क्योंकि शाम लगभग 7 बजे से पटाखे फोड़ने की आवाज़ें सुनाई देने लगीं और लगभग 1 बजे तक जारी रहीं। इससे लोगों, खासकर बुजुर्गों, छोटे बच्चों और पालतू जानवरों को परेशानी हुई। इसके अलावा, इससे ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ा। शहर स्थित एक समूह, सॉल्यूशन बॉक्स के संस्थापक मोहित गुप्ता ने कहा कि समय का कोई पालन नहीं किया गया। साथ ही, यह जांचने का कोई आश्वासन या व्यवस्था नहीं है कि पटाखे पर्यावरण के अनुकूल हैं या नहीं। इसके लिए कोई व्यवस्था होनी चाहिए। दोनों ही दिनों वायु गुणवत्ता खराब रही। आज भी, यह मध्यम या संतोषजनक स्तर पर नहीं पहुँची है। उम्मीद है कि वायु गुणवत्ता में धीरे-धीरे सुधार होने में कुछ दिन लगेंगे। जब एक्यूआई 101-200 के बीच पहुँच जाता है, तो यह मध्यम श्रेणी में आता है, जो 'फेफड़ों, अस्थमा और हृदय रोगों से पीड़ित लोगों के लिए साँस लेने में तकलीफ है। 51-100 के बीच होने पर इसे संतोषजनक माना जाता है। यह अभी भी 'संवेदनशील लोगों को साँस लेने में थोड़ी तकलीफ' पैदा करता है। 0-50 के बीच AQI का'न्यूनतम प्रभाव'होता है।

## विश्वकर्मा जयंती पर डड्डू माजरा में हुआ भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** विश्वकर्मा मंदिर प्रबंधक कमेटी दद्दू माजरा की ओर से विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष श्री हरमिंदर सिंह लकी तथा महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव श्रीमती ममता डोगरा ने शिरकत की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की और समाज में एकता व विकास का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कमेटी सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया और सामुदायिक सौहार्द पर जोर दिया। विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जी को सृष्टि के प्रथम शिल्पकार के रूप में जाना जाता है, और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही समाज में रचनात्मकता और प्रगति संभव है।

महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव श्रीमती ममता डोगरा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, मेहनत और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहन देते हैं।

डोगरा ने उपस्थित सभी लोगों को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी से समाजहित में योगदान देने की अपील की साथ ही विश्वकर्मा मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान संजय पांचल, चेयरमैन राजेंद्र पांचाल, उप प्रधान सुरेश पंचाल, महासचिव आनंद पांचाल, सचिव दिनेश पांचाल का धन्यवाद किया।

## मृतक अकील की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हाथ पर सिरिंज का निशान होने की जांच में जुटी एसआईटी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की संदिग्ध हालात में हुई मौत के पहलुओं की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस ने बुधवार को मुस्तफा समेत आरोपियों को जांच में शामिल होने को बुलाया। यह भी संभवना है कि पुलिस की जांच में परिवार के सदस्य कभी भी शामिल होंसकते हैं। आरोपियों को गिरफ्तार भी कर सकती है। मामले की जांच कर रहे एसआईटी के प्रमुख एसीपी विक्रम नेहरा ने कहा है कि अलकील अख्तर की मौत के कारण का पता लगाना जांच की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उसकी मेडिकल हिस्ट्री भी जांची जाएगी और हर पहलू को बारीकी से खंगाला जाएगा। पंचकूला में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दोनों वीडियो को देखने से पारिवारिक विवाद जरूर लग रहा है लेकिन जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि अकील की मौत मामले से जुड़ी हुई तमाम चीजों को कब्जे में लेकर जांच की जाएगी। वहीं इस मामले में मृतक की प्रिलिमनरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का जिक्र होने और मृतक अकील अख्तर के हाथ पर सिरिंज का निशान होने के मामले में उन्होंने कहा कि यह अभी जांच के अधीन है और जब तक पूरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने नहीं आती तब तक जांच से जुड़े तथ्यों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। इन्वेस्टीगेशन की प्रायोरिटी मौत कैसे हुई ये जानना है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया अकाउंट खंगाले जाएंगे।

### शिकायतकर्ता ने आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी

अकील अख्तर की मौत के बाद पुलिस को शिकायत देकर संगीन आरोप लगाने वाले शमसुद्दीन ने मीडिया के सामने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए कहा कि पुलिस ने हत्या का केस दर्ज होने के बावजूद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने अभी तक अकील के मोबाइल और लैपटॉप को कब्जे मैं नहीं लिया। वहीं उसे इस कैसे में शिकायतकर्ता होने के बाद से धमकियां मिल रही हैं।

## मेयर ने भक्तों संग की गोवर्धन और विश्वकर्मा पूजा

लंगर प्रसाद का भी किया वितरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** बनखंडी दुर्गा मंदिर, अमरावती एनक्लेव में मंगलवार को गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा पूजा और लंगर प्रसाद का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण, भगवान विश्वकर्मा और मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था।

कार्यक्रम में पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल अपनी धर्मपत्नी अंजू गोयल के साथ विशेष रूप से पहुंचे। दोनों ने विधिवत पूजा-अर्चना की और नगर के नागरिकों की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। महापौर ने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि पूजा और लंगर जैसे कार्यक्रम हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की पहचान हैं। मंदिर समिति के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम ने वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से सराबोर कर दिया। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि इस तरह के आयोजन हर वर्ष दीपावली पर्व के उपरांत किए जाते हैं ताकि समाज में धार्मिकता और सेवा भावना को प्रोत्साहित किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर विशाल गुरमीत समागम की तैयारी तेज



न्यू- चंडीगढ (अप्रस)। भाई सुखविंदर सिंह रतवाड़ा साहिब वाले, गुरुद्वारा ईशर प्रकाश रतवाड़ा साहिब में साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व को समर्पित विशाल गुरमीत आध्यात्मिक समागम के लिए सरदार रणजीत सिंह गिल को निमंत्रण पत्र देने पहुँचे। इस अवसर पर सरजंग सिंह सोहाली भी उपस्थित थे।

## आईफोन का क्रेज, चाचा के घर में लगा दी सेंध

भतीजे ने दोस्त के साथ मिलकर दिया चोरी की वारदाता को अंजाम

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने का हार व 8 हजार कैश बरामद किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** दोस्त के साथ मिलकर एक युवक ने अपने ही चाचा के घर से जेवर और नकदी चोरी किए फिर ऐश परस्ती के लिए महंगा फोन खरीद लिया। परिवार को जब शक हुआ तब चोरी का भेद खुल कर सामने आ गया।

बरवाला चौकी टीम ने घरेलू चोरी की गंभीर वारदात का खुलासा करते हुए शिकायतकर्ता के ही घर के सदस्य को उसके साथी संग गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 10 अक्तूबर को पंचकूला के गांव भरेली निवासी शिकायतकर्ता काम से शहर गया हुआ था, शाम को लौटने पर घर का मुख्य गेट खुला मिला और अलमारी से सोने के गहने गायब थे। सूचना पर थाना चंडीमंदिर में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

गहन पूछताछ के बाद पुलिस जांच में यह सामने आया कि चोरी किसी बाहरी गैंग ने नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता के ही भतीजे ने योजना बनाकर अपने साथी के साथ मिलकर की थी। बरवाला चौकी इंचार्ज गुरपाल सिंह की टीम ने 21 अक्तूबर को छापामारी करते हुए आरोपी सुरेंद्र सिंह उर्फ टीकू और उसके साथी अभिषेक शर्मा उर्फ अभि को काबू कर लिया। दोनों गांव भरेली, पंचकूला के रहने वाले है। मामले की जांच मुख्य सिपाही लवनीश द्वारा की गई।

डीसीपी ने बताया कि तलाशी में आरोपी सुरेंद्र सिंह से गहने बेचकर पैसों से खरीदा गया एप्पल आईफोन-16 तथा सोने के हार का टुकड़ा बरामद हुआ, जबकि दूसरे आरोपी अभिषेक से 8 हजार रुपये नकद प्राप्त किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने घर के अंदर की जानकारी होने का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। दोनों आरोपियों को जिला अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सीआरपीएफ कैम्प हल्लोमाजरा, चंडीगढ में पुलिस स्मृति दिवस का हुआ आयोजन



अजीत कौशल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** 21 अक्तूबर को, सी.आर.पी.एफ. कैम्प, हल्लोमाजरा, चण्डीगढ में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिनेश उनियाल, महानिरीक्षक, पश्चिमोत्तर सेक्टर, सी.आर.पी.एफ. के समक्ष स्टेशन के सभी अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री दिनेश उनियाल, महानिरीक्षक, पश्चिमोत्तर सेक्टर, सी.आर.पी.एफ. ने सभी अधिकारियों एवं जवानों को पुलिस स्मृति दिवस के इतिहास एवं महत्ता के संबंध में बताया। अक्तूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग नामक स्थान पर चीनी सेना के हमले का मुकाबला करते हुए सी.आर.पी.एफ. के 10 जवानों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था, जो विश्व के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। इसलिए उनके बलिदान को याद करते हुए प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को संपूर्ण राष्ट्र में पुलिस स्मृति दिवस सभी पुलिस व अर्ध-सैनिक बलों द्वारा मनाया जाता है। मुख्य अतिथि द्वारा 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग के शहीदों को तथा पिछले एक वर्ष के दौरान देश के सभी पुलिस बलों में शहीद हुए 191 अधिकारियों/जवानों के नामों को पढ़कर सुनाया गया तथा उन्हें नमन/श्रृदांजली अर्पित की गयी एवं उनकी आत्माओं की शांति के लिए उपस्थित सभी अधिकारियों/जवानों ने शोक शस्त्र के बाद दो मिनट का मौन रखा।

## प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर मुख्य बाजार नयागांव में गोवर्धन पूजा बड़ी धूमधाम से मनाई गई : प्रधान राज कुमार शर्मा

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता



**न्यू-चंडीगढ।** प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर, मुख्य बाजार नयागांव में हर वर्ष की तरह इस बार भी गोवर्धन पूजा बड़े श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। मंदिर के प्रधान श्री राज कुमार शर्मा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने गौ के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर भगवान श्रीकृष्ण जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की।

मंदिर के प्रधान श्री राज कुमार शर्मा और पंडित सुनील दत्त शास्त्री जी ने बताया कि दीपावली के अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा या अन्नकूट पर्व मनाया जाता है। यह पर्व मानव और प्रकृति के मधुर संबंध का प्रतीक है। इस दिन गायों की पूजा की जाती है, जिन्हें शास्त्रों में देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। जैसे लक्ष्मी सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं, वैसे ही गौ माता अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन देती हैं। उन्होंने बताया कि गोवर्धन पूजा के पीछे एक प्रसिद्ध कथा है: देवराज इन्द्र के अभिमान को तोड़ने के लिए भगवान श्रीकृष्ण, जो श्रीहरि विष्णु के अवतार हैं, ने बृजवासियों से कहा कि वे इन्द्र की जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा करें, क्योंकि वही उनकी गायों को चारा प्रदान करता है।

इन्द्र क्रोधित होकर मूसलाधार वर्षा करने लगे, तब श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया और समस्त बृजवासियों व गौवंश को उसकी शरण में लिया। सात दिनों तक लगातार वर्षा के बाद इन्द्र को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी तथा 56 प्रकार के भोग लगाकर उनकी आराधना की। इसी परंपरा के अनुसार मंदिर में भी पूजा उपरांत 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। इस अवसर पर जयदेव शर्मा, जयपाल पटवारी, पंडित सुनील दत्त शास्त्री, पंडित सूरज, पंडित अखिलेश पांडे, श्री आजाद सिंह, श्री बृज कालिया, श्रीमती सुनीता कालिया, मेघा कालिया तथा महिला मंडल की सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

## भगवान् विश्वकर्मा से प्रेरणा पाकर मानव ने वास्तु व कला के नए कीर्तिमान किये स्थापित : संजय टंडन

सृष्टि के प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा को शत शत नमस्कार : संजय टंडन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



चंडीगढ़। ÷ सृष्टि के उस प्रथम महान शिल्पकार भगवान् विश्वकर्मा को शत शत नमस्कार है जिन्होंने ब्रह्मांड और देवताओं के लिए दिव्य अस्त्र-शस्त्र, स्वर्ग लोक, इंद्रपुरी अमरावती, पुष्पक विमान, द्वारका नगरी, इंद्र का वज्र, शिवजी का त्रिशूल, विष्णु जी का सुदर्शन चक्र और कुबेर का पुष्पक रथ का निर्माण किया था। उन्ही से प्रेरणा प्राप्त कर आज मानव ने वास्तु व कला के नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। ये बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने चंडीगढ़ में भगवान् विश्वकर्मा की पूजा के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान कही।

संजय टंडन ने सेक्टर 48 मोटर मार्केट, चंडीगढ़, सेक्टर 44, चंडीगढ़ में कंस्ट्रक्शन वर्कर्स लेबर यूनियन और मजदूर सेवा समिति द्वारा लेबर चौक, सेक्टर 40-41, चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और भगवान् विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने आज की पूजा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा को समर्पित आज के दिन लोग फैक्ट्रियों, कार्यशालाओं और उद्योगों में इंजीनियर, आर्किटेक्ट, शिल्पकार, ड्राइवर आदि लोग इस दिन उनकी विशेष पूजा करते हैं। वे इस दिन अपनी अपनी मशीनरी, औजार इत्यादि की पूजा करते हैं ताकि उनकी वास्तुकला और शिल्पकला के कार्य में निपुणता और दक्षता बनी रहे। ये हमारे धर्म की खास विशेषता है कि हम किसी भी कार्य आदि के लिए भगवान् का आशीर्वाद और उसकी याचना की परम्परा को भूले नहीं हैं। समय समय पर उनको स्मरण करना और उनकी स्तुति करना हम सभी को एकसूत्र में पिरोये रखने का साक्षात उदहारण है।

उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा धार्मिक प्रतीक के साथ साथ ज्ञान, तकनीक और सृजनात्मकता के प्रतीक हैं।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गोवर्धन एवं अन्नकूट पर्व

**राजीव जैन ने शहर में विभिन्न जगहों पर आयोजित पूजा समारोह में की शिरकत**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**सोनीपत, 22 अक्टूबर।** सोनीपत में गोवर्धन और अन्नकूट का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। नगर निगम मेयर राजीव जैन गोवर्धन एवं अन्नकूट प्रसाद वितरण के कार्यकर्मो में शामिल हुये और सभी प्रदेशवासियों को गोवर्धन की मुबारकबाद दी और कहा कि भगवान कृष्ण कन्हैया का सभी पर आशीर्वाद बना रहे।

ऋषि कॉलोनी स्थित शनि मंदिर में शनि मंदिर सेवा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। राजीव जैन ने भंडारे में पहुँचकर प्रसाद वितरित किया और सभी के कल्याण की कामना की। इसके बाद राजीव जैन शिव सेवा समिति, श्री बालाजी हनुमान मंदिर, अग्रसेन भवन, चिंतपूर्णी मंदिर की तरफ से आयोजित गोवर्धन पूजन उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा के दिन गोवर्धन पर्वत, गोधन यानि गाय और भगवान श्री कृष्ण की पूजा का विशेष महत्व है। गोवर्धन पूजा को अन्नकूट का पर्व भी कहा जाता है । सभी जगहों पर अन्नकूट का भंडारा लगाया गया।

इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि भगवान कृष्ण ने गोकुलवासियों को राजा इंद्र के प्रकोप से गोकुल में हो रही भारी वर्षा से बचाने के लिए अपनी छोटी तितली ऊँगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर नगर वासियों की सहायता की। तभी से इस दिन का विशेष महत्व है।

दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज के अवसर पर एडवोकेट ललित कुमार जैन और फार्मासिस्ट अमित वर्मा, निदेशक सोनीपत अर्बन कोऑपरेटिव बैंक द्वारा, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड (नियर गैस एजेंसी), सोनीपत में आयोजित अन्नकूट प्रसाद वितरण समारोह में पहुँचकर प्रसाद वितरण किया और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। सब्जी मंडी में बाला जी फ्रूट एंड वेजिटेबल वेंडर एवं बिन्नी की दुकान पर आयोजित भंडारे में भी प्रसाद वितरित किया।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस मौके पर प्रह्लाद गोयल, सुशील गोयल, रवि गोयल, पार्षद अतुल जैन, मुकेश सैनी, पूर्व पार्षद मनोज शर्मा, देवेंद्र खत्री, टीका राम मित्तल, ओंकार दास गर्ग, अशोक गर्ग, संजय सिंगला, हरी प्रकाश मंगला, आदित्य रोहिल्ला, राकेश राणा, सतीश तुषीर, सुभाष गुप्ता, विकास मंगला, गुलशन रजवाड़ा राजू प्रधान, रामबीर, सुभाष, संजय, रंजीत, सतपाल, मुकेश एंडी, बागड़ी, सतबीर और काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# विश्वकर्मा के बताए रास्ते पर चलकर करें समाज निर्माण में योगदान: विधायक कादियान

अर्थ प्रकाश/सुरेंद्र कुमार



**गन्नौर, 22 अक्टूबर।** श्री विश्वकर्मा मंदिर व धर्मशाला गन्नौर मंडी और बड़ी में बुधवार को भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। विधायक कादियान ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

श्री विश्वकर्मा मंदिर, धर्मशाला गन्नौर मंडी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से हवन-पूजन और ध्वजारोहण के साथ हुआ। इससे बाद बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक देवेंद्र कादियान का आयोजकों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।विधायक कादियान ने कहा, हमें शिल्पकार भगवान श्री विश्वकर्मा के दिखाए रास्ते पर चलकर समाज निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि के निर्माण में अपना योगदान दिया, उसकी तरह आज के युवाओं को भी अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल समाज के उत्थान के लिए करना चाहिए। वहीं, दूसरी ओर भगवान श्री विश्वकर्मा समाज सेवा समिति बड़ी गन्नौर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भी विधायक कादियान ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना हथियार बनाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ें, अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के लिए मेहनत करें। उन्होंने युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की भी अपील की। इस दौरान आयोजकों ने विधायक के सामने समाज की कुछ मांगे भी रखीं, जिस पर विधायक कादियान ने उन्हें पूरा कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर ओमप्रकाश पांचाल, कर्मबीर पांचाल, जोगिंद्र धीमान, सुनील पांचाल, सुलेख चंद, राकेश पांचाल, सुभाष धीमान, पंकज धीमान, रामकिशन धीमान, होशियार सिंह रमेश धीमान आदि मौजूद रहे।

# अटेरना, मनोली, भैरा, खटकड़, खरुमपुर, पबसरा और जखोली गांवों में दिया 350वां राज्य स्तरीय बलिदान दिवस समारोह का निमंत्रण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोनीपत, 22 अक्टूबर।** बढ़खालसा समिति द्वारा बुधवार को आगामी 14 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाले अमर बलिदानी दादा कुशाल सिंह दहिया के 350वें राज्य स्तरीय बलिदान दिवस समारोह के निमंत्रण हेतु अटेरना, मनोली, भैरा, खटकड़, खरुमपुर, पबसरा और जखोली गांवों का दौरा किया गया। समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को आमंत्रित करते रहे।सभी गांवों के सरपंचों ने ग्रामीणों के साथ समिति का स्वागत किया, निमंत्रण स्वीकार किया और पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। गांववासियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया, पुष्पवर्षा कर समिति का गरमजोशी से स्वागत किया और आयोजन में बल और दल सहित पहुँचने का भरोसा व्यक्त किया। इस निमंत्रण यात्रा का नेतृत्व समिति अध्यक्ष वीर सिंह ने किया। उनके साथ बढ़खालसा प्रधान राकेश, संजय, रमेश प्रधान और हेमंत नांदल सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति की ओर से साशी भूषण मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने दादा कुशाल सिंह दहिया जी के बलिदान और देशभक्ति के महान इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'दादा कुशाल सिंह दहिया ने अपने प्राणों का बलिदान देकर देश और अपने गांव की रक्षा की। उनका यह बलिदान हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें इसे जन-जन तक पहुँचाना चाहिए।ग्रामवासियों ने जयघोष करते हुए नारा लगाया 'अमर रहे, अमर रहे- दादा कुशाल सिंह दहिया अमर रहे!'

**दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप स्टेज-टू के प्रतिबंध लागू**

# एनसीआर क्षेत्र में जिला, ग्रेप टू की पाबंदियां को सख्ती से लागू करें अधिकारी: डीसी

अर्थ प्रकाश /सुभाष जैन

**पानीपत 22 अक्टूबर।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता खराब होने पर पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-टू को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला पानीपत भी एनसीआर क्षेत्र में शामिल है, अतः ग्रैप-स्टेज टू की पाबंदियां की जिले में प्रभावी ढंग से पालना सुनिश्चित करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से ग्रैप स्टेज-टू और टू के तहत जारी नागरिक चार्टर का पालन करने की अपील की गई है।

डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग की सब-कमेटी ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और आईआईएम के पूर्वानुमानों तथा दिल्ली के प्रदूषण स्तर की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया है। पूर्वानुमानों के अनुसार आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में और गिरावट की संभावना है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर आयोग द्वारा ग्रेप टू की पाबंदियां लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे पहले 14 अक्टूबर को स्टेज-वन लागू किया गया था। अब स्टेज-टू के तहत अतिरिक्त कदम भी उठाए जाएंगे।

### लागू होंगी ये प्रमुख पाबंदियां

ग्रैप के स्टेज– वन और टू के तहत निर्धारित पाबंदियां लागू किए जाएंगे। निर्माण एवं ध्वंस गतिविधियों पर निगरानी और धूल नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू किया जाएगा। सड़क की सफाई और पानी का छिड़काव बढ़ाया जाएगा। कोयला, लकड़ी और अन्य ठोस ईंधनों के उपयोग पर निगरानी रखी जाएगी। कचरा जलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जाएगा और निजी वाहनों के उपयोग को कम करने की अपील की जाएगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**न्यायिक हिरासत में भेजा गया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोनीपत, 22 अक्टूबर।** जिले के थाना शहर सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील पुत्र कयूम निवासी देवडू, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 4 सितम्बर 2025 को एक व्यक्ति ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी कि फरमान पुत्र अकबर अली निवासी देवडू, जिला सोनीपत ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। थाना शहर सोनीपत की अनुसंधान टीम में तैनात महिला उप-निरीक्षक विनीत ने इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए और महिला विशेषज्ञ व कानूनी सहायता के माध्यम से काउंसलिंग भी करवाई। मुख्य आरोपी फरमान को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। अब उसके सहयोगी दूसरे आरोपी सुनील को भी पुलिस ने दबोच लिया है।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए गए हैं। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

# विधायक निखिल मदान ने सोनीपत वासियों को दी गोवर्धन पूजा और विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 22 अक्टूबर।** विधायक निखिल मदान ने बुधवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने सिद्धपीठ लक्ष्मीनारायण बालाजी मंदिर ,महावीर कालोनी और ठाकुर द्वारा मंदिर कल्याण नगर, सब्जी मंडी, मिर्च मंडी , गुड मंडी,चिंतपूर्णी मंदिर सेक्टर 15 में आयोजित अन्नकूट भण्डारो में प्रसाद वितरण किया और लोगों को गोवर्धन पूजा और विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनायें दी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार दीपावली के अगले दिन की जाने वाली गोवर्धन पूजा का शास्त्रों में विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को एक उंगली पर उठाकर सभी गोकुल निवासियों और उनके सभी मवेशियों को भारी बारिश और प्रलय से बचाया था। गोवर्धन पूजा पर हम सबको प्रकृति, पर्यावरण और गौ संरक्षण का प्रण लेना चाहिए। विधायक निखिल मदान ने विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी को नमन किया और कार्यकम में उपस्थित विश्वकर्मा समाज के सभी लोगों को शुभकामनाएँ दी। विधायक निखिल मदान ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट निर्माण में विश्वकर्मा समाज का योगदान अतुलनीय है और वो सभी शिल्पकारों और कामगारों को विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर शुभकामनाएं देते है। गोवर्धन पूजा और विश्वकर्मा पूजा जैसे धार्मिक आयोजनों से आपसी सद्भाव बढ़ता है और समाज की 36 बिरादरी में आपसी प्यार प्रेम बढ़ता है।इस अवसर पर मंदिर प्रधान सुरेश भारद्वाज, स्वर्णकार समाज बड़ा बाजार मंदिर नीरज वर्मा, पवन तनेजा,संजय कुकड़ेजा, बिन्नी गुप्ता, निमित गोयल, मोनू प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# सोनीपत पुलिस ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से की मुलाकात, जाना हालचाल और दिया सहयोग का भरोसा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत, 22 अक्टूबर।** पुलिस आयुक्त ममता सिंह, आईपीएस (एडीजीपी) के दिशा-निर्देशानुसार, सोनीपत पुलिस द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की भावना के तहत एक विशेष पहल की गई। इस पहल के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों के घर पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम जानी और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने शहीदों के परिवारों के साथ आत्मीय संवाद किया और उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहेगा। पुलिस आयुक्त ममता सिंह कहा कि शहीद पुलिस कर्मियों के परिवार हमारी पुलिस परिवार की अभिन्न कड़ी हैं। उनके साथ निरंतर संवाद बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। पुलिस विभाग सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा। यह पहल पुलिस विभाग की संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि शहीदों के परिवार केवल नाम भर के नहीं, बल्कि पुलिस परिवार का अहम हिस्सा हैं।

### जिलेभर में पुलिस अधिकारियों द्वारा किए गए दौरे

डीसीपी (वेस्ट) कुशाल पाल सिंह व निरीक्षक अशोक कुमार (थाना सदर सोनीपत) ने स्व. सिपाही सुभाष (नं. 477/झज्जर) के गांव बड़वासनी में उनके परिजनों से मुलाकात की। एसीपी (गोहाना) राहुल देव व उप निरीक्षक देवेन्द्र कुमार (थाना बरोदा) ने स्व. सिपाही संदीप कुमार (नं. 1720/ फरीदाबाद) के गांव कथूरा में जाकर परिजनों का हालचाल जाना। एसीपी अमित धनखड़ ने स्व. सिपाही अशोक कुमार (नं. 34/सोनीपत) के परिजनों से उनके घर जाकर संवाद किया। एसीपी (गोहाना) राहुल देव व थाना शहर गोहाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार ने स्व. मुख्य सिपाही राज सिंह (नं.06/रोहतक) के परिवार से चोपड़ा कॉलोनी, गोहाना में भेंट की। एसीपी अपराध राजपाल ने स्व. उप निरीक्षक प्रदीप कुमार (नं. 20/,एसपीटी) के परिजनों से मयूर विहार, सोनीपत में मुलाकात कर स्वास्थ्य और स्थिति की जानकारी ली और भविष्य में सहायता का आश्वासन दिया। एसीपी मुरथल निधि नैन ने स्व. सिपाही नारायण (नं. 137/केएनएस) के परिवार से गांव मुकीमपुर, थाना बहालगढ़ में मुलाकात की। एसीपी खरखौदा राजदीप ने स्व. सिपाही ताराचंद (नं. 1165/एएमबी) के परिजनों से गांव सिसाना, थाना खरखौदा में जाकर भेंट की और विभागीय सहयोग का वचन दिया।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

मैं, सीमा परमार, सैन्य संख्या: 14932019Y रैंक: हवलदार नाम- रविंदर की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ। जो वर्तमान में यूनिट: 24 मैक इन्फ सी/ओ 56 एपीओ जैसलमेर, राजस्थान में तैनात हैं स्थायी पता: अमरू पाना, केलंगा (130), डाकघर: कलिंगा, जिला: भिवानी, हरियाणा, 127114 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम सीमा परमार से सीमा देवी में बदल लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 05/01/1987 से 25/04/1983 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या: 11एए 219268, दिनांक: 22/10/2025

मैं, सैन्य संख्या: 4471467एफ रैंक- नायक नाम- अमरीक सिंह वर्तमान में यूनिट: 380 डीएससी पीएल. अटैच 603 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हूं स्थायी पता: रायपुर, शाम चौरासी, होशियारपुर, पंजाब, 144105 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी बेटी का नाम परविंदर कौर से बदलकर परमिंदर कौर कर लिया है और साथ ही अपनी बेटी की जन्मतिथि 09/08/1996 से 08/06/1996 में सही कर दी है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219266, दिनांक: 22/10/2025

मैं, अंजली सचिन गायकवाड, सैन्य संख्या: 15569328एफ रैंक: हवलदार नाम- गायकवाड सचिन अश्रुबा की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ वर्तमान में यूनिट: 118 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता: गाँव/डाकघर: सरमकुंडी, तहसील: वाशी, जिला- धाराशिव, राज्य- महाराष्ट्र, पिन: 413503 घोषणा करती हूँ कि मेरे पति के सैन्य रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि गलती से 01/01/2012 लिखी है, लेकिन सभी सिविल/सरकारी दस्तावेज़ों के अनुसार मेरी सही जन्मतिथि 01/01/1988 है। शपथ पत्र क्रमांक: 11एए 219267, दिनांक: 22/10/2025

I, Army No: 9926774K, Rank-HAV, Name- GHULAM MOHIUDDIN presently Resident of Village-Brass, Tehsil-Kargil, District-Kargil, State-UT Ladakh, Pin-194102, declare that I have changed my name from GHULAM MOHUDDIN to GHULAM MOHIUDDIN.

I, VISWANATHAN is Father of Service No: 16117684P Rank: NK Name- Vineeth P Presently residing at 164 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed My Name from VISWANATHAN to VISWANATHAN P.

I, CHINJU am legally Wedded Spouse of Service No: 16117684P Rank: NK Name- Vineeth P Presently residing at 164 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed My Name from CHINJU to CHINJU S.

I, SOBHANA is Mother of Service No: 16117684P Rank: NK Name-Vineeth P Presently residing at 164 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed My Name from SOBHANA to SOBHANA T M

AP-5163

मैं हिमांश पुत्र श्री सुर्दशन हन्दुजा वासी मकान न0 1182 सैक्टर 9 अर्बन एस्टेट करनाल, हरियाणा-132001 ने अपना नाम बदलकर हिमांश से हिमांश हन्दुजा रखा है

मैं हरप्रीत सिंह पुत्र हरविन्दर पाल सिंह वासी मकान नं.1916 सैक्टर-13 अर्बन एस्टेट करनाल (हरियाणा) ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर रहमत से रहमत मक्कड़ रखा है

मैं राजेश कुमार वासी मकान नं. 2480 ग्राउंड फ्लोर सैक्टर 79 मोहाली एस ए एस नगर ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर नमिश से नमिश कुमार खनेजा रखा है

मैं राजेश कुमार वासी मकान नं 2480 ग्राउंड फ्लोर सैक्टर 79 मोहाली एस ए एस नगर ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर पावनी से पावनी खनेजा रखा है

मैं Sandeep कुमार पुत्र ओम प्रकाश वासी 1145 सैक्टर-7 अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर Sandip कुमार से Sandeep कुमार रखा है

एपी-5167

मैं सोनिया रानी पत्नी हरीश गांधी निवासी मकान नंबर 1233, नजदीक प्रताप पब्लिक स्कूल, सेक्टर 6, अर्बन एस्टेट करनाल ब्यान करती हूं कि मैंने अपना नाम सोनिया से बदलकर सोनिया रानी रख लिया है।

मैं सोनिया रानी पत्नी हरीश गांधी निवासी मकान नंबर 1233, नजदीक प्रताप पब्लिक स्कूल, सेक्टर 6, अर्बन एस्टेट करनाल ब्यान करती हूं कि मैंने अपना नाम सोनिया गांधी से बदलकर सोनिया रानी रख लिया है।

एपी-5168

मैं, रितेश जैन पुत्र सुशील जैन, 118/4 शान्ति नगर पटियाला चौंक, जीन्द तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम रितेश जैन से बदलकर रितेश रख लिया है।

मैं, शालिनी पत्नी श्री सुनील रामपाल निवासी मकान नंबर 17, राजेंद्रा, अंबाला 133001 हरियाणा ने अपना नाम शालिनी से बदलकर शालिनी रामपाल रख लिया है।

It is for general information that I, KAMALJEET KAUR W/o JORA SINGH Residence of House Number 71/72, Azad Nagar, Ward Number 14, Ambala Cantt, Ambala, Ambala GP, Haryana-133001, declare that name of my father has been wrongly written as PARKASH SINGH in my Passport Number E7935376 . The actual name of my father is DARGAH SINGH respectively, which may be amended accordingly.

AP-5169

मैं, सुशील जैन पुत्र धन कुमार, 118/4 शान्ति नगर पटियाला चौंक, जीन्द तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मेरे पुत्र रितेश के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सुशील कुमार व सामान्य दस्तावेजों में सुशील जैन दर्ज है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सुशील जैन है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे ही हैं।

एपी-5172

मै, मुकेश पत्नी अजय कुमार गौड़ गाँव फरल, जिला कैथल ने अपना नाम मुकेश से बदलकर मीनाक्षी रख लिया है।

एपी-5173

## बेदखली सूचना

मैं चरन कौर पत्नी स्वर्गीय श्री राज मल निवासी मकान नं. 3543, सैक्टर-71-मोहाली का बेटा सनप्रीत और बहू कुमारी निशा मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसीलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ। जो कोई भी इनसे लेन-देन करेगा खुद ज़िम्मेवार होगा।

एपी-5164

करनैल सिंह पुत्र रामकुमार व रानी देवी पत्नी करनैल सिंह निवासी पुंडरी जिला कैथल का हूं मेरी पुत्री कोमल है जो हमारे व हमारे परिवार के कहे सुनने से बाहर है। मैं करनैल सिंह व रानी देवी अपनी पुत्री कोमल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता/करती हूं भविष्य में हमारे परिवार का कोमल से कोई संबंध नहीं होगा। भविष्य में कोई भी व्यक्ति कोमल के साथ लेनदेन करेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

एपी-5165

हम आर.एस. नेगी पुत्र टी.एस. नेगी और श्रीमती निर्मला नेगी पत्नी आर.एस. नेगी, निवासी मकान संख्या 235 सुखना एन्क्लेव ब्लॉक-सी, कंसल जिला मोहाली पंजाब सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र अनूप नेगी हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

मैं सत प्रकाश पुत्र किशोरी लाल निवासी मकान नंबर 587, डडूमाजरा कॉलोनी, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरी पोती सान्वी वर्मा मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उसके साथ मेरा ओर मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मैं ओर मेरा परिवार उसके किसी भी कार्यों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

एपी-5166

मैं शारदा रानी पत्नी स्वर्गीय बरसाती राम निवासी हांसी रोड, गली न. 8, करनाल बयान करती हूं कि मेरी पुत्रियां प्रियंका व प्रीति मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। वह अपने लेन-देन,अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य की स्वयं जिम्मेदार होगी।

एपी-5170

मैं,मीना पत्नी श्री नरेश निवासी देवी नगर वार्ड नं-02 ,तह- गोहाना, जिला सोनीपत अपने लड़के मोहन व उसकी पत्नी रेखा। को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं क्योंकि यह मेरे कहने सुनने से बाहर है। भविष्य में इनसे करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

एपी-5169

मैं परमजीत सिंह पुत्र श्री मलकित सिंह निवासी वार्ड नम्बर 04 डेरा लाडवा तहसील लाडवा जिला कुरूक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि मेरा लडका हरपिन्द्र सिंह जोकि मेरे कहने सुनने से बाहर है परिवार का कहना नहीं मानता परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करता है बुरी संगत का शिकार है इसीलिए मैं अपने लड़के हरपिन्द्र सिंह को अपनी चल अंचल संम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में मेरे लड़के से लेनदेन करने वाला झगड़ा करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

एपी-5171

हम, देविन्द्र कुमार, पुत्र श्री हरगोविन्द लाल व रेखा बख्शी, पत्नी श्री देविन्द्र कुमार निवासी मकान नंबर 1995/सी0, लोअर कुराड़ी कालका नजदीक शिव मंदिर, तहसील कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा), यह घोषित करते हैं कि हमारा पुत्र नितिन बख्शी एवं उसकी पत्नी प्रीति कुमारी को हमने अपने से अलग कर दिया है। उक्त दोनों का हमारे किसी भी चल या अचल संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं रहेगा। हम उनके किसी भी कार्य, कृत्य या भविष्य में उत्पन्न होने वाले किसी भी दायित्व के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

एपी-5174

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभान्वित करें

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# भगवान विश्वकर्मा ही सृष्टि के रचयिता है, उन्होंने मनुष्य के रहने लायक धरती बनाई : अनिल विज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अंबाला, 22 अक्टूबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता है तथा भगवान विश्वकर्मा ने ही मनुष्य के रहने के लायक धरती का निर्माण किया है। इससे पहले, धरती पर खाई, तूफान, जंगल, पेड़-पौधे होते थे लेकिन भगवान विश्वकर्मा ने ही सृष्टि की रचना करते हुए इसे मनुष्य के रहने के लायक बनाया क्योकि वह सर्वव्यापी है, वो हर मनुष्य के जीवन में व्याप्त है।

ऊर्जा मंत्री आज अंबाला के रामबाग रोड पर भगवान विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में श्री गुरू विश्वकर्मा मदिर लेबर यूनियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मंदिर में माथा टेककर भगवान विश्वकर्मा का आर्शीवाद प्राप्त किया।




परिवहन मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर भगवान विश्वकर्मा दिवस बधाई देते हुए कहा कि आज हम विश्व के सबसे बड़े शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा दिवस मनाने के लिए यहा एकत्रित हुए है। विश्वकर्मा दिवस साल में दो बार मनाया जाता है, एक बार सितम्बर में तथा दूसरा दिपावली के अगले दिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सारे देश के शिल्पकार विश्वकर्मा दिवस बड़ी श्रद्धा के साथ मनाते है और इस दिन वह अपने औजारों की पूजा भी करते हैं। ये जो सारा ब्रम्हांड है, चल-अचल सम्पत्ति है और स्वर्ग का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया था क्योकि वह सर्वव्यापी है, वो हर मनुष्य के जीवन में व्याप्त है।

श्री विज ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को बनाया है। किसी चीज को बनाने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता होती है जिनमें सबसे पहली जगह होना, दूसरा रॉ मैटिरियल होना और तीसरा बनाने वाली शक्ति चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती बनाने के लिए रॉ मैटिरियल कहां से आया है इसका उन्हें ज्ञान नहीं मगर, इसे बनाया भगवान विश्वकर्मा ने ही है। मनुष्य की हर चीज आवश्यकता जैसे घर, सड़क, स्कूल कॉलेज व अन्य को हम बनाते है, उस पर हमारे बोर्ड लग जाते है लेकिन वास्तव में यह सब चीजें विश्वकर्मा द्वारा बनाई गई है।

**शिल्पकार जब शिल्पकारी करता है तो वास्तव में शिल्पकार के अंदर का भगवान विश्वकर्मा काम करते हैं :** भगवान विश्वकर्मा से ही प्रेरणा लेकर हम इन सब कार्यों को करवाते हैं। विश्वकर्मा द्वारा बहुत सुन्दर चीजें एवं कृतियां बनाई गई है। हम हैरान होते हैं कि कारीगरों ने सुंदर प्रतिमाएं कैसे बनाई, मगर इनके पीछे भी भगवान विश्वकर्मा होते हैं। कोई मनुष्य जब भी कोई काम करता है/शिल्पकारी करता है तो वास्तव में उनके अंदर का विश्वकर्मा काम करता है। अम्बाला छावनी में भी शिल्पकारों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, भगत सिंह व अन्य की प्रतिमाएं हैं। इतनी सुन्दर चीजें बनाई गई है वह सब विश्वकर्मा की देन है। श्रीमदभागवद् गीता जी में भी कहा गया है कि काम कर काम कर, कर्म का आधार ही गीता है। उन्होंने इस अवसर पर सभी को विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान श्री गुरू विश्वकर्मा मदिर लेबर यूनियन के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंटकर उनका भव्य अभिन्नदन भी किया। इस मौके पर श्री गुरू विश्वकर्मा मदिर लेबर यूनियन के प्रधान राजीव पंचाल, महासचिव मेहर सिंह सैनी, रणधीर पंचाल, अशोक, सुबेदार सतीश कुमार, कैप्टन प्रताप भीमरा, नप उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, बिजेन्द्र चौहान, बीएस बिंद्रा, आशीष अग्रवाल, बलित नागपाल, दीपक भसीन, इकबाल ढांडा के साथ-साथ यूनियन के अन्य पदाधिकारीगण व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**ऊर्जा मंत्री ने 4 हजार किमी. मैराथन करने वाली सान्या को किया सम्मानित :** वहीं, कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गोहाना स्थित रूखी गांव की रहने वाली सान्या पंचाल को भी स्मृति चिन्ह भेंटकर प्रोत्साहित किया। यहां बता दें कि सान्या पंचाल ने 98 दिन में जम्मू कश्मीर से कन्या कुमारी तक लगभग 4 हजार किलोमीटर मैराथन की हैं। मैराथन के दौरान अम्बाला आगमन पर सान्या पंचाल ने कैबिनेट मंत्री से मिलकर उनका आर्शीवाद भी लिया था। परिजनों ने आज कैबिनेट मंत्री से मिलकर उनका धन्यवाद किया।

# नाबालिग बेटे ने अपनी ही मां को कुल्हाड़ी से काट कर दी हत्या

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 22 अक्तूबर।** लाडवा खंड के गांव डूडा में उस समय दहशत फैल गई जब एक नाबालिग बेटे ने अपनी ही मां को कुल्हाड़ी से काट कर उसकी हत्या कर दी। मामला मंगलवार देर रात्रि का है पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 45 वर्षीय मुकेश के रूप में हुई है। कुछ समय पहले उसका अपने पति से तलाक हो गया था और वह घर में अकेली रहती थी। बताया जाता है कि मां ने अपने पडोंसियों के घर में घुसकर जान बचाने का भी प्रयास किया, लेकिन उस समय तक महिला पर बेटे ने कई वार कुल्हाड़ी से कर दिए गए थे। महिला को तुरंत लाडवा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। घटना की सुचना मिलते ही लाडवा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।

एक तरफ तो पूरा देश दीपावली का त्यौहार मना रहा था वहीं दूसरी तरफ एक बेटे ने अपनी ही मां को कुल्हाड़ी से काटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के पीछे के सही कारणों का तो अभी कोई खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन बताया जाता है कि पारिवारिक कारणों के चलते महिला मुकेश अपने पति व बच्चों से अलग रहती थी। बुधवार रात्रि को छोटे बेटे ने अपनी मां के घर का दरवाजा तोड?र उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मृतक महिला ने बचने का प्रयास भी किया और अपनी जान बचाने के लिए पडौंसियों के घर में घूस गई, लेकिन शायद तब तक देर हो चुकी थी। उससे पहले ही बेटे ने अपनी मां पर कुल्हाड़ी से कई वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सूचना पाकर लाडवा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीन आफ क्राईम टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। मृतक महिला का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। लाडवा पुलिस ने बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा आरोपी की तलाश में जूट गई है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

लाडवा डी.एस.पी.रणधीर ङ्क्षसह ने बताया कि बुधवार देर रात्रि को पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि गांव डूडा में एक बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीन आफ क्राइम टीम द्वारा मौके का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस को दिए अपने ब्यान में हरिचंद निवासी डूडा ने बताया कि उसके पडौंस में जय भगवान का मकान है। पारिवारिक विवाद के कारण जय भगवान और उसकी पत्नी अलग-अलग रहते हैं। जय भगवान का बड़ा लड?ा विदेश रहता हैं तथा छोटा बेटा अपने पिता के साथ गांव में ही रहता है। बुधवार देर रात्रि को छोटे बेटे ने कुल्हाड़ी से अपनी मां पर हमला कर दिया तथा उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री गणेश मंदिर में लगा अटूट अन्नकूट का भंडारा



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** शहर में जमालपुर रोड पर अपनी दयालुता के लिए प्रसिद्ध भगवान श्री गणेश जी के मंदिर में श्री गणेश मंदिर कमेटी की तरफ से शहर में कई दिनों से चल रहे त्योहारों के उपलक्ष में विशेष अटूट अन्नकूट के भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्री गणेश मंदिर के प्रधान पवन असीजा ,पार्षद प्रतिनिधि शंकर मित्तल ,समाजसेवी युवा अग्रवाल सभा के प्रचारक रोशन जिंदल व शंकर और पंडित बृजलाल तिवारी आदि भक्तों ने भंडारे में आए सभी शहर निवासियों को भरपूर आनंद से भंडारे का वितरण किया गया।

### भक्तों ने की गोर्वधन पूजा, लगाया अन्नकूट का भंडारा

**लाडवा (विकास कश्यप)।** अखंड सिद्ध हनुमान मंदिर मथाना चौकी में बुधवार को गोर्वधन पूजा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मंदिर के संचालक स्वामी सत्यानंद महाराज द्वारा की गई। गोर्वधन पर सुबह कालीन सभा में मंदिर में संगीतमय सुंदर कांड का पाठ व दोपहर को विश्व कल्याण हेतु हवन का आयोजन किया गया। हवन व पाठ मंदिर के पुजारी द्वारा विधिवत पूर्वक करवाया गया। इसके बाद मंदिर में गोर्वधन की पूजा-अर्चना शुरू की गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गोर्वधन की पूजा-अर्चना की गई। गोर्वधन पूजा मंदिर के पंडित द्वारा विधिवत पूर्वक करवाई गई, जिसमें अनेक भक्तों ने भागकर गोर्वधन पूला की। इस अवसर पर मंदिर में अन्नकूट का विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसके मुख्य यजमान राम पाल मथाना थे। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।



### धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती, लगाया भंडारा



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के श्री विश्वकर्मा मंदिरों में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर मंदिरों में विशाल भंडारों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया तथा मंदिर में विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना की गई। लाडवा रामकुंडी सहित अनेक विश्वकर्मा मंदिरों में अन्नकूट के भंडारे लगाए गए। लाडवा की शिवाला रामकुंडी में भी भंडारे का आयोजन रामकुंडी प्रबंधन कमेटी द्वारा लगाया गया। यह जानकारी रामकुंडी प्रधान रोहित गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि भंडारे का शुभारंभ लाडवा के समाजसेवी सचिन गर्ग ने भंडारे में सेवा करके किया। इससे पूर्व उन्होंने विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर समाजसेवी सचिन गर्ग ने कहा कि अन्नकूट का अर्थ है अन्न का ढेर। आज के ही दिन योगेश्वर भगवान कृष्ण ने इंद्र का मान-मर्दन करते हुए अपने वाम हस्त की कनिष्ठा अंगुली के नख पर गोर्वधन पर्वत उठाकर इंद्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की थी। इसलिए प्रतिवर्ष अन्नकूट के भंडारे लगाए जाते है। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### श्री साईं रसोई मंदिर में दीपावली पूजा- श्रद्धा और सेवा का संगम

**कैथल (अप्रस/विनीत गर्ग)।** दीपावली के पावन अवसर पर श्री साईं रसोई सेवा समिति (रजि.), कैथल द्वारा श्री साईं रसोई मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसकी पूजा-विधि पंडित दर्पण शर्मा जी के द्वारा संपन्न करवाई गई। मंदिर परिसर में भक्तिभाव का अद्भुत माहौल देखने को मिला। साईं बाबा की प्रतिमा को पुष्पमालाओं से सजाया गया, दीपों की ज्योति से पूरा प्रांगण आलोकित हो उठा और भक्ति भजनों से वातावरण में दिव्यता फैल गई। समिति की प्रधान प्रिया ठकराल ने कहा कि दीपावली केवल बाहरी रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि साईं आस्था के दीप से मन का अंधकार मिटाने का अवसर है, सेवा और भक्ति के इस कार्य को सफल बनाने में सभी साईं भक्तों का विशेष योगदान रहा, उल्लेखनीय सदस्यों में शालु कालड़ा, गीता कालड़ा, सुषमा गम्भीर, निशा शर्मा, खुशी गाबा, अंजली गुगलानी, सविता मलहोत्रा, योग्य ठकराल, नायरा ठकराल दर्शना ठकराल, ऋषि गुगलानी, जिया गुगलानी, हुनर कालड़ा, कृष्ण ठकराल, ललित ठकराल, राजेश गाबा, अमित कालड़ा, अर्व कालड़ा, माधव कालड़ा, प्रकाश गम्भीर, नवीन मलहोत्रा, जोगिंदर कालड़ा, नितिन गुगलानी, राजीव शर्मा, साहिल गाबा, अनुराग गाबा सहित अन्य सदस्यों ने पूरे समर्पण के साथ अपनी सेवाएँ दीं।

# बाढ़ पीड़ित किसानों के लिए फसल की बिजाई के लिए खाद और बीज की गाड़ियां रवाना



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 22 अक्टूबर।** पंथ रत्न सचखंड वासी बाबा हरबंस सिंह जी कार सेवा दिल्ली द्वारा वरोसाये बाबा बचन सिंह, बाबा महिंदर सिंह, बाबा सुखा सिंह और बाबा सुरिंदर सिंह द्वारा संगत के सहयोग से पंजाब के किसानों के लिए 3000 एकड़ की भूमि को गोद लेकर वाहन गेहूँ की फसल की बिजाई के लिए खाद और बीज की सेवा की जा रही है। इसी सिलसिले में आज डेरा कार सेवा करनाल से बीज व खाद के तीन ट्राले पंजाब के बॉर्डर एरिया के लिए रवाना किए गए। बाबा सुखा सिंह ने ट्राले रवाना करते हुए बताया कि आज ही गुरुद्वारा डेरा कार सेवा नानक पुरी टांडा से आठ ट्राले, कटाना साहिब से तीन ट्राले, व कार सेवा नाभा से एक ट्राला खाद बीज से भरकर भेजा गया है और यह सेवा निरंतर चलती रहेगी। बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुई पंजाब की किसानी को दोबारा लीह पर लाने के लिए की जा रही इस पवित्र सेवा में बाबा बचन सिंह, बाबा महिंदर सिंह जी, बाबा सुखा सिंह और बाबा सुरिंदर सिंह कार सेवा दिल्ली वालों का विशेष योगदान है।करनाल से बीज व खाद के ट्राले रवाना करते समय शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह ख़ालसा, गुरु नानक सेवक जत्थे से रतन सिंह, डेरा कार सेवा से गुरसेवक सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शहर में रही गोवर्धन पूजा की धूम, मंदिरों में लगा अन्नकूट का भंडारा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 22 अक्तूबर।** गोवर्धन पूजा पर हल्के के विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट के प्रसाद का आयोजन धूमधाम व हर्षोल्लास से किया गया। शहर के मंदिरों में गोवर्धन पूजा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर के साथ श्री कृष्ण मंदिर, गीता भवन मंदिर, श्री राम मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, कश्यप राजपूत धर्मशाला, विश्वकर्मा धर्मशाला, कश्यप युवा शक्ति सहित शिव मंदिर आदि में गोवर्धन पूजा का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया और अन्नकूट के प्रसाद के भंडारे का आयोजन किया गया।

श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर प्रधान अनिल बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर में गोवर्धन पूजा और अनुकूल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर वार्ड 10 पार्षद मनीष बेनीवाल और पूर्व वाइस चेयरमैन जयकंवार उर्फ बिट्टू पहलवान ने शिरकत की। जहां कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से आयोजन कर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं शहर के वार्ड 10 पार्षद मनीष बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में गोवर्धन पूजा के साथ-साथ विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण की गाय के गोबर से निर्मित स्वरूप की विधि विधान से आचार्य सुभाष शास्त्री के द्वारा पूजा अर्चना की गई। पूर्व नपा अध्यक्ष बिट्टू पहलवान ने बताया कि द्वापर युग से चली आ रही इस पूजा में लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वहीं कश्यप राजपूत धर्मशाला समिति प्रधान सुल्तान कश्यप, मांगे राम कश्यप, जोगिंदर कश्यप, समाज सेवी राजेश कश्यप आदि ने बताया कि गोवर्धन पर्वत को भगवान श्री कृष्ण ने अपनी चितली उंगली पर उठाया था तभी से गोवर्धन के नाम से भी भगवान श्री कृष्ण की पूजा की जाती है।

### हाइवे पर आवारा पशु कों बचाते समय डिवाइडर से टकराई कार, एक की मौत,एक घायल

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेसहारा पशुओं के कारण हुए सडक हादसे मे एक 22 वर्षीय युवक की जान चली गई,जबकि उसका दोस्त घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया। घटना मंगलवार देर रात की है,जीटी रोड की दिल्ली लेन पर विचर रहे बेसहारा पशु को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें हल्के के गांव ताजपुर निवासी 22 वर्षीय अक्ष्य की मौके पर ही मौत हो गई,वही कार मे सवार उसका दोस्त घायल हो गया। मृतक के पिता संजय कुमार वासी ताजपुर ने चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो बच्चो का पिता है उसका 22 वर्षीय बेटा अक्षय त्यागी अपने दोस्त अमन के साथ चाचा की कार लेकर किसी काम से समालखा शहर आया था। देर रात वापस गांव जाते समय पानीपत-दिल्ली लेन पर दक्ष होटल के सामने अचानक उनकी कार के सामने आवारा पशु आ गया जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

# जानलेवा हमला करने का आरोपी काबू, चाकू बरामद

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 22 अक्तूबर।** थाना सेक्टर 13 17 पुलिस ने यमुना एंक्लेव के नजदीक पेट्रोल पंप के पास डाबर कॉलोनी निवासी लवकेश पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी को मंगलवार शाम को सेक्टर 13/17 से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान देशराज कॉलोनी निवासी गौरव के रूप में हुई है।



थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर किरण ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पैसों के लेनदेन को लेकर दोस्त लवकेश पर जानलेवा हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया वह यमुना एन्कलेव के नजदीक स्थित पेट्रोल पंप पर सेल्समैन की नोकरी करता है। उसने डाबर कॉलोनी निवासी दोस्त लवकेश से 34 हजार रूपए उधार लिए थे। लवकेश अब उससे अपने पैसे मांग रहा था। इसी के चलते वह लवकेश से रंजिश रखने लगा और 18 अक्तूबर को उसको पैसे देने के बहाने घर से बुलाकर लाया और पेट्रोल पंप के नजदीक उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर ऑस्कर हस्पताल में छोड़कर उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी गौरव को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

**यह है मामला :** थाना सेक्टर 13 17 में नूरवाला की डाबर कॉलोनी निवासी सचिन पुत्र प्रताप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके भाई लवकेश को कॉलोनी निवासी गौरव पुत्र राम रतन 18 अक्तूबर को पेट्रोल पंप पर जाने की बात बोलकर घर से अपने साथ ले गया था। गौरव ने पैसों के लेन देन को लेकर यमुना एन्कलेव के नजदीक पेट्रोल पंप के पास लवकेश पर चाकू से हमला कर दिया। गौरव ने सीने, कमर व हाथ पर वार किए। लवकेश ने गौरव से चाकू छीनकर स्कूटी की डिग्गी में डाल दिया। गौरव लवकेश को ऑस्कर हस्पताल में छोड़कर उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गया। गौरव ने रात करीब 3 बजे मैसेज कर बताया की स्कूटी घरौंडा बस स्टैंड पर खड़ी है, यहा ले जाना। घरौंडा बस स्टैंड से वे स्कूटी लेकर आए। लवकेश ऑस्कर अस्पताल में उपचाराधीन है। थाना सेक्टर 13/17 में सचिन की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

# लिबर्टी सैल में ग्राहकों की भीड़ उमड़ी इंटरनैशनल स्तर के उत्पाद रियायती दरों पर

पचास के दशक से भरोसे का दूसरा नाम रही है लिबर्टी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 22 अक्तूबर।** इंटरनैशनल स्तर पर अपनी क्वालिटी के नाम पर धूम मचाने वाली लिबर्टी शूज कंपनी करनाल के लोगों को दीपावली के पावन पर्व पर रियायती दरों पर इंटरनैशनल स्तर के उत्पाद मुहैया करवा रही हैं। दीपावली सैल 1ाुरू हो चुकी हैं। यह नवंवर तक चलेगी। बैसे सात साल से लिबर्टी की सैल रेलवे रोड पर साल भर चलती है। यहां पर रियायती दरों पर लिबर्टी के उत्पाद मुहैया करवाए जा रहे हैं। यहां पर सौ से अधिक कलैक्शन शूज चप्पल और एसेसरीज, बेग लगेज बेग टीशर्ट के साथ अन्य सामन मुहैया करवाए जा रहे हैं। लिबर्टी के एम.डी शम्मी बंसल सीई ओ रमन बंसल ने बताया कि लिबर्टी का भरोसा पचास के दशक से हैं। लिबर्टी के आज संसार भर में शौरूम हैं। उन्होंने बताया कि लिबर्टी के लिए उपभोक्ता की सुतुष्टि पैरों का आराम और लंबा सफर बिना थकान के घ्येय हैं। लिबर्टी करनाल की जमीन पर पल्लवित हुई। आज करनाल का नाम इंटरनैशनल स्तर पर लिबर्टी के कारण हैं। शूज के क्षेत्र में लिबर्टी का शेयर सबसे अधिक हैं। सैल के इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया कि लिबर्टी सैल में उपभोक्ता की हर पंसद का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि यहां पर दुल्हन, दुल्हा बुजुर्ग विद्यार्थियों युवाओं खिलाडियों सैनिकों की पसंद का सामान हैं। बचपन से लेकर पचपन की पसंद का ध्यान रखा गया हैं। कंपनी के पीआरओ बीपी सिंह ने बताया कि लिबर्टी सैल में पंजाब, हरियाणा के अलनग अलग जिलों, उत्तर प्रदेश हिमाचल प्रदेश जम्मम काश्मीर तथा दिल्ली से लोग आ रहे है। लोगों को साल भर इसका इंतजार रहता हैं।

# भगत सिंह चौक से लेकर रेलवे ब्रिज तक का रोड आखिर कब तक बनकर होगा कंपलीट

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 22 अक्तूबर।** टोहाना शहर की व उपमंडल की सभी जितने भी गांव हैं उन सभी लोगों को शहर के सबसे व्यस्त चौक जिसे शहीद भगत सिंह चौक भी कहा जाता है और वह चंडीगढ़ रोड के नाम से भी ज्यादा जाना जाता है कुछ वर्ष पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने 148 भी नेशनल मार्ग का अपने हाथों से जेसीबी मशीन चलकर शिलान्यास किया था जिसको जल्दी ही पूरा करने के आश्वासन भी दिए गए थे जो आज तक कंप्लीट नहीं किया गया है क्या भगत सिंह चौक से लेकर रेलवे ब्रिज तक का एरिया इतना ज्यादा है क्या की इस काम को वर्षो लगेंगे या संबंधित विभाग की कार्यशीलता ही धीमी है आने जाने वाले सभी लोगों का यही कहना है कि क्या बात है कि विभाग रोड आखिर कंप्लीट क्यों नहीं करवा रहा। क्या कंस्ट्रक्शन कंपनियों को कहकर काम जल्दी पूरा करवाया जा सकता काम कीड़ी की चाल चल रहा है कभी फुटपाथ टेढ़े-मेढ़े मुंडे मशीनों द्वारा रात के अंधेरे में बिना किसी विभाग अधिकारी की उपस्थिति में अनट्रेंड कारीगरों द्वारा बनाए जाते हैं और फिर कई महीनो बाद फुटपाथों पर मिट्टी की जगह क्रेशर और पत्थर डालकर फुटपाथों को भर दिया जाता है आखिर ऐसे ही काम चलता रहा तो अभी भी काफी और समय लगेगा विभाग काम कंप्लीट करने में सभी शहर निवासियों में एक बात का रोष है कि ऐसा शहर के पीडब्ल्यूडी और बी एंड आर के अधिकारियों को हो क्या गया है जिससे सभी कार्य धीमी रफ्तार से निर्माण हो रहे हैं और सभी कार्य अधर में लटके हुए हैं लगता है इन विभाग अधिकारियों का बनाने वाली कंस्ट्रक्शन कंपनियों से काफी मोह प्यार बढ़ गया है जिसके कारण उन पर सख्ती करना यह माफिक नहीं समझते लोग परेशान होते हैं तो होने दो।

# विश्वकर्मा जयंती पर बना श्रद्धा और समर्पण का माहौल : अशोक गुर्जर

## सीएम सैनी, मोहन लाल बड़ौली व अशोक गुर्जर ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 22 अक्तूबर।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर आज चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली के साथ हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने विशेष रूप से भाग लिया।




समारोह की शुरुआत भगवान श्री विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान सभी नेताओं ने भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए उनके आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके बाद यहां अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण और नवाचार के प्रतीक हैं। उनकी जयंती पर हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। नायब सरकार कारीगरों, शिल्पकारों और तकनीकी कामगारों के कल्याण हेतु अनेक योजनाओं पर कार्य कर रही है। अशोक गुर्जर ने भगवान विश्वकर्मा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि विश्वकर्मा जी की पूजा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि श्रम और रचनात्मकता के प्रति सम्मान का प्रतीक है। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भगवान विश्वकर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर मेहनत, ईमानदारी और रचनात्मकता को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी भाग लिया और शिल्पकारों को सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी के दिखाए मार्ग पर चलकर ही समाज की प्रगति और समृद्धि संभव है। समारोह में तकनीकी विकास, नवाचार एवं स्थानीय शिल्प को बढ़ावा देने के विषय पर भी विचार विमर्श किया गया। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल किया, बल्कि समाज में श्रम की गरिमा और नवाचार की भावना को भी बल दिया। कार्यक्रम का समापन भगवान विश्वकर्मा जी की आरती और भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने भाग लिया।

# छठ पूजा 27 अक्तूबर को : सूर्य उपासना का महापर्व



ज्योतिष, अमन राजन



भारत त्योहारों का देश है, जहाँ हर पर्व के पीछे एक गहरा धार्मिक, सामाजिक और वैज्ञानिक महत्व निहित होता है। इन्हीं में से एक सबसे पवित्र और आस्था से जुड़ा पर्व है छठ पूजा, जिसे सूर्य उपासना का महापर्व कहा जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई इलाकों में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। आज छठ पूजा न केवल एक क्षेत्रीय पर्व रह गया है, बल्कि पूरे भारत और विदेशों में बसे भारतीयों के बीच भी इसकी गूंज सुनाई देती है।

**छठ पूजा मुहूर्तः** छठ पूजा सोमवार, अक्टूबर 27, 2025 को, सूर्योदय समय छठ पूजा के दिन - 06:34 ए एम, सूर्यास्त समय छठ पूजा के दिन - 05:39 पी एम, षष्ठी तिथि प्रारम्भ - अक्टूबर 27, 2025 को 06:04 ए एम बजे, षष्ठी तिथि समाप्त - अक्टूबर 28, 2025 को 07:59 ए एम बजे

**छठ पूजा का धार्मिक महत्वः** छठ पूजा का मुख्य उद्देश्य सूर्य देव और छठी मइया (उषा देवी) की उपासना करना है। हिंदू धर्म में सूर्य देव को प्रत्यक्ष देवता कहा गया है – जो स्वयं अपनी किरणों से धरती पर जीवन का संचार करते हैं। सूर्य देव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनसे स्वास्थ्य, समृद्धि तथा सुख-शांति की कामना के लिए यह पर्व मनाया जाता है। छठ मइया को सूर्य देव की पत्नी माना जाता है। वे संतान की रक्षा, परिवार की सुख-शांति और दीर्घायु का वरदान देने वाली देवी हैं। लोकमान्यता के अनुसार, छठी मइया बच्चों की संरक्षिका हैं, इसलिए महिलाएँ विशेष रूप से अपने बच्चों के कल्याण के लिए इस व्रत को करती हैं।

**छठ पूजा की पौराणिक कथाः** छठ पूजा से जुड़ी कई पौराणिक कथाएँ प्रचलित हैं।

**1. रामायण कालीन कथा-** जब भगवान श्रीराम और माता सीता चौदह वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटे, तब उन्होंने कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को सूर्य देव की उपासना की। माता सीता ने निर्जल व्रत रखकर सूर्य को अर्घ्य दिया। तभी से इस पूजा की परंपरा की शुरुआत मानी जाती है।

**2. महाभारत कालीन कथा-** एक अन्य कथा के अनुसार, जब पांडवों को अपना राज्य वापस पाने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, तब द्रौपदी ने सूर्य देव की आराधना कर छठ व्रत किया। सूर्य देव ने द्रौपदी को आशीर्वाद दिया, जिससे उनके जीवन में सुख-शांति आई और पांडवों को विजय प्राप्त हुई।

इन दोनों कथाओं से स्पष्ट है कि यह पर्व धार्मिक आस्था और शक्ति का प्रतीक है, जो मनुष्य को कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ता और श्रद्धा से जीने की प्रेरणा देता है।

**छठ पूजा की विधि और अनुष्ठानः** छठ पूजा चार दिनों तक चलने वाला कठिन और पवित्र व्रत है। इसमें व्रती पूर्ण शुद्धता, संयम और आत्मनियंत्रण का पालन करते हैं।

**पहला दिन — नहाय-खाय**

इस दिन व्रती प्रातःकाल पवित्र नदी, तालाब या गंगा जल में स्नान कर शरीर और मन की शुद्धि करते हैं। फिर घर आकर चूल्हे को गोबर और मिट्टी से लीपकर शुद्ध किया जाता है। इसके बाद सादा और सात्विक भोजन जैसे लौकी-भात (चावल और चने की दाल) ग्रहण किया जाता है। इस दिन मांसाहार, प्याज, लहसुन आदि का पूर्ण त्याग किया जाता है।

**दूसरा दिन — खरना**

खरना के दिन व्रती पूरा दिन निर्जल उपवास रखते हैं। शाम को सूर्यास्त के बाद गुड़ की खीर, गेहूं की रोटी और केला का प्रसाद तैयार किया जाता है। यह प्रसाद पहले सूर्य देव को अर्पित किया जाता है और फिर व्रती इसे ग्रहण करते हैं। इस दिन परिवार और पड़ोसी भी प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिससे सामाजिक एकता का भाव प्रकट होता है।

**तीसरा दिन — संध्या अर्घ्य**

यह दिन छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। व्रती पूरे दिन निर्जल रहते हैं और शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाटों पर जाते हैं। महिलाएँ पारंपरिक वस्त्र, साड़ी या सूती कपड़े पहनती हैं, माथे पर सिंदूर लगाती हैं, और सिर पर दऊरा (बाँस की टोकरी) में पूजा सामग्री लेकर जल में खड़ी होती हैं। वे सूर्य देव से अपने परिवार की खुशहाली, संतान की लंबी उम्र और जीवन में शांति की कामना करती हैं। इस अवसर पर घाटों पर दीपों की कतारें, गीत और भजन वातावरण को दिव्य बना देते हैं।

**चौथा दिन — उषा अर्घ्य**

अंतिम दिन प्रातःकाल उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। यह अर्घ्य नयी ऊर्जा और नये जीवन का प्रतीक होता है। इस दिन व्रती व्रत का समापन करते हैं और प्रसाद बांटकर अपनी पूजा पूर्ण करते हैं।

**छठ पूजा का वैज्ञानिक पक्ष**

छठ पूजा का एक गहरा वैज्ञानिक और पर्यावरणीय महत्व भी है। यह पर्व मानव और प्रकृति के बीच संतुलन का प्रतीक है।

**सूर्य की किरणें और स्वास्थ्यः** छठ पूजा के दौरान जब व्रती जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते हैं, तो शरीर को सूरज की किरणों से प्राकृतिक विटामिन डी प्राप्त होता है, जो हड्डियों और प्रतिरक्षा तंत्र के लिए आवश्यक है।

**शुद्ध वातावरणः** इस पर्व में पूर्ण स्वच्छता और सात्विकता का पालन किया जाता है। घरों और घाटों की सफाई से पर्यावरण स्वच्छ रहता है।

**शारीरिक अनुशासनः** व्रत के दौरान उपवास, सूर्योदय-सूर्यास्त के समय ध्यान, और जल सेवन से शरीर का डिटॉक्स होता है।

**सामूहिकता और सामाजिक सौहार्दः** छठ पूजा का सबसे सुंदर पहलू यह है कि इसमें जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति का कोई भेदभाव नहीं होता। सभी लोग एक ही घाट पर समान रूप से पूजा करते हैं।

**सांस्कृतिक और लोक परंपराएँ**

छठ पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह एक लोक-सांस्कृतिक उत्सव भी है। इस पर्व से जुड़ी लोकगीत, भक्ति गीत और पारंपरिक वेशभूषा इसकी सुंदरता को और बढ़ा देते हैं।

महिलाएँ 'केलवा जे जनमलें हमार छठी मइया' जैसे लोकगीत गाती हैं।

गांवों और शहरों में सामूहिक रूप से घाट सजाए जाते हैं। बाँस की टोकरी, मिट्टी के दीपक, गन्ना, फल, नारियल आदि प्रसाद में उपयोग होते हैं।

यह सब भारतीय संस्कृति में लोक आस्था की गहराई और एकता की भावना को दर्शाता है।

**आज के समय में छठ पूजा का विस्तारः** आज छठ पूजा का दायरा बिहार या यूपी तक सीमित नहीं रहा। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, पंजाब, गुजरात और यहां तक कि विदेशों – जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, मॉरीशस और दुबई – में भी प्रवासी भारतीय इसे बड़े हर्षोल्लास से मनाते हैं। यह पर्व अब भारतीय पहचान और संस्कृति का प्रतीक बन चुका है। सरकारें और स्थानीय प्रशासन भी घाटों की सफाई, सुरक्षा और सुविधा की व्यवस्था करते हैं। सोशल मीडिया और टीवी पर भी इस पर्व की झलक मिलती है, जिससे नई पीढ़ी को अपनी परंपरा से जुड़ने का अवसर मिलता है।

छठ पूजा भारतीय संस्कृति की आत्मा है – जहाँ आस्था, अनुशासन, शुद्धता, पर्यावरण प्रेम और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि सच्ची भक्ति केवल मंदिरों या कर्मकांडों में नहीं, बल्कि मन की पवित्रता, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और समाज के प्रति प्रेम में निहित है।

छठ पूजा हमें याद दिलाती है कि सूर्य – जो जीवन का आधार है – उसकी उपासना केवल धार्मिक कर्म नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति धन्यवाद है। इसलिए कहा जाता है –

*'सूर्य बिना जीवन नहीं, और छठ बिना आस्था नहीं।'*

# भाई को अकाल मृत्यु से बचाने के लिए बहनें करती हैं मथुरा में मां यमुना और यमराज का यमुना धर्मराज मंदिर में पूजा

**भाई-बहन** के रिश्ते को बहुत पवित्र माना जाता है और उसी को समर्पित देशभर में रक्षाबंधन और भाई-दूज का त्योहार मनाया जाता है।

इस दिन बहन अपने भाई की दीर्घ आयु की कामना करती है, लेकिन उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक ऐसा मंदिर है, जहां खासतौर पर भाई-दूज के दिन भाई और बहन दोनों ही दर्शन और स्नान के लिए आते हैं। इस मंदिर की मान्यता इतनी है कि श्रद्धालु अलग-अलग राज्यों से आते हैं और मां यमुना का आशीर्वाद लेते हैं।



उत्तर प्रदेश के मथुरा में मां यमुना और यमराज का यमुना धर्मराज मंदिर है, जिसे भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि जो भी भाई-बहन इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं, उन पर अकाल मृत्यु का साया नहीं पड़ता है और भाई की आयु लंबी होती है। यह देश का पहला मंदिर है, जहां यमराज की पूजा होती है और भक्त यमराज के साथ मां यमुना की पूजा करते हैं। मंदिर में मौजूद मां यमुना और यमराज की प्रतिमा भी अनोखी है, जिसमें मां यमुना का हाथ हवा में है।

माना जाता है कि मां यमुना उस हाथ से अपने भाई यमराज का तिलक करती हैं। प्राचीन मंदिर को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। माना जाता है कि भाई-दूज के दिन भी यमराज खुद चलकर बहन यमुना से मिलने आए थे। ऐसे में मां यमुना ने अपने भाई का खूब सत्कार किया और 56 भोग परोस दिए। बहन के द्वारा किए सत्कार से प्रसन्न होकर उन्होंने भेंट के बदले वरदान मांगने को कहा। तब मां यमुना ने वरदान मांगा कि जो भी भाई-बहन भाई दूज के दिन यमुना में स्नान करेंगे और मंदिर में दर्शन करेंगे, वे कभी भी नर्कलोक नहीं जाएंगे और उनकी अकाल मृत्यु भी नहीं होगी।

अब बहन की मांगी याचना को यमराज ने माना और इसी दिन से भाई-दूज के मौके पर विश्राम घाट पर दूर-दूर से लोग यमुना जी में स्नान करने आते हैं। भाई-दूज के दिन मंदिर में भारी भीड़ लगती है और भाई और बहन दोनों ही मंदिर में साथ में दर्शन करने के लिए आते हैं। मंदिर को लेकर ये भी माना जाता है कि इसी घाट पर श्री कृष्ण आराम कर रहे थे और उनसे मिलने के लिए यमराज पहुंच गए थे। ऐसे में श्री कृष्णा ने यमराज को घाट किनारे पूजे जाने का वरदान दिया था।

## भाई दूजः भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व

भारत त्योहारों का देश है, जहाँ हर पर्व अपने साथ एक गहरा संदेश लेकर आता है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण पर्व है भाई दूज, जो भाई-बहन के स्नेह और सुरक्षा के बंधन का प्रतीक है। यह पर्व दीपावली के दो दिन बाद, कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। भाई दूज के दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनके दीर्घायु, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। भाई अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेते हैं और उपहार देकर अपने प्रेम का इज़हार करते हैं। इस दिन का महत्व रक्षाबंधन जैसा ही है, किंतु इसमें राखी बांधने की परंपरा नहीं होती। पौराणिक कथा के अनुसार, यमराज अपनी बहन यमुना के घर इस दिन गए थे। यमुना ने उनका स्वागत तिलक, आरती और मिठाइयों से किया। प्रसन्न होकर यमराज ने आशीर्वाद दिया कि इस दिन जो बहन अपने भाई का तिलक करेगी, उसके भाई को दीर्घायु प्राप्त होगी। तभी से यह पर्व 'यम द्वितीया' या 'भाई दूज' कहलाया। यह पर्व केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि पारिवारिक एकता, स्नेह और रिश्तों की मधुरता का उत्सव है। भाई दूज हमें यह सिखाता है कि जीवन में परिवार का महत्व सबसे अधिक है और भाई-बहन का रिश्ता प्रेम, सम्मान और सहयोग का प्रतीक है।

**भाई दूज मुहूर्त**ः बृहस्पतिवार, अक्टूबर 23, 2025 को, भाई दूज अपराह्न समय – 01:14 पी एम से 03:29 पी एम, अवधि – 02 घण्टे 14 मिनट्स, यम द्वितीया बृहस्पतिवार, अक्टूबर 23, 2025 को, द्वितीया तिथि प्रारम्भ – अक्टूबर 22, 2025 को 08:16 पी एम बजे, द्वितीया तिथि समाप्त – अक्टूबर 23, 2025 को 10:46 पी एम बजे

## पंचांग

**वीरवार, अक्टूबर 23, 2025**

सूर्योदय 06:31 ए एम सूर्यास्त 05:43 पी एम चन्द्रोदय 08:03 ए एम चन्द्रास्त 06:31 पी एम शक सम्वत 1947 विश्वावसु विक्रम सम्वत 2082 कालयुक्त गुजराती सम्वत 2082 पिङ्गल अमान्त महीना कार्तिक पूर्णिमान्त महीना कार्तिक वार गुरुवार पक्ष शुक्ल पक्ष तिथि द्वितीया - 10:46 पी एम तक नक्षत्र विशाखा - 04:51 ए एम, अक्टूबर 24 तक योग आयुष्मान् - 05:00 ए एम, अक्टूबर 24 तक करण बालव - 09:30 ए एम तक द्वितीय करण कौलव - 10:46 पी एम तक प्रविष्टे/गते 7 सूर्य राशि तुला चन्द्र राशि तुला - 10:06 पी एम तक राहुकाल 01:31 पी एम से 02:55 पी एम गुलिक काल 09:19 ए एम से 10:43 ए एम यमगण्ड 06:31 ए एम से 07:55 ए एम अभिजित मुहूर्त 11:44 ए एम से 12:29 पी एम दुर्मुहूर्त10:15 ए एम से 11:00 ए एम दुर्मुहूर्त 02:44 पी एम से 03:29 पी एम अमृत काल 06:57 पी एम से 08:45 पी एम वर्ज्य 08:09 ए एम से 09:57 ए एम

## भविष्य फल



**मेषः** आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि वह आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। यदि आपने शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किया था, तो उससे भी आपको नुकसान होने की संभावना है।

**वृषः** आज अपने कामों पर ध्यान रहेगा। आपको उन्हे संयम से निपटाने की आवश्यकता है और जल्दबाजी के कारण आपसे कोई गड़बड़ी हो सकती है।

**मिथुनः** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको ज़्यादा समाज सेवा के चक्कर में पढ़ने से बचना होगा।

**कर्कः** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। सामाजिक व राजनीतिक कामों में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी कुछ खास लोगों में से मुलाकात होगी।

**सिंहः** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी लोगों से खूब पटेगी और आप अपने कामों में भी बदलाव करेंगे।

**कन्याः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। मित्रों से आपकी खूब पटेगी आर्थिक योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है, इसलिए आपको प्रॉपर्टी की खरीदारी करना भी बेहतर रहेगा।

**वृश्चिकः** आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा सोच समझकर करना होगा। जल्दबाजी में आप कोई काम फैसला ना ले और आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे।


**धनुः** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा।

**मकरः** आज आपको अपने कुछ कामों को लेकर थोड़ी टेंशन रहेगी। संतान को मनचाही नौकरी न मिलने से आपका मन भी परेशान रहेगा।

**कुंभः** आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से अटका हुआ था।

**मीनः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको रुके हुए धन के मिलने की संभावना है और आपकी बिजनेस की योजनाएं जो लंबे समय से रुकी हुई थी, वह फिर से शुरू हो सकती है।

# नाम की दौलत हाथ न आई तो कंगाल ही बने रहोगे



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

महापुरुष हर युग में यह आवाज़ देते रहे हैं कि ऐ इन्सान, तूने इस दौलत की प्राप्ति करनी है। यह ही तुझे लोक-परलोक में मालामाल करने वाली है। अगर यहाँ इस दौलत की प्राप्ति नहीं की तो आगे क्या हासिल होगा। दास अक्सर कहता है कि किसी पूछने वाले ने अपने उस्ताद से, साधु-महात्मा से पूछा कि मौत के बाद जीवन क्या होता है? तो आगे से उस्ताद ने कहा कि आप फिक्रमन्द हैं इस मौत के बाद के जीवन के लिए लेकिन मुझे फिक्र है उस मौत से पहले के जीवन की। इस बात की अधिक अहमियत है। अगर इस जीवन की प्राप्ति यथार्थ है तो आगे की कोई फिक्र नहीं रहती। लेकिन इस जन्म में इन्सान लगा है भौतिक दौड़ में। कोई धन हासिल करने में लगा है, कोई ताकत हासिल करना चाहता है। इन्हीं प्राप्तियों के लिए ही यह कार्य करता रहा है और अन्त में इसके हाथ कुछ नहीं आता। इसलिए महात्मा कहते हैं कि ऐ इन्सान, जो चाल तू चल रहा हे, यह तुझे कहीं ले जाने वाली नहीं। इससे तो तुम चौरासी के गेड़ (बन्धन) में ही पड़े रहोगे। तुम्हारी आँखों पर अज्ञानता की पट्टी बंधी रहेंगी, अंधकार कायम रहेगा और तुम ठोकरें खाते रहोगे। जब तक रोशनी प्राप्त नहीं होगी, ठोकरें बनी रहेंगी। नाम की दौलत हाथ न आई तो कंगाल ही बने रहोगे। सांसारिक दौलतें तो अधूरेपन की ही निशानी है। जैसे सिकन्दर बादशाह की मिसाल आती है कि जब वह दुनिया को फतह करने की तैयारी में था तो उसका एक मित्र जो फिलॉस्फर (दार्शनिक) था, सूझवान था, उसको ऐसा करने से रोकने के लिए समझाने लगा लेकिन सिकन्दर नहीं माना। कहने लगा कि मैंने तो ठान लिया है कि मैंने तो दौलतों के अम्बार लगाने है, सारी दुनिया को अपने आधीन करना है। उसका मित्र कहने लगा, ÷अगर जाने की ठान ही ली है तो एक राय मान लो। यहाँ नजदीक ही एक साधु-महात्मा है। जाने से पहले आप उससे मिल लें। दोस्त की बात मानकर सिकन्दर उस महात्मा के पास चल पड़ा। जैसे ही वह वहाँ पहुँचा, बैठे हुए सभी लोग खड़े हो गये लेकिन वह महात्मा बैठा रहा। यह देखकर सिकन्दर तिमिला उठा तथा गुस्से में आकर कहने लगा, ÷तू जानता नहीं कि मैं राजा हूँ। सारे मेरे सम्मान में खड़े हुए हैं और तू इतना अदब भी नहीं जानता, यह कहकर वह वापिस चल पड़ा।÷ सिकन्दर के उस मित्र ने साधु महात्मा से कहा, यह आपने क्या किया। बादशाह का स्वागत भी नहीं किया। वह तो आपसे बहुत गुस्सा है। यह सुनकर आगे से वह साधु-महात्मा बोला, अगर राजा मेरे पास आता तो मैंने अवश्य उसके स्वागत में खड़ा होना था, उसके पाँव चूमने थे पर तू तो एक कंगाल को मेरे पास लेकर आया है। वह मित्र बहुत हैरान हुआ तो महात्मा ने समझाया, ÷वह कंगाल नहीं तो और क्या था। उसके पास दौलत के अम्बार तो पहले से ही लगे हुए हैं फिर भी यह दौलत इकट्ठी करने की दौड़ में लगा हुआ है। पता नहीं कितने लोगों का खून चूस-चूस कर यह हीरे-जवाहरात आदि लूट कर लायेगा? कितनी अबलाओं की मांगों का सिन्दूर पोंछेगा, कितनों को अनाथ बनायेगा। इस प्रकार दौलत प्राप्त करने के बाद भी यह कंगाल ही रहेगा।

कहने का भाव, ऐ इन्सान, तू इस सांसारिक दौलत की प्राप्ति के लिए ही न लगा रह बल्कि इस जन्म में नाम रुपी दौलत की प्राप्ति करके मालामाल हो जा, जिसके लिए कहा गया है कि

एही तेरी अवसर एही तेरी वार
घर भीतर तूं सोच विचार।

कहते हैं कि यही एक अवसर है -

खूब खुल्हया ही हाट बाजार
कर छिन सौदा वणज वापार
पीछे जा थीसी आ बंद बाजार।

कहते हैं कि इस नाम रुपी सच्चे सौदे का ही वणज-वापार करना है। अभी तो यह बाजार खुला है, अभी यह सौदा मिल सकता है। जब यह यबाजार बन्द हो जाएगा तो कुछ भी माल मिलने वाला नहीं है। भाव, एक-एक स्वांस की बहुत कीमत है।

ये स्वांस बीत गये तो कुछ बनने वाला नहीं है। इसलिए ऐ इन्सान! इस अवसर को तू व्यर्थ व्यतीत मत होने दे।

# 5100 दीपों से जगमगाया पुंडरीक तीर्थ, भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक सतपाल जांबा



अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति


**पुंडरी, 22 अक्तूबर।** पवित्र पुंडरीक तीर्थ पर इस वर्ष दिवाली का पर्व बेहद धूमधाम और आध्यात्मिक माहौल में मनाया गया। पूरे तीर्थ परिसर को 5100 दीयों की रोशनी से जगमगाया गया, जिससे वातावरण भक्तिभाव और दिव्यता से भर उठा। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने पूरे तीर्थ की परिक्रमा की और स्थानीय नपा प्रशासन व चेयरपर्सन के कार्यों की सराहना की।

दिवाली के इस शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संतजन, समाजसेवी व जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। संध्या समय आरती और दीप प्रज्ज्वलन के बाद पूरे तीर्थ परिसर का नजारा देखते ही बनता था। दीपों की रौशनी में प्रतिबिंबित पुंडरी सरोवर का दृश्य मनमोहक लग रहा था। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि पुंडरीक तीर्थ की दिवाली ऐतिहासिक रही है और आने वाले वर्षों में इसे और भव्य रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

रात को हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन, आतिशबाजी और धार्मिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश का भविष्य है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने की सख्त सलाह दी। नशा व्यक्ति के जीवन और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाता है। बच्चों को अपनी ऊर्जा पढ़ाई और खेलकूद में लगानी चाहिए।

उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों पर सकारात्मक नजर रखने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि सनातन धर्म हमें सच्चाई और धर्म के मार्ग पर चलना सिखाता है। उन्होंने बच्चों को धार्मिक ग्रंथों और संस्कारों से जुड़ने की प्रेरणा दी। अच्छे संस्कार ही एक सशक्त समाज की नींव होते हैं।

# जीवन मे दृढ़ इच्छा शक्ति, मेहनत और लगन बनाते हैं सिरमौर : मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक



जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये, जिन गुणों की आवश्यकता होती है, उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है–दृढ़ इच्छा शक्ति। अन्य गुण, जैसे ईमानदारी, साहस, परिश्रम और लगन आदि, दृढ़ इच्छा-शक्ति के अभाव में व्यर्थ हो जाते हैं। प्रायः ऐसा देखा गया है कि एक व्यक्ति के पास धन है, बल है और विद्या है परन्तु वह अपने जीवन-काल में कुछ भी नहीं कर पाता। यदि ऐसे व्यक्तियों के मानसिक जीवन का विश्लेषण किया जाय, तो स्पष्ट पता चल जायगा कि उनमें इसी दृढ़ इच्छा-शक्ति का अभाव था। इसके विपरीत ऐसे अनेक व्यक्ति इतिहास प्रसिद्ध हो गये हैं जो साधनविहीन थे परन्तु अपने मनोबल के कारण, वे कुछ का कुछ बन गये। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 के तुलसीसभागार मे कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा बात पुरानी जरूर है लेकिन है बहुत सार्थक और प्रेरक। प्राचीन समय में एक ऋषि के आश्रम में बहुत सारे शिष्य विद्याध्ययन करते थे। उन शिष्यों में से कुछ राजकुमार थे तो कुछ निर्धन परिवारों के बच्चे भी थे। एक दिन ऋषि पेड़ के नीचे बैठकर संस्कृत का पाठ पढ़ा रहे थे। पाठ पूरा होने पर उन्होंने एक निर्धन बच्चे को पढ़ाए हुए संस्कृत के श्लोकों का अर्थ बताने के लिए कहा। लेकिन वह शिष्य उन श्लोकों को पढ़ ही नहीं पाया। और ऋषि क्रोधित होकर उस शिष्य को डंडे मारने के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाने के लिए कहा। शिष्य ने डरते-डरते अपने हाथ ऋषि के आगे कर दिए। जैसे ही ऋषि ने उस शिष्य के हाथों को देखा तो वे बोले, तुम्हें तो मारना ही बिल्कुल निरर्थक है क्योंकि तुम्हारे हाथ में विद्या की तो कोई रेखा ही नहीं है, इसलिए तुम्हारा शिक्षा ग्रहण करना ही बेकार हो जाता है। वह शिष्य अपने गुरुजी के वक्तव्य से अंदर तक हिल गया, वह अपने स्थान से उठा और आश्रम के बाहर चला गया। थोड़ी ही देर में वह वापस आश्रम में आया, लेकिन उसकी हथेली में खून बह रहा था। उस ऋषि ने पूछा- तुम्हारे हाथ में यह क्या हुआ? यह घाव कैसे हो गया? शिष्य ने बड़ी गंभीरता से कहा- गुरुजी यह घाव नहीं है बल्कि विद्या की रेखा है, जिसे मैंने खुद अपनी हथेली पर बनाई है। ऋषि ने तुरंत ही अपने शिष्य का उपचार किया और उस शिष्य की दृढ़ इच्छा शक्ति से बहुत प्रभावित हुए। उस दिन से ऋषि ने उस शिष्य पर पूरा ध्यान देना शुरू कर दिया और शिष्य भी अपने गुरुजी का पूरा प्रेम पाकर खूब परिश्रम करने लगा पूरी निष्ठा और लगन के साथ। वह दिन प्रतिदिन खूब उन्नति करने लगा और उसकी दृढ़ इच्छा शक्ति, परिश्रम और लगन ने तथा ऋषि के लगाव ने उसे संस्कृत का प्रकाण्ड विद्वान बना दिया और उस शिष्य का नाम था- पाणिनी। जिन्होंने बड़े होकर संस्कृत का पहला व्याकरण ग्रंथ लिखा।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया युवाओं यह कतई जरूरी नहीं है कि सिरमौर बनने के लिए शुरू में बहुत बड़ा काम शुरू करना है, बहुत बड़ा अनुसंधान करना है क्योंकि किसी भी बड़ी कामयाबी या योजना के लिए शुरूआत छोटी ही सही, लेकिन समय पर पूरे दृढ़ निश्चय और मेहनत लगन से होनी चाहिए। क्योंकि जिलेट ने कभी भी हवाई जहाज या कार बनाने की कोशिश नहीं की थी, बल्कि उन्होंने रोज काम में आने वाली चीज सेफ्टी रेजन बनाने की सोची लेकिन उसमें दिलोजान से लगे और कामयाब हुए। कुछ लोग हैं कि कश्ती संग किनारे रह गए, कुछ लोग हैं कि कश्ती को किनारे ले गए।

# एसआरएमयू-एपी में राज्य का पहला साहित्य महोत्सव शुरू

## एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी स्थित ईश्वरी स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स ने पहले अमरावती साहित्य महोत्सव 2025 के उद्घाटन पर देशभर के लेखकों, कवियों और कलाकारों का किया स्वागत

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी




**अमरावती (आंध्र प्रदेश)।** अमरावती साहित्य महोत्सव÷ एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी में राज्य के पहले साहित्य महोत्सव का उद्घाटन किया गया।

एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी स्थित ईश्वरी स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स ने पहले अमरावती साहित्य महोत्सव (एएलएफ) 2025 के उद्घाटन अवसर पर देश भर के लेखकों, कवियों और कलाकारों का स्वागत किया। इस महोत्सव का शीर्षक था ÷कोठा नगरम, कोठा श्रावलु (नया शहर, नई आवाज़ें)। साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता तेलुगु लेखिका और कवियत्री वोल्गा (पी ललिता कुमारी) मुख्य अतिथि थीं और उन्होंने साहित्य जगत की विविध आवाज़ों, विचारों, पहचानों और संवादों का जश्न मनाते हुए तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव का शुभारंभ किया।

ईश्वरी स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स के डीन प्रो. विष्णुपद ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि एएलएफ अमरावती को उसकी पहली आवाज़ और साहित्यिक धड़कन देगा। उन्होंने कहा, साहित्य आपको बौद्धिक क्षमता, भावनात्मक स्थिरता और अपनी आवाज़ ढूँढ़ने के लिए एक नैतिक दिशा प्रदान करता है। एएलएफ के माध्यम से हम हर उस आवाज़, हर उस कहानी का जश्न मनाते हैं जो समाज को आकार देती है और राष्ट्र का निर्माण करती है।÷

अपने स्वागत भाषण में, कुलपति (स्वतंत्र प्रभार) प्रो. सीएच सतीश ने साहित्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷इतिहास तथ्यों की बात करेगा - लेकिन लोगों ने जो महसूस किया, उसे केवल साहित्य के माध्यम से ही समझाया जा सकता है। इतिहास और साहित्य का संयोजन ही अतीत की संस्कृति का वर्णन कर सकता है।÷ उन्होंने प्रसिद्ध कवि श्री श्री के तेलुगु काव्य संग्रह ÷महाप्रस्थानम÷ का उल्लेख करते हुए तेलुगु साहित्य के इतिहास पर भी प्रकाश डाला।

अपने मुख्य भाषण में, वोल्गा ने साहित्यिक उत्सवों के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा - साहित्य उत्सव ही सच्चे उत्सव हैं जो पूरे देश और पूरी दुनिया का उत्सव मनाते हैं, जिसमें सभी भाषाएँ, सभी समुदाय, सभी जातियाँ और वर्ग शामिल हैं।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारतीय साहित्य, हालाँकि कई भाषाओं में लिखा गया है, दर्द, विरह, प्रेम, पीड़ा को प्रतिध्वनित करता है और एक अनोखी मानवीय कहानी को व्यक्त करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को तेलुगु साहित्य और विश्व साहित्य में गहराई से उतरने, विमर्शों की सराहना करने, मूल्यों को आत्मसात करने और बदलाव की आवाज़ बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

एएलएफ के पहले दिन श्रीमती पी सत्यवती, सुश्री मनीषा शोभराजानी, श्री पवन संतोष और सुश्री मिलो अंखा जैसे प्रशंसित लेखकों और लेखिकाओं के साथ पैनल चर्चाएँ भी हुईं। अग्रणी नारीवादी लेखिका पी सत्यवती ने एक साधारण गाँव के बचपन से लेकर महिलाओं की पहचान, भावनात्मक लचीलेपन और सामाजिक अपेक्षाओं की खोज करने वाली महिलाओं की एक सशक्त साहित्यिक आवाज़ बनने तक के अपने प्रेरक सफ़र पर प्रकाश डाला। सुश्री शोभराजानी और सुश्री अंखा ने लिंग और राजनीति के अंतर्संबंध पर बात की और अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं के चित्रण से जुड़े नैतिक प्रश्न उठाए।

इसके बाद प्रसिद्ध तेलुगु कवि कदली सत्यनारायण के साथ लेखन और प्रकाशन पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिनकी रचनाओं ने तेलुगु साहित्य में महिलाओं की आवाज को नए सिरे से परिभाषित किया।

अमरावती साहित्य महोत्सव एक अनूठी पहल है जो साहित्य को पुल बनाने, क्रांतियों को उत्प्रेरित करने और सहानुभूति को पोषित करने के एक साधन के रूप में उपयोग करने का प्रयास करता है। जैसे-जैसे अमरावती मानचित्र पर विकसित हो रहा है, एएलएफ यह सुनिश्चित करता है कि शहर को आकार देने के लिए पर्याप्त आवाज़ें मौजूद हों। इस अभिनव महोत्सव में पैनल चर्चा, कार्यशालाएँ, संवाद सत्र, कला प्रदर्शनियाँ और कई अन्य कार्यक्रम शामिल हैं जो चुनौतीपूर्ण आख्यानों, साहित्य की आवाज़ों और संस्कृतियों की समझ को संबोधित करते हैं। ईश्वरी स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स, एसआरएम एपी, एएलएफ को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित करना जारी रखेगा, जिसका आदर्श वाक्य है जहां कोई कहानी बहुत महत्वहीन नहीं है, जहाँ कोई आवाज़ बहुत विनम्र नहीं है।

# भारत निर्वाचन आयोग का सम्मेलन देशव्यापी SIR तैयारी पर प्रारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग का दो दिवसीय मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का सम्मेलन आज नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल मैनेजमेंट में प्रारंभ हुआ।

इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने की, जबकि निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति रही। आयोग ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के CEO कार्यालयों की देशव्यापी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) अभ्यास के लिए की गई तैयारियों का आकलन किया।

यह सम्मेलन 10 सितंबर, 2025 को आयोजित स्ढ्ढक्र तैयारी सम्मेलन की अगली कड़ी के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या, अंतिम स्ढ्ढक्रकी पात्रता तिथि तथा अंतिम पूर्ण स्ढ्ढक्र के अनुसार मतदाता सूची की विस्तृत प्रस्तुतियाँ दी थीं।

आयोग ने CEOs को पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार वर्तमान मतदाताओं को राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में अंतिम स्ढ्ढक्र के अनुसार मतदाताओं के साथ मैप करने की प्रगति की भी समीक्षा की।

इसके अतिरिक्त, आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी, नामांकन अधिकारी, सहायक नामांकन अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी तथा बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण की स्थिति की भी समीक्षा की।

बैठक में स्वप्निल एम. नाइक, आईएएस, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, यूटी चंडीगढ़; श्री हरी कल्लिकट, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी; तथा श्री अमनदीप सिंह भट्टी, पीसीएस, अतिरिक्त उपायुक्त, यूटी चंडीगढ़ उपस्थित रहे।

# चित्रकूट मे अवैध वसूली के मामले में सात पुलिस वाले निलंबित

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में विगत दिनों ट्रक वालों से की जा रही वसूली के मामले में हुए एक वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने तीन थानों के कोतवाल, एक दरोगा और तीन कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। डिजिटल एप के माध्यम से संज्ञान में आए एक वीडियों के सन्दर्भ में क्षेत्राधिकारी नगर,क्षेत्राधिकारी राजापुर की प्राथमिक रिपोर्ट के आधार पर विभागीय कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक भरतकूप,आरक्षी रणवीर सिंह,थानाध्यक्ष पहाड़ी, आरक्षी शुभम द्विवेदी एवं थानाध्यक्ष राजापुर, एसआई इमरान खाँ एवं आरक्षी अजय कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

इस कार्रवाई के बाद जिले भर में पुलिस महकमे में हलचल है। एसपी के इस सख्त रुख को साफ संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि खनन या किसी भी अवैध गतिविधि में पुलिस की भूमिका संदिग्ध पाई गई तो तत्काल कार्रवाई तय है।

# 5 शहर, 5 रणनीतियां, एक लक्ष्य – यूपी में निवेश

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब देश के पांच प्रमुख महानगरों–मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली–में 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य देश के बड़े औद्योगिक केंद्रों से पूंजी निवेश को सीधे उत्तर प्रदेश तक लाना और निवेशकों को राज्य की नीतियों एवं संभावनाओं से जोड़ना है।

**प्रत्येक ऑफिस में होगा समर्पित स्टॉफ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को हरी झंडी दे चुके हैं। इसी क्रम में इन सैटेलाइट ऑफिसों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है, जो राज्य में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे। प्रत्येक ऑफिस में एक जनरल मैनेजर, एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर, दो उद्यमी मित्र, दो एग्जिक्यूटिव और दो ऑफिस असिस्टेंट की टीम कार्य करेगी। सभी पांचों कार्यालयों पर कुल 12 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक धनराशि व्यय होने का अनुमान है।

**रणनीतिक क्षेत्रों पर होगा फोकस :** सरकार की योजना के अनुसार, प्रत्येक शहर का सैटेलाइट ऑफिस अपनी भौगोलिक और औद्योगिक विशेषता के अनुरूप रणनीतिक क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा।

मुंबई ऑफिस वित्तीय सेवाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक और ईएसजी फंड पर ध्यान देगा।

बेंगलुरु ऑफिस जीसीसी, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, ईवी और डीपटेक सेक्टर पर फोकस करेगा।

हैदराबाद ऑफिस फार्मा, डेटा सेंटर, हेल्थटेक और एंटरप्राइज स्ढ्ढड्ढस् उद्योगों पर केंद्रित रहेगा।

चेन्नई ऑफिस ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और हार्डवेयर निर्माण उद्योगों में निवेश आकर्षित करेगा।

नई दिल्ली ऑफिस समर्पित इन्वेस्ट यूपी एवं एशिया-यूरोपीय संघ सुविधा कार्यालय के रूप में कार्य करेगा।

### 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की छवि होगी और मजबूत

योगी सरकार का यह कदम निवेशकों से नजदीकी संवाद बढ़ाने और राज्य की 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' की छवि को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि उत्तर प्रदेश अब केवल उपभोक्ता राज्य नहीं, बल्कि निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। सैटेलाइट ऑफिस इस दिशा में सेतु का काम करेंगे। इन सैटेलाइट ऑफिसों के माध्यम से उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष औद्योगिक केंद्रों में अपनी स्थायी मौजूदगी दर्ज करेगा और वैश्विक निवेश मानचित्र पर एक नई पहचान बनाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### झारखंड : लातेहार में रेलवे के लोडिंग साइट पर गोलीबारी के पहले पांच अपराधी हथियारों के साथ गिरफ्तार



**लातेहार, 22 अक्टूबर।** झारखंड के लातेहार जिले की पुलिस ने राज्य के कुख्यात अपराधी राहुल सिंह के गैंग के पांच गुर्गों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। ये अपराधी जिले के टोरी रेलवे स्टेशन स्थित कोयला लोडिंग साइट पर हमले की तैयारी कर रहे थे। एसपी कुमार गौरव ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि गिरफ्तार अपराधियों में विश्वनाथ उरांव, संदीप यादव, फुलचंद खलखो, तुलसी मुंडा और तनवीर अंसारी शामिल हैं। उनकी उम्र 19 से 33 वर्ष के बीच है। इनमें संदीप यादव गुमला का रहने वाला है, जबकि बाकी चार आरोपी रांची के अलग-अलग इलाकों के निवासी हैं। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से दो देसी पिस्तौल, पांच जिंदा कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बताया गया कि आरोपी टोरी रेलवे स्टेशन पर चल रहे कोयला लोडिंग कार्य में लगे मजदूरों पर फायरिंग करने की योजना बना रहे थे। उनका मकसद इलाके में दहशत फैलाकर रंगदारी वसूलना था। एसपी को सूचना मिली थी कि राहुल सिंह ने अपने कुछ गुर्गों को टोरी साइडिंग पर गोलीबारी करने को कहा है।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और उसकी मीडिया इकाइयों में विशेष अभियान 5.0 जोरों पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर।** स्वच्छता को संस्थागत बनाने और लंबित मामलों को कम करने के उद्देश्य से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में विशेष अभियान 5.0 जोर-शोर से चल रहा है। देश भर में अपनी मीडिया इकाइयों और क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ मिलकर मंत्रालय इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। इसका उद्देश्य कार्यस्थलों को स्वच्छ बनाना, लंबित मामलों का निपटारा करना और कार्यकुशलता को बढ़ाना है। अभियान का कार्यान्वयन चरण 2 अक्टूबर 2025 से शुरू हुआ और प्रारंभिक चरण में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं।

2 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक अभियान के पहले पखवाड़े के दौरान मंत्रालय ने 493 आउटडोर अभियान चलाए, 973 स्थानों की सफाई की और 104 वाहनों को निष्प्रभावी किया। लगभग 1.43 लाख किलोग्राम स्क्रैप का निपटान किया गया, जिससे 34.27 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ और लगभग 8,007 वर्ग फुट जगह खाली हुई।

इस दौरान लगभग 13,900 भौतिक फाइलों की समीक्षा की गई, जिनमें से 3,957 को हटाया गया, जबकि कुल 585 ई-फाइलों की समीक्षा में से 165 को बंद किया गया। इसके अलावा, कुल 301 लोक शिकायतों, 57 पीजी अपीलों, 16 एमपी संदर्भों, 2 राज्य सरकार संदर्भों और 1 पीएमओ संदर्भ का निपटारा किया गया।

अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए मंत्रालय के अधिकारियों की टीम को विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में तैनात किया गया है। मंत्रालय कार्यस्थल की स्वच्छता बढ़ाने, उत्पादकता और कार्यकुशलता बढ़ाने, लंबित मामलों का समय पर निपटान करने तथा ई-कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है, जिससे राष्ट्र की स्वच्छता और स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# पटना के कई घाट छठ के लिये अनुपयोगी और खतरनाक घोषित, जिला प्रशासन ने जारी की सूची

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना, 22 अक्टूबर।** बिहार की राजधानी पटना में छठ महापर्व से पहले पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी के घाटों और जलस्तर की समीक्षा के बाद खतरनाक और अनुपयुक्त घाटों की सूची जारी की है।

जलस्तर में उतार- चढ़ाव और भूगर्भीय स्थितियों को ध्यान में रखते हुये यह निर्णय लिया गया है।

जन घाटों को प्रशासन ने 'खतरनाक' घोषित किया है, वहां छठव्रतियों और आम श्रद्धालुओं का जाना निषेध या सावधानीपूर्वक करने की सलाह दी गई है।

इन घाटों पर गहराई, जलप्रवाह की गति और फिसलन को मुख्य कारण माना गया है। खतरनाक घोषित घाटों की सूची में कंटाही घाट, राजापुर पुल घाट, पहलवान घाट, बांस घाट, बुद्धा घाट और नया पंचमुखी चौराहा घाट शामिल हैं।

प्रशासन ने इन घाटों पर सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम करने और स्थानीय लोगों को सचेत करने का निर्देश भी दिया है। कलेक्टोरेट घाट और महेंद्रू घाट की ओर जाने वाली सड़कों (एप्रोच रोड) में वर्तमान में गंगा का पानी भर गया है, जिससे श्रद्धालुओं का पहुंचना मुश्किल हो गया है।

हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से वैकल्पिक रास्ता बनाने का कार्य तेज़ी से जारी है, ताकि छठ पर्व तक इन घाटों को आंशिक रूप से उपयोग में लाया जा सके।

एलसीटी घाट जो राजधानी का एक प्रमुख घाट माना जाता है, उसकी स्थिति को लेकर फिलहाल मूल्यांकन जारी है। प्रशासन कटाव, जलगहराई, और घाट की संरचना जैसे बिंदुओं पर अध्ययन कर रहा है।

एलसीटी घाट के सुरक्षित या असुरक्षित होने का निर्णय एक- दो दिन में लिया जायेगा।

वैकल्पिक व्यवस्था के तहत घाट के पास एक तालाब का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिससे छठव्रती सुरक्षित रूप से अर्घ्य अर्पित कर सकें। कुछ घाटों पर जलस्तर अत्यधिक कम होने और तली की सतह दलदली होने के कारण उन्हें 'अनुपयुक्त' घोषित किया गया है।

# रांची के बुढ़मू में कॉ. बुधुवा उरांव की स्मृति में निकाला मार्च आदिवासी अधिकारों व पेसा कानून लागू करने की उठी मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रांची, 22 अक्टूबर।** झारखंड की राजधानी रांची के बुढ़मू में आज कॉ. बुधुवा उरांव की क्रांतिकारी विरासत को याद करते हुए भाकपा (माले) और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के संयुक्त नेतृत्व में एक विशाल मार्च और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए– ÷झारखंड में संशोधित पेसा कानून लागू करो÷, ÷नक्सल के नाम पर आदिवासियों पर दमन बंद करो÷, ÷राशन-रोजगार-वन पट्टा की गारंटी करो÷, ÷जंगल-जमीन-लोकतंत्र की रक्षा करो÷, और ÷संविधान बचाओ - देश बचाओ। सभा की अध्यक्षता जिला सचिव जगमोहन महतो ने की। उन्होंने कहा कि कॉ. बुधुवा उरांव 1988 में भाकपा (माले) से जुड़े और जीवनभर जंगल-जमीन, रोजगार, और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे।

महतो ने संघ-भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे और नफरत की राजनीति के खिलाफ भी आंदोलन का नेतृत्व किया। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और संघर्ष की विरासत को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है।

आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेता जगरनाथ उरांव ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 के बावजूद आज तक अधिकांश आदिवासियों को वन पट्टा नहीं मिला है। वहीं, वन संरक्षण (संशोधन) कानून 2022 और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के जरिए सरकार आदिवासियों की भाषा, संस्कृति और अस्मिता पर हमला कर रही है। उन्होंने मांग की कि केंद्र और राज्य सरकारें आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए तत्परता दिखाएं।

एरिया सचिव किशोर खंडित ने कहा कि अंचल कार्यालय अब भू-माफिया, राजनेता और प्रशासन के गठजोड़ का अड्डा बन गया है।

गरीब किसानों की जमीन पर अवैध कब्जा और गैर-मजुरुआ आम भूमि का गबन जारी है।

उन्होंने कहा कि भाकपा (माले) और आदिवासी संघर्ष मोर्चा जरूरत पड़ने पर जनसंघर्ष के जरिए भूमि लूट, राशन कालाबाजारी और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। सभा को अलमा खलखो, महावीर मुण्डा, सरफराज अंसारी, चांदनी उरांव, प्रीतम उरांव, रामकिशुन लोहरा, नारायण कुशवाहा, चुंदा उरांव, दिनेश साहू और महावीर उरांव ने भी संबोधित किया।

# पुदुक्कोट्टई में भारी बारिश का कहर, मंत्री रेगुपति ने किया दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पुदुक्कोट्टई (तमिलनाडु), 22 अक्टूबर।** भारी बारिश के कारण अडप्पनकुलम झील उफान पर है, जिससे आसपास के रिहायशी इलाकों में पानी भर गया है। बाढ़ जैसी स्थिति से प्रभावित लोगों की मदद के लिए स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया है।

राज्य के मंत्री रेगुपति, विधायक मुथुराजा और अन्य अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने राहत कार्यों का जायजा लिया और लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मंत्री रेगुपति ने इस मौके पर विपक्षी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी पलानीस्वामी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पलानीस्वामी को हर मुद्दे पर आरोप लगाने की आदत है। हाल ही में पलानीस्वामी ने धान के बीजों की खरीद और भंडारण को लेकर सरकार पर सवाल उठाए थे। इस पर रेगुपति ने स्पष्ट किया कि किसानों से खरीदे गए धान के बीजों को तिरपाल के नीचे सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर बीजों को कोई नुकसान होता है, तो राज्य सरकार पूरी जिम्मेदारी लेगी।

रेगुपति ने पलानीस्वामी पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, ÷वे हर मुद्दे का राजनीतिकरण करते हैं, लेकिन जनता उनकी सच्चाई जानती है। हमारा ध्यान जनसेवा पर है। भारी बारिश के दौरान डीएमके कार्यकर्ता हमेशा सबसे पहले लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर मानसून के कारण इस बार पर्याप्त बारिश होने की संभावना है और सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही सभी जरूरी कदम उठाए हैं। इसके साथ ही, मंत्री ने पूर्ववर्ती एआईएडीएमके सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने अडप्पनकुलम झील से गाद निकालने के दावों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई सबूत नहीं हैं। रेगुपति ने दावा किया कि वर्तमान सरकार स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरी तरह तैयार है और प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए तत्पर है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि उनके घरों और संपत्तियों को और नुकसान न हो। वहीं, प्रशासन ने लोगों से शांत रहने और सहयोग करने की अपील की है।

# गली में हुड़दंग मचाने से रोका तो 5 से 7 हमलावरों ने घर में घुस परिवार पर किया हमला, सीसीटीवी हुई वायरल

हमले में परिवार के तीन लोग हुए घायल , घर के बाहर खड़े वाहन और घर में जमकर की गई तोड़फोड़

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 22 अक्तूबर।** दिवाली वाली रात 20 तारीख को जीरकपुर के बलटाना इलाके के रविंद्रा एनक्लेव फेस 2 से मामला सामने आया जहां से एक घटना सामने आई जहां कुछ हमलावरों द्वारा घर में घुस परिवार पर हमला किया गया जिसमें तीन लोग घायल हुए हैं ।

दिवाली वाली रात 9.00 बजे के करीब कुछ युवकों द्वारा मोटरसाइकिल पर सवार होकर गली में हुड़दंग मचाया जा रहा था तो रविंद्र एंक्लेव के मकान नंबर 23 में रहने वाले शुक्ला परिवार को गली में हुड़दंग मचाने से युवकों को रोकना भारी पड़ गया थोड़ी देर बाद 5 से 7 युवक लाठी डंडों से लैस घर में घुसे और परिवार पर हमला कर दिया जिसमें परिवार के सदस्य पीयूष शुक्ला, सारिता शुक्ला वह अन्य घायल हो गए ।

सारी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई जिसमें देखा जा सकता है कि हाथों में हथियार लिए 18 से 20 साल के 5 से 7 युवकों द्वारा घर के साथ-साथ घर के बाहर खड़े वहां में भी तोड़फोड़ की गई । परिवार के सदस्य पीयूष शुक्ला द्वारा एक वीडियो भी बनाई गई जिसमें वह बता रहे हैं कि हमारे घर पर युवकों द्वारा हमला किया गया है जिसमें वह मदद मांगते दिखाई दे रहे हैं । पुलिस सीसीटीवी कैमरों और शिकायतकर्ता के बयानों के आधार पर मामले की जांच कर रही है ।

मामले संबंधी जानकारी प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सुलखन सिंह आईओ**

## वी.आई.पी. रोड पर मजदूरों पर हमला, नंगा कर की मारपीट, पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

**जीरकपुर।** शहर की वी.आई.पी. रोड पर सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहाँ काम पर पहुँचे मजदूरों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। यह घटना सुबह करीब पाँच बजे की बताई जा रही है, जब गाँव भुड्डा साहिब के रहने वाले पांच मजदूर रोज़ाना की तरह काम करने के लिए वी.आई.पी. रोड पर पहुँचे थे। मजदूरों की शिकायत के अनुसार, जब वे अपने काम में व्यस्त थे, तभी वी.आई.पी. ब्लॉक-बी निवासी करीब 9-10 अन्य युवकों के साथ मौके पर पहुँचा और बिना किसी कारण सभी मजदूरों पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने मजदूरों को नंगा करके बुरी तरह पीटा और उनके साथ बर्बर व्यवहार किया। इस दौरान उन्हें गालियाँ दी गई और जान से मारने की धमकियाँ भी दी गई। हमले के बाद मजदूरों में दहशत फैल गई और उन्होंने तुरंत इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिलवाया और उनकी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान कर ली गई है और सभी के खिलाफ मारपीट, धमकी और अभद्रता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और प्रशासन से मांग की है कि मजदूरों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। इस बर्बर घटना ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि दिनदहाड़े शहर में इस तरह की घटनाएँ आखिर कब तक होती रहेंगी और कब मजदूर वर्ग को सुरक्षित माहौल मिल पाएगा।

### डी.सी. आशिका जैन ने सचदेवा स्टॉक्स फैमिली वॉक की टी-शर्ट रिलीज की

## फैमिली वाक परिवारों को साथ लाने का मंच प्रदान करेगी : डीसी

4500 के लगभग शहर वासियों ने करवाई रजिस्ट्रेशन : परमजीत सचदेवा

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर।** फिट बाइकर कलब की तरफ से 2 नवंबर को 5 किलोमीटर लंबी करवाई जा रही सचदेवा स्टॉक्स होशियारपुर फैमिली वॉक की टी-शर्ट आज डिप्टी कमिशनर आशिका जैन की तरफ से रिलीज की गई।

इस मौके कलब के प्रधान परमजीत सिंह सचदेवा, उत्तम सिंह साबी, दौलत सिंह, ओकांर सिंह, सौरव शर्मा, तरलोचन सिंह, रोहित बसी, रमनदीप बोपाराय, संजीव सोहल मौजूद रहे, प्रधान परमजीत सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 4500 के लगभग शहर वासियों ने इस फैमिली वाक के लिए रजिस्ट्रेशन करवाई है और अब रजिस्ट्रेशन बंद कर दी गई है।

इस समय डी.सी. आशिका जैन ने कहा कि फैमिली वाक परिवारों के मैंबरों को एक साथ मंच प्रदान करेगी, इससे लोगों के अंदर सेहत के प्रति जागरूकता तो बढेगी ही साथ में छोटे बच्चों के अंदर खेलने-भागने की भावना बढेगी जिसकी आज जरूरत है क्योकि बच्चों का मोबाइल फोन के प्रति रुझान बढ रहा है जो कि चिंता का विष्य है इस लिए बच्चों को फोन से दूर करने के लिए इस तरह के आयोजन करने समय की मांग है।

डीसी आशिका जैन ने कलब मैंबरों को भरोसा दिलाया कि फैमिली वाक के दौरान सिविल और पुलिस प्रशासन की तरफ से पूरी मदद की जाएगी।

इस मौके परमजीत सचदेवा ने कहा कि अब रजिस्ट्रेशन बंद हो चुकी है वही कलब की तरफ से फैसला लिया गया है कि फैमिली वाक में जिन महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाई है वह कल से सचदेवा सटाकस के बूलावाड़ी स्थित मुखय दफतर में पहुंचकर अपनी टी-शर्ट प्राप्त कर सकती है। परमजीत सचदेवा ने कहा कि फैमिली वाक के प्रति तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि यह फैमिली वॉक दिवंगत एथलीट फौजा सिंह को समर्पित है।

यह फैमिली वॉक स्थानीय लाजवंती स्टेडियम से शुरू होगी।

# पटना साहिब से आनंदपुर साहिब जा रहे नगर कीर्तन का बनूड़ पहुंचने पर भव्य स्वागत

पंज प्यारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 22 अक्तूबर।** नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई सती दास जी, भाई मतिदास जी और भाई दयाला जी की 350वीं शहीदी जयंती को समर्पित, तख्त श्री पटना साहिब से आनंदपुर साहिब तक पंज प्यारों के नेतृत्व में भव्य नगर कीर्तन बनूड़ पहुंचा। इस अवसर पर और गुरुद्वारा सिंह शहीद के प्रमुख संत बाबा दिलबाग सिंह जी बाघा और संत बाबा गुरदेव सिंह जी कार सेवा वाले ने नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया। इस नगर कीर्तन का नेतृत्व करने वाले पंज प्यारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया और संगत पर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर संगत को संबोधित करते हुए संत बाबा गुरदेव सिंह जी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने हिंदू धर्म की रक्षा और मानवाधिकारों की बहाली के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि हम इस शताब्दी को तभी मनाने में सफल हो सकते है, जब हम श्री गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं का पालन करेंगे और अधिक से अधिक युवाओं को बानी और बाणे से जोड़ेंगे। बाबा जी ने इस नगर कीर्तन में शामिल संगत के लिए फलों और कोल्ड ड्रिंक का लंगर भी लगाया। इस अवसर पर जत्थेदार निरमैल सिंह जौला, चरणजीत सिंह बराड़, किसान नेता जगजीत सिंह जग्गी कराला, भाई गुरमिंदर सिंह कराला, भाई हरप्रीत सिंह अमलाला, जसवंत सिंह खटरा, कुलविंदर सिंह ढिल्लों, लाभ सिंह बनूड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष सिख सिगलीकर समुदाय, लछमन सिंह, गुरप्रीत सिंह सेखन माजरा, बापू निर्मल सिंह भगवानपुर, गुरबाज सिंह, बाबा बिल्लू और कमलजीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### ''आवे साडे नाल जावे किसे होर नाल, बल्ले ओ चलाक सज्जनां''

# ड्यूटी मलेरिया विंग में स्वास्थ्य सहायक की, पर घूमता सैंपल भरने वाली फूड सेफ्टी अफसरों की टीम के साथ

मोटा माल इक्ट्ठा करने में माहिर होने के कारण लम्बे समय से एक ही स्टेशन पर तैनात चहेता मुलाज़िम

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 22 अक्तूबर।** चाहे पंजाब की मौजूदा आप सरकार की ओर से स्वास्थ्य तथा शिक्षा सेवाओं को अपनी प्राथमिकता देने का ऐलान किया हुआ है पर इसके उल्ट होशियारपुर स्वास्थ्य विभाग का तो बाबा आदम ही निराला है। इस विभाग में सरकारी आदेशों के उल्ट चलने को शान वाली बात समझा जाता है, यहां तक कि इस विभाग में तैनात कुछ अधिकारी तथा मुलाज़िम अपने ही उच्च अधिकारियों के आदेशों को तुच्छ समझते हुये मनमर्ज़ी के साथ ड्यूटियां इधर से उधर मलाई वाले पदों पर किये जा रहे है जिसकी मिसाल ऐसे सामने आई कि पिछले लम्बे समय से एक ही स्टेशन पर तैनात एक मुलाज़िम, जिसके बारे में यह समझा जाता है कि मोटी मलाई वाले शिकार इनके इशारे पर ही होते है जिस कारण नये नये आये अधिकारियों का यह मुलाज़िम चहेता बन जाता है। इस मुलाज़िम द्वारा मलेरिया विंग में स्वस्थ्य सहायक के तौर पर तैनात होने के आदेशों को अनदेखा करके फूड सेफ्टी के अफसरों की टीम के साथ ड्यूटी करते हुए देखा जा सकता है। फूट सेफ्टी अफसरों द्वारा की जाती रेडों की सिवल हस्पताल होशियारपुर की मासी मीडिया द्वारा भेजी जाती खबरों में फूट सेफ्टी के अफसरों के साथ रेड करते समय इस मुलाजिम की तस्वीरें आम देखी जा सकती हैं। विश्वासनीय सूत्रों की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सिविल सर्जन कार्यालय में पिछले लम्बे समय से एक ही स्टेशन पर नरेश कुमार स्वास्थ्यकर्मी के तौर पर तैनात है जिसकी ड्यूटी ज्यादातर फूट सेफ्टी अफसर के साथ लगी होने कारण मलाईदार पार्टियों के साथ बढ़िया तरीके से अवगत् हो गया है। पर सिवल सर्जन की ओर से इसकी ड्यूटी अधिकारिक तौर पर मलेरिया विंग में लगाई हुई है तथा अब भी दिनांक 10-10-2025 को सिवल सर्जन होशियारपुर कार्यालय की ओर से हुकम नम्बर 3853 द्वारा नरेश कुमार की ड्यूटी ज़िला मलेरिया लैब में स्वास्थ्य सहायक के तौर पर लगाई गई है। पर इन आदेशों की परवाह न करते हुये उपरोक्त मुलाज़म अभी भी फूड सेफ्टी अफसरों की टीम में ड्यूटी कर रहा नज़र आ रहा है, जिसकी ओर से टांडा में की गई छापेमारी के दौरान इस टीम में शामिल नरेश कुमार की तस्वीरें आम देखने को मिल रही हैं।

अति भरोसेमंद विभाग के भीतरी सूत्रों के मुताबिक नरेश पिछले लम्बे समय से एक ही स्टेशन पर तैनात होने के कारण मलाईदार पार्टियों से अच्छे तरीके से अवगत् है जिस कारण यह नये फूड सेफ्टी अफसरों के चहेते टीम मैंबर के तौर पर शामिल होता आ रहा है जिनकी हाल ही में त्योहारों का सीज़न होने के कारण बहुत ज्यादा डिमांड रहती है। यही कारण है कि मोटा माल इक्ट्ठा करने में महारत रखता होने के कारण एक ही स्टेशन पर तैनात होने में कामयाब रहा है। अब सवाल यह उठता है कि इस स्वास्थ्यकर्मी के पास ऐसा कौन सा डिप्लोमा डिग्री सर्टीफिकेट है जा हर फूड सेफ्टी टीम में इसकी सबसे ज्यादा डिमांड रहती है ?

शायद मोटा माल इक्ट्ठा करने की योग्यता होना ही इसके पास सबसे बड़ी डिग्री है। इसी कारण ही आप सरकार का भ्रष्टाचार पर वार अभियान ज्यादा सफल नही रहा जिसकी सबसे बड़ी मिसाल रोपड़ रेंज में डी.आई.जी. एस.एस.भुल्लर की आप सरकार की नाक के नीचे से सी.बी.आई. द्वारा हाल ही में की गई गिरफ्तारी है, जिसने कथित बदलाव वाली सरकार के पैरों के नीचे ज़मीन खिसका कर रख दी है।

इस मामले में सम्पर्क करने पर ज़िला मलेरिया अफसर डॉ. जगदीप सिंह ने कहा कि जिला स्वास्थ्य अफसर जतिन्दर भाटिया की ज़ुबानी विनती पर नरेश कुमार स्वास्थ्य सहायक को फूड सेफ्टी टीम के साथ भेजा गया था क्योंकि उनके मुताबिक नये आये दर्जा-चार मुलाज़िम को सैंपल की पैकिंग नही करनी आती होने के कारण हमारी टीम को इसकी ज़रूरत है जबकि विश्वासनीय सूत्रों के मुताबिक सैंपल पैकिंग करने का काम दर्जा चार का नही बल्कि खुद फूड सेफ्टी अफसर का है, दर्जा-चार तो केवल इसमें सहायता ही कर सकता है।

**जिला मलेरिया अफसर डॉ. जगदीप सिंह**

### फूड सेफ्टी अफसर ने नहीं उठाया फोन

इस मामले में फूड सेफ्टी अफसर डॉ. मनीष कुमार को बार-बार फोन किया पर उन्हाने फोन उठाना मुनासिब नही समझा जिस कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका।

## कॉस्मो प्लाजा के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़ चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर की जाँच शुरू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 21 अक्तूबर।** जीरकपुर-अंबाला हाईवे पर स्थित कॉस्मो प्लाज़ा के बाहर खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर चोरी की घटना सामने आई है। दीपावली की खरीदारी करने आए चंडीगढ़ निवासी एक व्यक्ति को इस वारदात का शिकार होना पड़ा, जब चोरों ने उनकी कार से ज़रूरी दस्तावेज़ों वाला पर्स चुरा लिया। जीरकपुर पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

खरीदारी के दौरान हुई वारदात-कार के मालिक सविंदर सिंह (निवासी चंडीगढ़) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दीपावली के चलते वह जीरकपुर के कॉस्मो प्लाज़ा में शॉपिंग करने आए थे। उन्होंने अपनी कार प्लाज़ा के बाहर पार्क की थी।

जब वे खरीदारी पूरी कर वापस लौटे, तो देखकर हैरान रह गए कि उनकी कार का पीछे का शीशा टूटा हुआ था। जाँच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर कार का शीशा तोड़कर अंदर रखा उनका पर्स चोरी कर ले गए हैं। चोरी हुए पर्स में दो एटीएम कार्ड, एक क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, वाहन की आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) और अन्य कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ मौजूद थे।

पुलिस ने सविंदर सिंह की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर/चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

# भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद के बिना दुनिया का विकास संभव नहीं : रंधावा

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 22 अक्टूबर।** देवताओं में शिल्पकला के गुरु बाबा विश्वकर्मा की जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। विश्वकर्मा जयंती के मौके पर डेराबस्सी में जनता सेवा समिति की ओर से रामलीला ग्राउंड में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुर्जो और निर्माण कार्यों से जुड़े विश्वकर्मा समाज समेत जनता सेवा समिति के पदाधिकारियों ने भी वैदिक रीति-रिवाजों से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। इस जयंती के जश्न में इलाके से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिसमें डेराबस्सी के ख्र कुलजीत सिंह रंधावा ने खास तौर पर शिरकत की, माथा टेका, इस पवित्र दिन की बधाई दी और सभी की भलाई के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर रंधावा ने श्रद्धालुओं को बाबा विश्वकर्मा की जयंती की बधाई दी और कहा कि बाबा विश्वकर्मा शिल्पकला के गुरु हैं। जिनकी बदौलत हाथों से काम करने वाले लोग देश के विकास में बड़ा योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने दुनिया को जो कला और हुनर का आशीर्वाद दिया है, उसके बिना दुनिया का विकास मुमकिन नहीं था, जो रचना हम इस मॉडर्न रूप में देख रहे हैं, वह सब भगवान विश्वकर्मा की ही देन है। रंधावा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने कुदरत और इंसानियत दोनों को मेहनत का आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा जी की शिक्षाओं पर चलना चाहिए और मेहनत और ईमानदारी से मेहनत करके ज़िंदगी जीनी चाहिए। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा को आज की टेक्नोलॉजी, कारीगरी, साइंस का जन्मदाता बताया। इस मौके पर म्युनिसिपल काउंसिल डेराबस्सी के प्रेसिडेंट, पार्टी के ब्लॉक प्रेसिडेंट, एमसी साहिबान, पंच-सरपंच और बड़ी संख्या में संगत समेत पूरी पार्टी टीम मौजूद थी।

## दिवाली की रात आधा दर्जन ट्यूबवेलों से स्टार्टर, केबल तार व अन्य सामान चोरी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड, 22 अक्तूबर।** बनूड़ इलाके में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। दिवाली की रात चोर गिरोह ने नजदीकी गांव अबरावा के करीब आधा दर्जन किसानों की मोटरों से केबल तार, स्टार्टर व अन्य सामान चोरी कर लिया। इस चोरी की घटना की जानकारी देते हुए किसान कमलजीत लवली ने बताया कि आज सुबह जब वह रोजाना की तरह अपने खेतों में गया, तो उसने देखा कि मोटर शेड का दरवाजा खुला हुआ था। जब उसने अंदर जाकर देखा, तो मोटर चलाने वाला स्टार्टर गायब था और ट्यूबवेल की केबल तार भी चोरी हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि दिवाली की रात चोर गिरोह ने गांव व आसपास के अन्य गांवों के करीब आधा दर्जन किसानों की मोटरों से स्टार्टर, केबल तार व अन्य सामान चोरी कर ली। पीड़ित किसान ने बताया कि यह चोर गिरोह आए दिन इलाके में लूटपाट व चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है, लेकिन इसके बावजूद बनूड़ पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजाना आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेता ने बताया कि पुलिस प्रशासन की इस लापरवाही के कारण क्षेत्र के लोग चोरी की घटना की सूचना पुलिस को देना भी उचित नहीं समझते, क्योंकि सूचना देने के बावजूद भी इस चोर गिरोह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है और वे बेखौफ होकर आए दिन क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

## डीपीएस खन्ना ने प्राइमरी खेल अंडर-11 टूर्नामेंट में मारी बाजी

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना



**खन्ना, 22 अक्तूबर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, खन्ना के छात्रों ने एप्लीटन स्कूल, फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसओएफ) द्वारा बरागांव मोहनपुर में आयोजित प्राइमरी खेल अंडर-11 (सेंटर लेवल) टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों ने टीमवर्क और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने अंडर-11 (लड़के) फुटबॉल, अंडर-11 (लड़के) शतरंज, अंडर-11 (लड़कियां) शतरंज, तथा अंडर-11 (लड़के) रस्साकशी में स्वर्ण पदक जीते, जबकि अंडर-11 (लड़के) शॉटपुट और अंडर-11 (लड़कियाँ) शॉटपुट में रजत पदक प्राप्त किए।

विद्यालय के चेयरमैन और प्रधानाचार्य ने युवा खिलाड़ियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके समर्पण और अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय छात्रों को खेलों और सहगामी गतिविधियों में भागीदारी के माध्यम से उनके समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# खन्ना पुलिस लाइन में, पुलिस शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया

शहीद परिवारों को कंबल भी वितरित किए गए

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना



**खन्ना, 22 अक्तूबर।** एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी खन्ना में बनी पुलिस लाइन में पुलिस शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। एसएसपी खन्ना डॉ. ज्योति यादव बैंस व एसपी (डी) पवन जीत ने पुलिस फोर्स के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर एसएसपी खन्ना ने कहा कि हमारे वीर शहीदों की बदौलत ही आज देश में शांति, भाईचारा और अमन कायम है। उन्होंने जोर दिया कि शहीदों की कुर्बानियां कभी भुलाई नहीं जा सकतीं, उन्होंने कहा पंजाब पुलिस शहीदों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है, हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। एसएसपी ने आगे कहा कि उन ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने का आह्वान किया जो देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करती हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसएसपी यादव ने बताया कि पुलिस शहीदी दिवस हर साल की तरह आज के ही दिन 21 अक्टूबर को देशभर में मनाया जाता है। यह दिन 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स इलाके में चीन की सेना के हमले में शहीद हुए जवानों की याद में समर्पित है। उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस आतंकवाद के कठिन दौर में बड़ी बहादुरी से लड़ी और खन्ना पुलिस जिले के 37 पुलिस कर्मियों ने आतंकवाद से लड़ते हुए शहादत दी। जिन्हें कभी भी भुलाया नही जा सकता।

इस मौके पर डीएसपी खन्ना विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टुकड़ी ने परेड के जरिए शहीदों को सलामी दी। दो मिनट का मौन रखकर सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएसपी (एनडीपीएस) करमजीत सिंह ग्रेवाल ने पिछले एक वर्ष के दौरान देशभर में शहीद हुए पुलिस और पैरामिलिट्री जवानों के नाम पढ़कर सुनाए।

कार्यक्रम के दौरान एडिशनल डिप्टी कमिश्नर शिखा भगत, एसडीएम डॉ. बलजिंदर सिंह ढिल्लों, एसपी तरुण रतन, एसपी पुरुषोत्तम सिंह बल, डीएसपी समराला तरलोचन सिंह और डीएसपी पायल जसविंदर सिंह सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

अंत में एसएसपी व अन्य अधिकारियों ने शहीद परिवारों को कंबल वितरित किए। उन्होंने उनकी शिकायतें भी सुनीं और पुलिस विभाग की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

## हमीरपुर के जवान की यूपी में मौत, ड्यूटी के दौरान बिगड़ी थी तबीयत

**हमीरपुर।** जिला के तहत पड़ने वाली ग्राम पंचायत देई द नौण के गांव पनियाला के नायक सुशील कुमार का ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से देहांत हो गया है। सुशील कुमार (39) पुत्र पृथी चंद सेना में वर्ष 2008 में 13 डोगरा रेजीमेंट में भर्ती हुए थे और वर्तमान में बतौर नायक अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताया जा रहा है कि सुशील कुमार यूपी के सहजादा में ड्यूटी कर रहे थे कि सुबह चार बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। ऐसे में उनके साथी उन्हें अस्पताल ले गए जहां से उन्हें कमांडो अस्पताल ले जाया गया। सोमवार शाम उनका देहांत हो गया। नायक सुशील कुमार का पार्थिव शरीर बुधवार को दोपहर 12 बजे उनके पैतृक गांव पहुंचेगा। सुशील कुमार के घर में पत्नी ममता कुमारी व बेटा नक्श आठवीं कक्षा और बेटी दिवांशी छठी कक्षा में पढ़ती है का रो-रोकर बुरा हाल है। सुशील की पार्थिव देह बुधवार को लखनऊ से चंडीगढ़ विमान के माध्यम से तथा उसके आगे एंबुलेंस से पैतृक गांव तक दोपहर तक पहुंच जाएगी।

# कुल्लू के 15 मील में बनेगा 15 करोड़ का मोटरेबल पुल

## ब्यास नदी पर होगा निर्माण, इस पुल से लगभग 25 गांवों की आबादी को होगा फायदा

अर्थ प्रकाश/अशोष शर्मा

**कुल्लू 22 अक्तूबर।** कुल्लू के 15 मील क्षेत्र में ब्यास नदी पर जल्द ही 15 करोड़ रुपये की लागत से एक नया मोटरेबल पुल (वाहनों के लिए उपयुक्त पुल) बनाया जाएगा। यह पुल क्षेत्र के लगभग 25 गांवों की एक बड़ी आबादी के लिए एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

मौजूदा फुट ब्रिज की उपयोगिता और बाढ़ की चुनौतियाँ

वर्तमान में, 15 मील में ब्यास नदी के पार एक फुट ब्रिज (पैदल पुल) मौजूद है। इस पुल की चौड़ाई सीमित होने के बावजूद, स्थानीय लोग इसे छोटे दोपहिया वाहनों और कारों के लिए भी उपयोग करते रहे हैं। हालांकि, साल 2023 और 2025 में ब्यास नदी में आई भयंकर बाढ़ों के दौरान इस पुल की अहमियत और उपयोगिता स्पष्ट रूप से सामने आई, जिससे एक अधिक मजबूत और बड़े पुल की आवश्यकता महसूस हुई।



### 12 पंचायतों के 25 गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

इस पुल के निर्माण से कुल्लू क्षेत्र की लगभग 12 पंचायतों के 25 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। इनमें बटाहर, रांगड़ी, सरसेई, हलाण 1, बड़ाग्रां बिलाल, कुटा, रामन, मढ़ी और भोष जैसे प्रमुख गांव शामिल हैं। यह नया पुल विशेष रूप से स्थानीय सेब बागवानी उद्योग, पर्यटन क्षेत्र, तथा विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों के आवागमन को सुगम बनाएगा, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी।

### निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू

विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस अवसर पर कहा कि पुल का कार्य जल्द ही शुरू कर जनता को समर्पित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि पुल निर्माण से संबंधित दस्तावेज़ी प्रक्रिया को युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है, जिसके बाद शीघ्र ही टेंडर जारी किए जाएंगे और निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस आवश्यकता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग को तुरंत नए पुल के निर्माण के लिए सर्वे करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर, यह प्रस्ताव नाबार्ड को भेजा गया था। नाबार्ड ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 15 करोड़ रुपये की धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# रोहतांग पास में हुई बर्फबारी पर्यटकों ने खूब उठाया लुत्फ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। गुरुवार देर शाम रोहतांग दर्रे में में ताजा बर्फबारी हुई है। इस सीजन की यह दूसरी बर्फबारी है। मनाली व अटल टनल घूमने पहुंचे पर्यटक बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक रोहतांग पहुंचे। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात के कारण प्रदेश में ठंड बढ़ गई है।

वहीं मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश के तीन जिलों में बारिश की संभावना जताई है। ढुक्ख के पूर्वानुमान के अनुसार, आज चंबा, कांगड़ा और सिरमौर में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है।

कल भी प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है, हालांकि इसके बाद मौसम साफ होना शुरू हो जाएगा और कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा।

### केलांग में 0.8 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान

ताजा बर्फबारी के बाद प्रदेश के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों में औसत न्यूनतम तापमान में 0.4 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार, शिमला में 15.0°C, सुंदरनगर में 12.0°C, कल्पा में 5.2°C, धर्मशाला में 11.8°C, ऊना में 14.0°C, नाहन में 16.5°C, केलांग में °C, सोलन में 11.2°C, मनाली में 7.2°C, कांगड़ा में 13.5°C, मंडी में 14.0°C, बिलासपुर में 16.2°C और हमीरपुर में 13.8°C न्यूनतम तापमान बना हुआ है। बर्फबारी के साथ तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

# सड़कों की मरम्मत में कांग्रेस सरकार का भ्रष्टाचार उजागर : संदीपनी भारद्वाज

सड़क मरम्मत के निम्न स्तरीय कार्य को लेकर उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए




अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार में केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला है, कोई सा विभाग देखो या कोई सरकारी कार्य देखो सब में भ्रष्टाचार के बिना कांग्रेस पार्टी की सरकार का व्यवस्था परिवर्तन पूर्ण नहीं होता।

उन्होंने कहा कि पहले तो सड़कों में गड्ढे और गड्ढे में सड़क थी अब उन गड्ढों को भरने के लिए सरकार ने भ्रष्टाचार का एक द्वार खोल दिया है। जिला शिमला के ठियोग में 2 साल से राष्ट्रीय राजमार्ग-5 की खस्ता हालत की परेशानी झेल रही जनता की उम्मीद पर एक बार फिर से पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है। जहां टारिंग के चल रहे कार्य पर सवाल उठने शुरू हो चुके हैं, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश में लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। मंत्री विक्रमादित्य सिंह के विभाग की सड़कों की गुणवत्ता को लेकर ठियोग क्षेत्र से बड़ी लापरवाही सामने आई है। नैशनल हाईवे-5 पर महज 3 दिन पहले की गई टारिंग अब जगह-जगह से उखड़ने लगी है, जिससे करोड़ों के खर्च पर टिकाऊ निर्माण के दावों की पोल खुल गई है। ठियोग बाजार में हाल ही में विधायक कुलदीप राठौर ने पूजा-अर्चना कर करीब 2.25 किलोमीटर लंबे हिस्से की टारिंग का शुभारंभ किया था। इस सड़क पर 3.23 करोड़ रुपए खर्च किए जाने हैं और स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि लंबे समय से खराब सड़क से अब राहत मिलेगी, लेकिन कुछ ही दिनों में डामर की परतें उखड़ने लग गई हैं।स्थानीय लोगों ने इस खराब गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार हर साल करोड़ों रुपए सड़कों की मुरम्मत पर खर्च करती है लेकिन कुछ महीनों में ही सड़कें फिर टूट जाती हैं। जनता का आरोप है कि विक्रमादित्य सिंह भले ही मंचों से गुणवत्ता वाली सड़कों की बात करते हों, लेकिन विभागीय अधिकारी कागजों पर ही विकास दिखा रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं तो विभाग को मौसम और तकनीक का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, साथ ही ठेकेदार पर कड़ा एक्शन भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी हालत पूरे प्रदेश में है जहां भी मरम्मत का काम चल रहा है वहां पर भ्रष्टाचार हो रहा है। जो ठेकेदार कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर कार्य कर रहा है उसको काम भी मिल रहे हैं।

# 8 साल पुराने मामले में कंडाघाट से दबोचा उद्घोषित अपराधी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नादौन।** नादौन पुलिस के पीओ सैल ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए 8 साल पुराने एक दुर्घटना के मामले में उद्घोषित अपराधी को धर दबोचा है। आरोपी पिछले कई महीनों से पुलिस को चकमा दे रहा था, जिसे कंडाघाट से गिरफ्तार कर माननीय अदालत नादौन में पेश किया गया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान जौनी कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गांव नेरी, संघोल के रूप में हुई है। यह मामला 2016 का है, जब नादौन के बसारल निवासी कमलेश कुमार पुत्र रामकृष्ण ने 11 अगस्त, 2016 को नादौन थाना में एक दुर्घटना के संबंध में शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर 24 अक्तूबर, 2016 को माननीय अदालत में चालान पेश किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी जौनी कुमार अदालत द्वारा बार-बार समन भेजे जाने के बावजूद पेश नहीं हो रहा था। उसके लगातार गैर-हाजिर रहने पर माननीय अदालत ने कड़ा संज्ञान लेते हुए गत 30 मई को उसे उद्घोषित अपराधी (भगौड़ा) घोषित कर दिया था। इसके बाद से ही पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। लगभग 4-5 महीने की कड़ी मशक्कत के बाद पीओ सैल ने आरोपी को कंडाघाट में ढूंढ निकाला और उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि उद्घोषित अपराधी को पीओ सैल की टीम द्वारा हिरासत में ले लिया गया है और उसे माननीय अदालत के समक्ष पेश कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# संगठनात्मक नियुक्तियों में भाजपा का अप्पर हैंड कांग्रेस अपना प्रदेश अध्यक्ष ताई नहीं कर पाई

प्रदेश में अभी तक भाजपा ने 16582 नियुक्तियां कर दी है

भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल है, यहां प्रत्येक व्यक्ति को दायित्व सोच समझकर और आपस में बातचीत करके सौंपा जाता है। काम करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाती है और आने वाले समय में कार्यकर्ता निर्माण को लेकर पार्टी कार्य करती है।

संजीव कटवाल भाजपा प्रदेश महामंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में संगठन की मजबूती की दृष्टि से 16582 कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंप दिया है, यह भाजपा की संगठनात्मक शक्ति का परिचय है। जिस प्रकार से भाजपा के सभी नेताओं ने समन्वय बनाते हुए इन नियुक्तियों को किया है, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल का चयन 1 जुलाई 2025 को हुआ और अभी तक 4 महीने में इतने कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपना भाजपा की शक्ति का प्रदर्शनहै। अगर हम विभिन्न स्तरों की बात करें तो प्रदेश कार्यसमिति में भाजपा ने 200 कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंप और इसी प्रकार 7 में से 6 मोर्चों का गठन करते हुए 253 कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंप जा चुका है, इसका मतलब प्रदेश में कुल मिलाकर 453 नियुक्तियां हो चुकी है। वर्तमान में अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन नहीं हुआ है।

जिला स्तर का अगर विश्लेषण किया जाए तो जिला स्तरीय कार्यसमितियां जहां भाजपा के 17 संगठनात्मक जिले है उसमें 1222 नियुक्तियां हो चुकी है और 6 मोर्चों में 3060 नियुक्तियां भाजपा कर चुकी है। यानी जिला स्तर पर 4282 नियुक्तियां हो चुकी है।

इस वर्ष भाजपा ने मंडलों का विस्तार भी किया था जहां पहले हिमाचल प्रदेश में 74 मंडल थे अब 171 है, यहां पर मंडल कार्यसमितियों में 10821 नियुक्तियां हुई है और अगर मोर्चों की बात करें तो अभी तक मोर्चों के सभी अध्यक्षों का चयन हो गया है जिनकी संख्या 1026 है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी अभी तक अपने प्रदेश अध्यक्ष का चयन नहीं कर पाई है, अनेकों बार कांग्रेस पार्टी के नेता आपस में बैठ चुके हैं पर अभी तक समन्वय नहीं बन पाया। प्रदेश प्रभारी द्वारा भी कांग्रेस पार्टी में समन्वय बनाने का प्रयास किया गया पर ऐसा नहीं हो पाया, तो अभी तक यह कह सकते हैं कि कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष प्रतीक्षा में है। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के लिए विभिन्न नाम चल रहे हैं पर केंद्र और प्रदेश से उसे पर मोहर नहीं लग पाई है। नगर इकाइयों के चुनाव समीप आ रहे हैं भले प्रदेश की सरकार उसको टालने का प्रयास कर रही है, पर देखा जाए तो भाजपा और कांग्रेस की तुलना में भाजपा का संगठनात्मक घट जोड़ कांग्रेस से कई अधिक है।

## न्यूज ब्रीफ

### दिवाली पर हिमाचल में 4000 करोड़ का कारोबार



**शिमला।** दिवाली के पर्व पर प्रदेश के बाजारों में इस बार कारोबार बढ़ा है। त्योहारों के दिनों में हिमाचल प्रदेश के बाजारों में नई रौनक भर दी। प्रदेश के बाजारों में दिनभर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। व्यापारिक संगठनों के अनुसार इस बार हिमाचल प्रदेश में दिवाली पर करीब चार हजार करोड़ रुपए का कारोबार हुआ। सोना-चांदी के साथ-साथ कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक सामान और वाहनों की बिक्री में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। शिमला, मंडी, सोलन, कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर जैसे प्रमुख जिलों में बाजार सुबह से देर रात तक गुलजार रहे। ग्राहकों में उत्साह इस कदर था कि कई दुकानों पर सामान खरीदने के लिए लंबी कतारें लग गईं। ज्वेलरी शॉप्स, बरतन स्टोर और इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में जमकर खरीदारी हुई। व्यापारियों के अनुसार इस बार लोगों की खरीद क्षमता बढ़ी है और जीएसटी दरों में हालिया कमी से उपभोक्ताओं को सीधा फायदा मिला है। कारोबारियों का कहना है कि इस बार दीवाली के पर्व पर चाइनीज प्रोडक्ट के बजाए स्वदेशी उत्पाद अधिक बिके हैं।

# डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन टास्क से लगाया 1 करोड़ का चूना, पुलिस ने राजस्थान से पकड़े तीन मास्टरमाइंड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धर्मशाला।** साइबर थाना नॉर्थ जोन धर्मशाला की टीम ने ऑनलाइन ठगी के 3 बड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में दबिश देकर 3 शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ये आरोपी कांगड़ा जिले के 3 अलग-अलग लोगों से 1 करोड़ 2 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी के मामलों में संलिप्त थे। साइबर थाना नॉर्थ रेंज के एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि ये मामले वर्ष 2023 और 2024 के दौरान दर्ज किए गए थे। इन मामलों की जांच के लिए एक विशेष टीम राजस्थान भेजी गई थी, जिसने सफलतापूर्वक तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**टेलीग्राम पर टास्क देने के बहाने 32 लाख की ठगी :** एएसपी धीमान के अनुसार पहला मामला वर्ष 2023 का है, जिसमें शातिरों ने एक व्यक्ति को टेलीग्राम पर टास्क देने के बहाने फंसाया और उससे 32 लाख रुपये ठग लिए। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रघुपाल सिंह चौधरी पुत्र राजीव चौधरी, निवासी हाईकोर्ट कॉलोनी, जोधपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया है।

**डिजिटल अरेस्ट% कर ठगे 46 लाख :** दूसरा मामला वर्ष 2024 का है, जो %डिजिटल अरेस्ट% के नाम पर की गई धोखाधड़ी से जुड़ा है। इसमें ठगों ने एक व्यक्ति को फर्जी कानूनी मामले में फंसाने का डर दिखाकर 46 लाख रुपए का चूना लगाया था। इस मामले में पुलिस टीम ने जोधपुर (राजस्थान) के रजनी पुनिया भीयासर निवासी धर्म राम पुत्र जेता राम को शिकंजे में लिया है।

**ऑनलाइन टास्क के नाम पर 24 लाख की धोखाधड़ी :** तीसरा मामला भी वर्ष 2023 का है, जिसमें %ऑनलाइन टास्क% फ्रॉड के जरिए एक व्यक्ति से 24 लाख रुपए की ठगी की गई थी। इस अपराध में शामिल राकेश पुत्र मांग लाल निवासी थाटा नगर, जिला फिलोदी (राजस्थान) को साइबर टीम ने धर दबोचा है।

# दलाईलामा ने जापान की पहली महिला पीएम को दी बधाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु परमपावन दलाईलामा ने साने ताकाइची को जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी है। मैक्लोडगंज स्थित अपने आवास से भेजे एक पत्र में उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर को न केवल जापान के लिए, बल्कि वैश्विक नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए भी एक प्रेरणादायक क्षण बताया है।

दलाईलामा ने प्रधानमंत्री ताकाइची के लंबे सार्वजनिक सेवा के अनुभव और उनकी नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके देश के इतिहास का एक महत्वपूर्ण दौर है, जब पूरी दुनिया अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने ताकाइची के नेतृत्व में जापान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने पत्र में दलाईलामा ने वैश्विक शांति के प्रति जापान की प्रतिबद्धता की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि परमाणु हमलों की असहनीय पीड़ा झेलने के बावजूद, जापान ने दुनिया में शांति स्थापित करने के प्रयासों का नेतृत्व किया है और वह परमाणु निरस्त्रीकरण का एक दृढ़ समर्थक रहा है। उन्होंने इस दिशा में जापान के योगदान को अनुकरणीय बताया।

महिला नेतृत्व की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए दलाईलामा ने अपने व्यक्तिगत अनुभव को सांझा किया। उन्होंने लिखा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि महिलाएं दूसरों की भावनाओं के प्रति अधिक संवेदनशील और करुणामयी होती हैं, यह एक गुण है जो मैंने अपनी मां से सीखा है। उन्होंने आगे कहा कि यदि हमारी अधिक नेता महिलाएं हों तो यह दुनिया निश्चित रूप से और अधिक समझदार और शांतिपूर्ण बनेगी।

# तांत्रिक विद्या की आड़ में नाबालिग से दुराचार

**शिमला।** जिले के एक क्षेत्र में तांत्रिक विद्या की आड़ में एक नबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि नाबालिग लड़ी? से एसी घिनौनी हरकत करने वाले शख्स ग्राम पंचायत का प्रधान है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शिमला जिला के झाकड़ी थाना क्षेत्र की है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे तांत्रिक विद्या और उसके परिवार की मृत्यु का डर दिखाकर 15 अक्तूबर और 17 अक्तूबर को अपने घर बुलाकर उसका यौन उत्पीड़न किया।

इससे पहले 21 सितंबर को भी आरोपी ने उसे तंत्र मंत्र का झूठा भय दिखाकर धमकाया था, ताकि वह किसी को कुछ न बताए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस थाना झाकड़ी में बीएनएस की धारा 65 और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले के अनुसार 13 वर्षीय पीड़िता 21 सितंबर को स्कूल जा रही थी। उसने गले में एक माला पहन रखी थी।

# हिमाचल की हवा में घुला जहर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** दीपावली की रौनक ने प्रदेश के आसमान को रोशन किया, लेकिन उसी रौनक ने हवा की सेहत भी खराब कर दी है। त्योहार की खुशियों में डूबे लोगों को अब प्रदूषण की मार झेलनी पड़ रही है। ऐसे में सांस के रोग के मरीजों को काफी दिक्कतें पेश आने लगी हैं। हालांकि प्रदूषण विभाग की अंतिम रिपोर्ट आना शेष है, लेकिन वायु प्रदूषण ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। पटाखों से फैले जहरीले धुएं ने ऊना में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) को 120 तक पहुंचा दिया। जिला ऊना में दिवाली पर्व पर 20 अक्तूबर की रात लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े। अब जिला ऊना के आसमान में काले बादल ही दिख रहे थे। जहरीली गैस से एक्यूआई लेवल बढ़ गया है। दिवाली पर्व हिंदुओं का मुख्य पर्व है। ऐसे में दिवाली पर जिला ऊना में जमकर आतिशबाजी हुई। सोमवार रात ऊना में छह बजे से लेकर रात करीब तीन बजे तक पटाखे चलते रहे। रातभर आसमान आतिशबाजी से रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाता नजर आया। जिला में आतिशबाजी से प्रदूषण भी खूब फैला। इससे हवा में जहरीली गैस घुल गई है। ऐसे में सांस से संबंधित रोगियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें कि अब ऊना का एक्यूआई लेवल साधारण स्तर से 30 से 25 प्रतिशत बढ़ गया है। जहां 19 अक्तूबर को ऊना का एक्यूआई लेवल 86 दर्ज किया गया था, वहीं एक ही रात में यह 120 के करीब पहुंच गया है।

सुविधा — निगम प्रबंधन कार्यालय की ओर से चालकों व परिचालकों को आदेश जारी

# भाईदूज पर महिलाओं को प्रदेश में HRTC बसों में फ्री बस सेवा

अर्थ प्रकाश/संवाददाता

**शिमला।** भाईदूज पर आज यानी वीरवार को प्रदेश में महिलाओं को एचआरटीसी बसों में फ्री बस सेवा मिलेगी। बसों में सूर्य उदय से सूर्य अस्त तक महिलाओं को बसों में निःशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा। निगम प्रबंधन कार्यालय की ओर से चालकों व परिचालकों को आदेश जारी किए गए हैं कि भाईदूज पर कोई महिला सरकारी बस को रुकने का इशारा करती है, तो उसे रोका जाना जरूरी है।

ऐसा नहीं करने पर चालक या परिचालक की यदि शिकायत आती है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।




बसों में सूरज ढलने के बाद निगम की बसों में महिलाओं से पहले की तरह आधा किराया लिया जाएगा। एचआरटीसी की बसों में महिलाओं को किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है।

भाईदूज पर कई बार प्रदेश से बाहरी राज्यों जैसे चंडीगढ़ व दिल्ली जाने वाली महिलाओं को लेकर विवाद हो जाता है। ऐसे में निगम प्रबंधन ने साफ किया है कि सिर्फ हिमाचल में ही भाईदूज व रक्षाबंधन पर महिलाओं को प्रदेश के बॉर्डर तक महिलाओं को फ्री बस सेवा मिलती है।

उदाहरण के लिए यदि शिमला से कोई महिला इस दिन चंडीगढ़ जा रही है, तो परवाणू के बाद उस महिला का किराया लगेगा। वहीं चंडीगढ़ से कोई महिला शिमला आ रही है तो परवाणू तक किराया अदा करना होगा। परवाणू के बाद महिला को फ्री बस सेवा होगी। वहीं महिला शाम को सफर करती है और परवाणू के समीप सूर्य अस्त होता है, तो फिर महिला को आधा किराया देना होगा।







# जीरकपुर की नगला रोड बनी गंदे पानी का तालाब, महीनों से बह रहा सीवरेज- प्रशासन मूकदर्शक

गांव वासी पिछले काफी समय से कर रहे हैं शिकायतें , नहीं हुआ मसले का कोई हल

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 22 अक्तूबर।** शहर की नगला रोड पर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या लोगों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। पिछले कई महीनों से यहां स?क पर गंदा और दूषित पानी बह रहा है, जिससे न केवल राहगीर बल्कि आसपास के रहवासी भी परेशान हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार नगर परिषद और संबंधित विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। नगला रोड के पास स्थित कई दुकानदारों और घरों के सामने सीवरेज का पानी लगातार सड़क पर जमा रहता है। इस कारण गाड़ियों और पैदल चलने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, गंदे पानी से बदबू फैल रही है, जिससे आसपास के इलाकों में रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सीवरेज पानी के कारण मच्छर और गंदगी फैल रही है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

लोगों ने बताया कि पिछले तीन महीने से लगातार सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है। कई बार सफाई कर्मियों को बुलाने पर भी केवल अस्थायी सफाई की जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद हालात वैसे ही हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि दुकानों में ग्राहक आने से कतराने लगे हैं क्योंकि पूरी सड़क गंदे पानी से भरी रहती है। बच्चे घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। सड़क पर हमेशा गंदा पानी बहता रहता है, जिससे गिरने का डर भी बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है। नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में तकनीकी टीम को जांच के लिए भेजा गया है और जल्द ही पाइपलाइन की मरम्मत कराई जाएगी।

हालांकि, लोगों का कहना है कि हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है, जब स?क पर गंदा पानी जमा होकर छोटे तालाब का रूप ले लेता है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे नगर परिषद कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

**तस्वीर इटली के वेनिस शहर की नहीं बल्कि जीरकपुर के नगला रोड पर बहते सिवरेज के पानी की है**




## पीरमुछल्ला में कचरे का पहाड़ बनता जा रहा संकट

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 22 अक्तूबर।** पिछले कुछ दिनों से पूरे जीरकपुर शहर का कूड़ा-कचरा लगातार पीरमुछल्ला इलाके में फेंका जा रहा है, जिससे यहां सफाई की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। डंपिंग ग्राउंड पर कचरे के बड़े-बड़े पहाड़ लग चुके हैं जिनसे बदबू, मच्छर और संक्रमण का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण अब यह क्षेत्र गंदगी का केंद्र बन चुका है और लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

समाजसेवी गुरसेवक सिंह पूनिया ने बताया कि पहले पीरमुछल्ला डंपिंग ग्राउंड पर आने वाले कूड़े को गीले और सूखे हिस्सों में बांटकर अलग-अलग स्थानों पर निपटाया जाता था, लेकिन अब पूरा कूड़ा यहीं फेंका जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलटाना ढकोली, रविंद्र एनक्लेव, और शहर की अन्य कॉलोनियों से आने वाला कचरा अब पीरमुछल्ला में डंप किया जा रहा है, जिससे हालात दिन-प्रतिदिन खराब हो रहे हैं। पूनिया ने कहा कि यदि प्रशासन ने इस कूड़े के ढेर को तुरंत नहीं हटाया और यहां पर कचरा डालना बंद नहीं किया गया, तो आने वाले सप्ताह में वे अपने इलाके के निवासियों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि वह अपने क्षेत्र को 'कचरे का पहाड़' नहीं बनने देंगे। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि 5-6 साल पहले भी स्थानीय लोगों ने इस डंपिंग ग्राउंड को हटाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी थी।



## सात माह बीतने के बाद भी जारी नहीं हुआ निजी स्कूलों को एक्सटेंशन लेटर

फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने सरकार से की राहत देने की मांग

चिराग योजना और 134-ए भुगतान में देरी पर फेडरेशन सख्त

हजारों विद्यार्थियों के दाखिले अधर में लटके

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 22 अक्तूबर।** हरियाणा के निजी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र आधे से अधिक बीत चुका है, लेकिन अब तक 2024-25 के लिए एक्सटेंशन लेटर जारी नहीं हुआ है। इसे लेकर निजी स्कूल संचालकों में निराशा और असमंजस का माहौल बना हुआ है। परीक्षाओं का समय नजदीक है और दाखिले की अंतिम तिथियां शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में एक्सटेंशन लेटर न मिलने से स्कूल न तो अपने दाखिले पूर्ण कर पा रहे हैं और न ही संबद्धता शुल्क जमा कर पा रहे हैं। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स के प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ने बताया कि पिछली सरकार ने सत्र शुरू होने से पहले ही दाखिले की छूट का पत्र जारी कर स्कूलों को राहत दी थी, लेकिन इस बार की देरी से स्कूलों में हताशा का माहौल है। सरकार को तुरंत एक्सटेंशन लेटर जारी कर स्पष्टता और स्थिरता बहाल करनी चाहिए ताकि शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से चल सकें।



शर्मा ने चिराग योजना से संबंधित भुगतान में हो रही देरी पर भी गहरी चिंता जताई है। फेडरेशन ने हाल ही में मौलिक शिक्षा निदेशक से मुलाकात कर यह मुद्दा उठाया था। निदेशक ने आश्वासन दिया है कि इसके लिए जल्द ही समाधान शिविर लगाए जाएंगे ताकि 134ए और चिराग योजना से जुड़े लंबित भुगतान शीघ्र जारी हो सकें। फेडरेशन की मांग है कि राज्यभर में जिलास्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाएं। जिससे स्कूलों को आर्थिक राहत मिले। सरकार और निजी स्कूलों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रहे।

फेडरेशन अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को बंद पोर्टल को पुन- खोलने पर विचार करना चाहिए ताकि जिन स्कूलों से अनजाने में त्रुटियां हुई हैं, उन्हें संशोधन का अवसर मिल सके। उन्होंने मांग की कि स्कूल समितियों पर लगाए गए लाखों रुपए के जुर्माने को तुरंत माफ किया जाए। शर्मा ने बताया कि प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश खुराना की अध्यक्षता में हुई बैठक में जुर्माना माफ करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब तक आदेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे आदेश जारी कर स्कूल संचालकों को राहत दें।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)